RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 249
नई दिल्ली, रविवार, 16 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

मार्केटा वोंड्रोसोवा बनी विंबलडन महिला चैंपियन

स्पोर्ट्स-12

भारत-यूएई अपनी मुद्राओं में करेंगे कारोबार

पीएम नरेंद्र मोदी तथा यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हुए कई समझौते

- दोनों देशों ने भुगतान प्रणालियों को भी जोड़ने पर सहमति जताई

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/अबू धाबी

अबू धाबी में शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच वार्ता के दौरान द्विपक्षीय रिश्तों के समग्र पहलुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान दोनों देशों ने कारोबारी लेन-देन अपनी मुद्राओं में शुरू करने और भारत की एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई को यूएई के तत्काल भुगतान मंच आईपीपी से जोड़ने पर सहमति जताई।

बैठक खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच व्यापार पिछले साल मई में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता लागू होने के बाद से करीब 20 प्रतिशत बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच स्थानीय मुद्राओं में कारोबारी लेन-देन शुरू करने का समझौता दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से द्विपक्षीय कारोबार एवं निवेश को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलना हमेशा खुशी की बात है। विकास के लिए उनकी ऊर्जा और दृष्टिकोण सराहनीय है। हमने सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों सहित भारत-यूएई संबंधों से जुड़े सभी विषयों पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि उन्हें शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से हमेशा भाई का प्यार मिला। उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति से कहा, जिस तरह से हमारे देशों के बीच संबंधों का विस्तार हुआ है, उसमें आपका बहुत बड़ा योगदान है।

भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच हुए समझौते के तहत दोनों देशों की मुद्राओं रुपए और यूएई दिरहम में कारोबारी लेन-देन किए जा सकेंगे। इस समझौते पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास और यूएई सेंट्रल बैंक के गवर्नर खालेद मोहम्मद बलामा ने दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक वक्तव्य के मुताबिक, दोनों देशों के केंद्रीय बैंक रुपए और दिरहम का कारोबारी लेनदेन में इस्तेमाल बढ़ाने के लिए एक ढांचा खड़ा करेंगे। इसके साथ ही वे दोनों देशों की भुगतान प्रणालियों यूपीआई और आईपीपी को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए सहयोग करेंगे। भारत और यूएई के बीच स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने से संबंधित समझौता ज्ञापन में एक स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (एलसीएसएस) भी स्थापित करने का (शेष पेज 9)

अबू धाबी में स्थापित होगी आईआईटी दिल्ली की शाखा

- शिक्षा मंत्रालय और अबू धाबी के शिक्षा एवं ज्ञान विभाग ने समझौता पत्र पर किए हस्ताक्षर
- अबू धाबी परिसर में अगले साल जनवरी से परास्नातक व सितंबर से स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली का परिसर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी शहर में भी स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूएई दौरे के दौरान शनिवार को शिक्षा मंत्रालय और अबू धाबी के शिक्षा एवं ज्ञान विभाग (एडीईके) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह कदम आईआईटी को वैश्विक बनाने के अभियान का हिस्सा है। आईआईटी दिल्ली दूसरा आईआईटी है, जिसने देश के बाहर परिसर स्थापित करने की घोषणा की है। आईआईटी मद्रास ने पिछले हफ्ते तंजानिया के जंजीबार में अपना परिसर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आईआईटी दिल्ली का अबू धाबी परिसर स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर से भारतीय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण का एक नया अध्याय शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि नए भारत के नवोन्मेष और विशेषज्ञता का उदाहरण यूएई स्थित आईआईटी दिल्ली परिसर, भारत और यूएई की दोस्ती की इमारत होगा। यह एनईपी (नई शिक्षा नीति) में की गई परिकल्पना के अनुसार पारस्परिक समृद्धि और विश्व कल्याण, दोनों के लिए ज्ञान की शक्ति (शेष पेज 9)

अध्यादेश पर आप को कांग्रेस का साथ मिलने के आसार

- मानसून सत्र में संसद में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर हुई बैठक में कांग्रेस ने रुख साफ किया लेकिन सीधे तौर अध्यादेश का जिक्र नहीं किया
- आप ने विपक्ष की बैठक में शामिल होने के दिए संकेत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने आखिरकार दिल्ली अध्यादेश को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। पार्टी के इस कदम से बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को होने वाली विपक्ष की बैठक में आम आदमी पार्टी(आप)के भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि पार्टी ने सीधे तौर पर अध्यादेश का जिक्र नहीं किया लेकिन मोदी सरकार द्वारा लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों के संवैधानिक अधिकारों तथा जिम्मेदारियों के कथित अतिक्रमण के खिलाफ संघर्ष की प्रतिबद्धता जताई है।

शनिवार शाम सोनिया गांधी की अध्यक्षता में मानसून सत्र में संसद में पार्टी द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर हुई बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वे इस तरह के किसी प्रयास का संसद के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर विरोध करेंगे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के साथ चल रही असहमति के बीच कांग्रेस का यह फैसला आया है। केजरीवाल बेंगलुरु तथा भविष्य में होने वाले विपक्षी दलों के सम्मेलन से पहले कांग्रेस से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे। अध्यादेश मुद्दे पर यह सवाल पूछने पर कि क्या कांग्रेस इससे संबंधित विधेयक का संसद में विरोध करेगी, जयराम रमेश ने फिर दोहराते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुए राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों पर किए जा रहे हमलों का पार्टी हमेशा विरोध करेगी।

उन्होंने स्पष्ट रूप से मोदी सरकार नियुक्त लोगों की भूमिका जैसे राज्यपाल आदि का उल्लेख किया तथा जोर देकर कहा कि कांग्रेस हमेशा ऐसी कार्रवाइयों का विरोध करती रही है और करती रहेगी। रमेश ने विभिन्न संवैधानिक निकायों और एजेंसियों पर (शेष पेज 9)

मोदी उपनाम मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल

- गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात उच्च न्यायालय के सात जुलाई के आदेश को चुनौती देते हुए शनिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी उनकी याचिका सात जुलाई को खारिज कर दी थी। गांधी द्वारा एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रसन्ना एस के जरिए अपील दायर की गई।

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से 24 मार्च, 2023 को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यदि दोषसिद्धि पर रोक लग जाती, तो इससे राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो जाता।

उच्च न्यायालय ने इस मामले में दोषसिद्धि पर रोक संबंधी राहुल गांधी की याचिका खारिज करते हुए सात जुलाई को कहा था कि राजनीति में शुचिता अब समय की मांग है। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की थी, जनप्रतिनिधियों को स्वच्छ छवि का व्यक्ति होना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा था कि दोषसिद्धि पर रोक लगाना नियम नहीं, बल्कि अपवाद है, जो विरले मामलों में इस्तेमाल होता है। अदालत ने कहा था कि दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने का कोई तर्कसंगत आधार नहीं है। न्यायमूर्ति प्रच्छक ने याचिका खारिज करते हुए 125 पृष्ठ के अपने फैसले में कहा था कि गांधी पहले ही देशभर में 10 मामलों का सामना कर रहे हैं और निचली अदालत का कांग्रेस नेता को उनकी टिप्पणियों के लिए दो साल कारावास की सजा सुनाने का आदेश न्यायसंगत, उचित और वैध है।

गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में शिकायतकर्ता भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने भी उच्चतम न्यायालय में एक कैविएट दायर की है। कैविएट में अनुरोध किया गया है कि अगर राहुल गांधी मोदी उपनाम टिप्पणी मामले में उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए कोई याचिका दाखिल करते हैं, तो शिकायतकर्ता के पक्ष को भी सुना जाए। कैविएट किसी वादी के द्वारा अपीलीय अदालत में दाखिल की जाती है और उसमें निचली अदालत के फैसले अथवा आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर कोई आदेश पारित किए (शेष पेज 9)

राजग की बैठक में चिराग को न्योता

- कई अन्य नए पुराने सहयोगी दलों के नेताओं को 18 जुलाई को होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान सहित कई अन्य नए-पुराने सहयोगी दलों के नेताओं के 18 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में शामिल होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय शुक्रवार रात चिराग से मिले। यह पिछले एक हफ्ते में दोनों नेताओं के बीच हुई दूसरी मुलाकात थी।

इसके अलावा, लोजपा (आर) ने भाजपा अध्यक्ष द्वारा चिराग को लिखा गया पत्र साझा किया, जिसमें उन्हें राजग की बैठक में हिस्सा लेने का निमंत्रण दिया गया है। पत्र में नड्डा ने लोजपा (आर) को राजग का एक प्रमुख घटक करार दिया। उन्होंने पार्टी को गरीबों के विकास एवं कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार बताया। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा अध्यक्ष ने कई अन्य दलों के नेताओं को भी ऐसे पत्र लिखे हैं। इनमें वे दल भी शामिल हैं, जिन्हें भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपने साथ जोड़ने की कोशिशों में जुटी है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिंदुस्तान अवाम पार्टी (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें नड्डा ने पत्र लिख बैठक में आमंत्रित किया है।

मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन ने कहा कि वह 18 जुलाई को होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे। सुमन ने नड्डा से बैठक का निमंत्रण मिलने की बात स्वीकारी। राजग की बैठक में भाजपा के कई नए सहयोगी दलों के हिस्सा लेने की संभावना है, जिनमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का धड़ा, बिहार व उत्तर प्रदेश के (शेष पेज 9)

यमुना उतार पर, कई सड़कें खुलीं

- कश्मीरी गेट बस अड्डा अभी बंद, शहर की सीमाओं से भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के यमुना बाजार इलाके में सड़क पर नाव से जाते लोग।

चार दिन से तांडव मचा रही यमुना अब उतार की ओर है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर घटकर 207.67 मीटर रह गया और दस बजे यह 207.43 मीटर पर आ गया। हालात संभलते देख विकास मार्ग और रिंगरोड समेत कई सड़कें शनिवार को खोल दी गईं। हालांकि, आईएसबीटी कश्मीरी गेट समेत कुछ प्रमुख मार्ग और स्थल अभी भी बंद हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना नदी में जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है और अगर भारी बारिश नहीं हुई, तो हालात जल्द सामान्य हो जाएंगे। यमुना में तीन दिन तक जलस्तर लगातार बढ़ने के बाद शुक्रवार से इसमें कमी आनी शुरू हुई। शनिवार को सुबह 10 बजे तक जलस्तर कम होकर 207.43 मीटर पर पहुंचा जबकि बृहस्पतिवार रात आठ बजे यमुना का जल स्तर 208.66 मीटर था। बहरहाल, यमुना अब भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से दो मीटर ऊपर बह रही है। यातायात पुलिस ने (शेष पेज 9)

प्रधानमंत्री ने एलजी से ली बाढ़ के बारे में जानकारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विदेश से दिल्ली लौटने के तुरंत बाद उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से बात की और राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने में हुई प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों (शेष पेज 9)

30 प्रशिक्षु छात्रों को बचाया

डीएफएस के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, अग्निशमन विभाग को आईआईपीए की स्थिति के बारे में सुबह 11.20 बजे एक आपातकालीन कॉल मिली। बिना देरी किए बचाव अभियान शुरू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे और अभियान (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पांच कांवड़ यात्रियों की मौत

मेरठ। मेरठ जिले के भावनपुर थाना इलाके मे शनिवार को हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पांच कांवड़ियो की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने इसकी पुष्टि की। इस घटना से गुस्साए लोगो ने सड़क बाधित कर दी, जिसके बाद दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण तथा बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लोगों को शांत करने का प्रयास कर रहे है। मीणा ने बताया कि भावनपुर थाना क्षेत्र के राली चौहान गांव के लोग शनिवार रात करीब सवा आठ बजे एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर साउंड सिस्टम रखकर कांवड़ लेकर अपने गांव आ रहे थे, लेकिन साउंड सिस्टम गांव के बाहर एक हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 10 लोग करंट लगने से झुलस गए, जिन्हें आस-पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि घायलो में से पांच की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़ लेकर श्रद्धालु भगवान शंकर के मंदिरों में जाते हैं।

भारत ने तीन दिन में विंडीज को चटाई धूल

- अश्विन ने दूसरी पारी में सात विकेट लिए

भाषा। रोसीयू

वेस्टइंडीज से मैच जीतन के बाद साथी खिलाड़ियों को बधाई देते रविचंद्रन अश्विन

यशस्वी जायसवाल
रन- 171
गेंद- 387
चौका- 16
छक्का- 1

रोहित शर्मा
रन- 103
गेंद- 221
चौका- 10
छक्का- 2

दुनिया के शीर्ष गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने लगातार दूसरी बार पारी के पांच विकेट लिए जिसकी मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीसरे ही दिन एक पारी और 141 रन से हरा दिया। भारत ने पहली पारी शुक्रवार को पांच विकेट पर 421 रन पर घोषित करके 271 रन की बढत ली थी। पहली पारी में 150 रन बनाने वाली कैरेबियाई टीम दूसरी पारी में 50 ओवर में 130 रन पर ढेर हो गई।

पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 21. 3 ओवर में 71 रन देकर सात विकेट लिए। एक पारी में पांच या अधिक विकेट लेने का कारनामा उन्होंने 33वीं बार किया है। भारत की जीत के सूत्रधार यशस्वी जायसवाल भी रहे जिन्होंने पहले ही टेस्ट में 171 रन बनाए। विराट कोहली ने 182 गेंद में 76 रन बनाए लेकिन उनकी पारी प्रवाहपूर्ण नहीं थी और उन्हें रन बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा उन्हें दो जीवनदान भी मिले। दूसरा और आखिरी टेस्ट पोर्ट आफ स्पेन में 20 जुलाई से खेला जाएगा। भारत ने 2002 से वेस्टइंडीज में एक भी टेस्ट नहीं गंवाया है और उसकी नजरें क्लीन स्वीप करके विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अहम अंक लेने पर होंगी। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और उसके चार विकेट 32 रन पर ही गिर (शेष पेज 9)

आजम खान को एक और भड़काऊ भाषण मामले में दो साल की सजा

भाषा। रामपुर

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्थानीय सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने के एक मामले में उप्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को दोषी ठहराते हुए दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इसके पहले भी भड़काऊ भाषण देने के एक अन्य मामले में खान को सजा सुनाई जा चुकी है जिसके चलते उन्होंने अपनी विधानसभा की सदस्यता गंवा दी थी।

सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसल ने आजम खान को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई और ढाई हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा नेता आजम खान द्वारा थाना शहजादनगर के धमोरा में एक चुनावी जनसभा में कथित तौर पर भड़काऊभाषण देने को लेकर एक मामला तत्कालीन वीडियो निगरानी टीम प्रभारी अनिल कुमार चौहान ने दर्ज कराया था। इस मामले में आजम खान के खिलाफ तत्कालीन मुख्यमंत्री, रामपुर के तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए भड़काऊभाषण देने का आरोप है।

पिछले साल रामपुर की एक सांसदाविधायक अदालत ने खान को 2019 के एक अन्य नफरती भाषण मामले में दोषी ठहराया था और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। खान के खिलाफ उक्त मामला अप्रैल (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 16 जुलाई, 2023

नोएडा में बाढ़ से 67 गांवों के 7000 लोग प्रभावित

3500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, पांच हजार से ज्यादा पशु बचाये गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जनपद के 53 गांव यमुना नदी से और 14 गांव हिंडन नदी में आई बाढ़ की चपेट में हैं। तीनों तहसील में 7210 लोग प्रभावित हुए है। इसमें से 3610 व्यक्ति विस्थापित हुए हैं। वहीं शुक्रवार को 2000 पशुओं को और 700 लोगों को बचाया गया। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। अब मवेशियों को बाहर निकाला जा रहा है।

इस दौरान पानी का स्तर बढ़ता जा रहा है। शाम पांच बजे तक यमुना का स्तर 200.60 मीटर तक पहुंच गया है। जहां कल तक घुटनों तक पानी आ रहा था वह पानी अब कमर तक पहुंच गया है। अच्छी बात ये है कि पानी का बहाव कम है। देर शाम तक मवेशियों को बाहर निकालने का सिलसिला जारी है। इस दौरान कुछ मवेशी अपने पैरों पर नहीं खड़े हो पा रहे है। वहीं एक मवेशी का शव भी बाहर निकाला गया।

यमुना का ये डूब क्षेत्र करीब 5 हजार हेक्टेयर में है। ये नोएडा प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र है और यहां अवैध निर्माण न हो इसकी निगरानी का काम प्राधिकरण का है। निगरानी नहीं की गई और महज 10 सालों में यहां लग्जरी फॉर्म हाउस बन गए। इनको ध्वस्त करने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए लेकिन हर बार बुलडोजर वापस ही आया। विगत एक साल में यहां करीब 150 फार्म हाउस तोड़े गए।

इसके बाद मामला हाईकोर्ट में चला गया। प्राधिकरण की कार्यवाही पर स्टे लग गया। नतीजा ये हुआ कि यहां लोग रहने लगे। अब जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है। शनिवार बारिश के बाद से यमुना के डूब क्षेत्र में पानी का भराव शुरू हो गया था।

यहां बने फॉर्म हाउस अवैध है इसलिए किसी ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। हालांकि दो से तीन बार अनाउंसमैंट ज़ुरुर किया गया। पता होते हुए कि हथनी कुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिसे पहुंचने में 72 घंटे लगेंगे। इसके बाद भी लोगों और मवेशियों को बाहर नहीं निकाला गया। यहीं नहीं जिस दिन पानी भर गया लोगों का रेस्क्यू शुरू किया गया उस दिन ये बताया कि प्रमुख गोशाला सूखी है।

यहां कोई दिक्कत नहीं है। अब सबसे ज्यादा मवेशी वहीं फंसे है। जिनको रेस्क्यू किया जा रहा है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान पुलिस और प्राधिकरण के आला अधिकारियों ने खुद संभाल रखी है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद कुलकर्णी के नेतृत्व में डीसीपी नोएडा हरीश चन्दर, एडीसीपी नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी नोएडा प्रथम रजनीश वर्मा, एसीपी सोम्या सिंह एवं थाना प्रभारी एक्सप्रेसवे व एनडीआरए और एसडीआरएफ की टीम है। इसके अलावा प्राधिकरण की टीम लगी हुई है। इसके अलावा आसपास के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने मोर्चा संभाल रखा है।

बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाती एनडीआरएफ और नोएडा पुलिस।

बाढ़ से गाजियाबाद की 200 फैक्ट्रियां बंद

गाजियाबाद। यमुना और हिंडन नदी का पानी 3 शहरों के 192 गांव और 28 कॉलोनियों में घुस चुका है। गाजियाबाद में 200 फैक्ट्री बंद करनी पड़ी हैं, जबकि नोएडा में अलग-अलग कालोनियों में फंसे करीब 3500 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। हालात इतने बिगड़ गए कि खुद सीएम योगी को पहुंचना पड़ा। शुक्रवार को सीएम ने सहारनपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। बाढ़ राहत शिविर में लोगों का हाल जाना। अफसरों को निर्देश दिए। गाजियाबाद-बागपत जिले के बॉर्डर पर गांव अल्लीपुर के पास तीन दिन पहले टूटा यमुना नदी का तटबंध ठीक नहीं हो सका है। तटबंध जोड़ने के अब तक हुए सारे प्रयास बेकार रहे हैं। ऐसे में बाढ़ का पानी गाजियाबाद जिले के लोनी और ट्रोनिका सिटी क्षेत्र सहित करीब एक दर्जन गांवों तक पहुंच गया है। सात गांव पूरी तरह कैद हो गए हैं। बाढ़ का पानी भरने से इनका संपर्क पूरी तरह कट चुका है। चार से पांच फुट तक पानी भरने से इन गांवों के लोग छतों पर रह रहे हैं। खाने.पीने की चीजें खत्म हो चुकी हैं। लोगों में गुस्सा है कि उन्हें सरकारी राहत नहीं पहुंचाई जा रही। ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 200 से ज्यादा फैक्ट्रियों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इन फैक्ट्रियों में अनिश्चितकाल के लिए छुट्टी कर दी गई है। कर्मचारियों को घर भेज दिया गया है। ऐसे में फैक्ट्रियों से जुड़े कई हजार मजदूरों, दुकानदारों, ऑटो-रिक्शे वालों के सामने रोजी.रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है।

डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस में फंसे थे लोग

नोएडा। राहत एवं बचाव कार्य में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि कई फार्महाउस से बृहस्पतिवार और शुक्रवार को ऐसे 500 से अधिक लोगों को निकाला गया। जैसे ही पानी निचले हिस्से में घुसा, ए लोग फंस गए जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। इसके बाद इन लोगों ने अपने-अपने फार्महाउस की दूसरी मंजिल पर शरण ली थी। उनके पास जो भी भोजन-पानी था, वह अब खत्म होने लगा था। लगभग 50 वर्षीय कौशल्या ने कहा कि वह एक फार्महाउस में काम करती थी, लेकिन वह फंस गई और उन्हें तब तक कोई मदद नहीं मिली जब तक कि बचाव दल की एक टीम उसे और उसके पति को शुक्रवार शाम को सुरक्षित वापस नहीं ले आई। कौशल्या ने बताया कि मैं और मेरे पति फार्महाउस में फंस गए थे। हम दोनों अब सुरक्षिति महूस कर रहे हैं और उन लोगों के प्रति आभारी हैं जिन्होंने हमें बचाया। इनमें से कई फंसे हुए लोगों का पता बृहस्पतिवार को तब चला जब शीर्ष पुलिस अधिकारी और प्रशासन के अधिकारी बाढ़ वाले इलाकों में नाव पर सवार होकर जायजा लेने के लिए अंदर तक गए। नोएडा प्राधिकारण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने शुक्रवार को हालाज का निरीक्षण करने के दौरान ने कहा कि बाढ़ग्रस्त इलाके में ज्यादातर ढांचों का निर्माण अवैध रूप से किया गया है। हाल ही में हमने अतिक्रमणरोधी अभियान के दौरान 250 से अधिक फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया था। एक सर्वेक्षण में इस तरह के करीब 500-600 अवैध निर्माण कार्य की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है जिनके खिलाफ आगामी दिनों में कार्वाई सुनिश्चित की जाएगी। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी ने कहा कि कई फार्महाउस के मालिकों ने अपने निर्माण कार्यों के विध्वंस पर रोक लगाने के लिए अदालत का रुख किया है।

यमुना का जल स्तर घटा लेकिन मुश्किलें बरकरार

● लोनी में दो हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित, पलायन को मजबूर हुए लोग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यमुना नदी का पानी लगातार लोनी में घुस रहा है जिसकी वजह से ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। इंडस्ट्रियल एरिया को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है तो क्षेत्र में पावर कट भी कर दिया गया है।

लगातार पानी भरने के चलते लोगों ने अब अपने घरों को छोडकर सुरक्षित स्थानों की जाना शुरू कर दिया है। सबसे अधिक आफ त इंडस्ट्रियल एरिया में रहने वाले मजदूर वर्ग है जिन्हें अपना सामान लेकर दूसरी जगह जाना पड रहा है। उनके सामने रहने से लेकर खाने-पीने तक के लाले पड़ गए हैं। आलम यह है कि कटान ठीक न होने और लगातार पानी आने से अब पानी लोनी के शहरी क्षेत्रों तक पहुंचने लगा है। रामपार्क सिटी की विभिन्न कॉलोनी में पानी भरने से लोग डर के मारे सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

यहां तक की रामपार्क सिटी पुलिस चौकी में भी घुटनों तक पानी भर गया। पुलिस कर्मी भी चौकी के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित पहुंचाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। पूजा कॉलोनी में भी जनभराव से हाल बेहाल है। यहां तक की कॉलोनी के भय के कारण अपने घरों को छोडने के लिए मजबूर हैं। लोनी में नदी का पानी जहां लगातार पहुंच रहा है वहीं बारिश होने की वजह से भी संकट बढता जा रहा है। हालांकि अधिकारी दावा कर रहे हैं स्थिति को संभाला जा रहा है लेकिन हकीकत में लोनी में लोगों का भय से हाल बेहाल है। डीएम आरके सिंह ने बताया कि प्रशासन की टीमें क्षेत्र में नजर बनाए हुए हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही एडवाइजरी भी जारी की गई है। नदी में जलस्तर कम हुआ है।

लोनी के विभिन्न क्षेत्रों में पानी भरने से लोगों को अपने घरों को छोडने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों को अपने घरों व सामान की चिंता भी सता रही है। लोग अपना जरूरत का सामान लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। वहीं मजदूर वर्ग के सैंकड़ों लोग प्रशासन द्वारा बनाए गए अस्थाई स्थानों की ओर कूच कर रहे हैं। खाने.पीने व लाइट न होने से भी लोगों को काफ ी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। कल सीएम योगी आदित्यनाथ सहारनपुर से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे।

बाढ़ चौकियों पर तैनात की गई स्वास्थ्य विभाग की टीमें

चौकियों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी तैनात की गई हैं। आपातस्थिति में मेडिकल स्टाफ, पैरामेडिकल, रैपिड रिस्पांस टीम व आठ एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। प्रभावित लोगों के लिए मोबाइल टॉयलेट व पेजयल की भी व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं। एनडीआरएफकी चार टीमें व चार नाव लगाई गई हैं। बाढ से प्रभावित सिर्फ इंसानों को ही नहीं बल्कि पशुओं को भी बचाने के लिए व्यवस्था की गई हैं। चार स्थानों पर पशुओं का सरंक्षण किया गया है। जहां उनके चारे.पानी की भी उचित व्यवस्था की गई है।

मां के दाह संस्कार को लेकर भिड़े सगे भाई

नोएडा। थाना जेवर क्षेत्र से दो सगे भाईयों की शर्मनाक हरकत सामने आई है। यहां पर मां के देहांत हो जाने के बाद छोटा भाई और बड़ा भाई आपस में भिड़ गए।

वृद्ध मां की मृत्यु के बाद दाह संस्कार में शामिल होने के लिए अपने बेटों के साथ पहुंचे बड़े भाई के साथ छोटे भाई व उसके बेटों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। ग्राम सिरसा माचीपुर निवासी रूप सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि गत 13 जुलाई को उनकी 85 वर्षीय टेंटो देवी का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनके निधन की सूचना पाकर अपने पुत्र वीरेंद्र कुमार, चंद्रपाल, संजू व रामप्रकाश के साथ अपने छोटे भाई रूपचंद के घर पहुंचे। दाह संस्कार को लेकर रूपचंद व उसके लडके देवेंद्र और अमित ने उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच दाह संस्कार किए जाने को लेकर झगड़ा हुआ था। 85 वर्षीय टेंटो देवी अपने छोटे बेटे रूपचंद के साथ रह रही थी। रूपचंद व उनका परिवार ही उनकी सेवा कर रहा था।

महिला ने युवक पर फेंका खौलता पानी, झुलसा

गाजियाबाद। खोड़ा थाना क्षेत्र के आजाद विहार में लिव इन में छह साल से रह रही महिला ने युवक पर कहासुनी के बाद खौलता हुआ पानी फेंक दिया और फरार हो गई।

युवक के पिता ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में उसका इलाज चल रहा है। वह 40 प्रतिशत तक झुलस गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सीतापुर के महोली गांव के विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका बेटा रोहित गुप्ता नोएडा की एक्सपोर्ट कंपनी में काम करता है। उनकी कंपनी में एक महिला भी काम करती है। दोनों की जान-पहचान होने पर वह छह साल से आजाद विहार में लिव.इन में रहते हैं।

शिवालयों पर भक्तों की लगी लंबी कतारें

● मंदिरों में रहे सुरक्षा के इंतजाम

पीएनएस। नोएडा/ गाजियाबाद

गाजियाबाद और नोएडा.ग्रेटर नोएडा में शिवरात्रि के मौके पर शिवालय व मंदिरों में हर-हर महादेव की गूंज से गूंज उठे। यहां के विभिन्न शिव मंदिरों और धार्मिक स्थ लो पर सुबह से ही भक्त पूजा अर्चना करने के लिए लाइन लगाकर खड़े हो गए।

शिवलिंग पर पहले कांवड़ियों ने जल चढ़ाया इसके बाद भक्तों ने एक.एक कर फूल, माला, भांग, धतूरा, बेल, पान व बेर के साथ जलाभिषेक किया। नोएडा.ग्रेटर

नोएडा में सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिरए सेक्टर-14, स्थित शनी मंदिर सेक्टर 40 के शक्ति धाम मंदिर, बिसरख के प्राचीन शिव मंदिर, रबूपुरा के भाई पुर मंदिर, जारचा के प्यावली शिव मंदिर, सेक्टर 100 वोडा महादेव, सेक्टर 19 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 22 शिव शक्ति मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भक्तों की सुबह से ही लंबी लंबी भीड़ देखी गई। कांवड़ यात्रा के अंतिम दिन सैंकड़ों की संख्या में डाक कांवडिया मेरठ रोड पर दौड़ते दिखाई दिए।

भोलों की सेवा कर रहे बच्चे

गाजियाबाद। कांवड लेकर आ रहे शिवभक्तों की सेवा में विभिन्न संस्थाएं एक सप्ताह से शिविर लगा रही हैं। लेकिन इन भक्तों की सेवा का उत्साह छोटे.छोटे बच्चों में भी दिखाई दिया। मेरठ रोड पर शिव की भक्त वामिका इन कांवडियों की सेवा करती दिखाई दी। यह बच्चे पानी की बोतलें कांवडियों को वितरित कर रहे थे।

महापौर-नगर आयुक्त द्वारा कांवड़ सेवा शिविर संपन्न

गाजियाबाद। साईं उपवन में नगर निगम द्वारा आयोजित कांवड़ सेवा शिविर का आज समापन हो गया। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के कर कमलों से शिविर का समापन समारोह हुआ। यह कांवड़ सेवा शिविर नगर निगम हर वर्ष संचालित किया जाएगा।

कांवड़ सेवा शिविर का समापन भले की दोपहर को हो गया हो मगर जब तक कांवड़िए शिविर में आते जाएंगे वहां उनके खाने पीने का इंतजाम होता रहेगा। वैसे तो हर वर्ष ही यह कांवड़ सेवा शिविर आयोजित किया जाता है। महापौर और नगर आयुक्त ने विशेष रूचि लेकर इसे और भी स्मार्ट संचालित किया गया है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	पवन कुमार/परवीन यादव- LBBWD00004662969 - मकान नंबर ई-11ए, धरम कालोनी, पालम विहार एक्सटेंशन, कार्टरपुरी उर्फ दौलतपुर, नसीराबाद 63, गुरूग्राम, हरियाणा-122017	यूनिट नंबर 4003, द्वितीय तल, ब्लॉक-सी, आरएलएफ "दि पार्क", खसरा नंबर 200, 201, 202, 519/189, 191, 181, 518/193, 523/193 तथा 192, ग्राम शाहपुर, तिजारा, अलवर, राजस्थान-301411	02-06-2023 रू. 22,06,255/-	06-03-2023
2.	देवेन्द्र कुमार सक्सेना/आदर्श सक्सेना/सत्य प्रिय सक्सेना/सुमन सक्सेना - LBKOT00003397937/ LBKOT00003397944/ LBKOT00003399314_43, स्टोन एरिया, सुभाष नगर, पंचवटी, कोटा, राजस्थान-324008	प्लॉट नंबर 42, पंचशील कालोनी, सुभाष नगर, खसरा नंबर 390, थर्मल रोड और नानता रोड, ग्राम कुनहारी, तहसील लाडपुरा, कोटा, राजस्थान-324008 प्लॉट नंबर 43, पंचशील कालोनी, सुभाष नगर, खसरा नंबर 390, थर्मल रोड और नानता रोड, ग्राम कुनहारी, तहसील लाडपुरा, कोटा, राजस्थान-324008	07-06-2023 रू. 83,68,805/-	03/10/2022

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 जुलाई, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गुरूग्राम एवं दिल्ली — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

KSOLVES Emerging Ahead Always

केसॉल्व्स इंडिया लिमिटेड
(सीआईएन : एल72900डीएल2014पीएलसी269020)
पंजी. कार्यालय : 317/276, द्वितीय तल, लेन नंबर 3, मेहरौली रोड, सईदुलअजब, साकेत, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली डीएल 110030, आईएन
कार्पो. कार्यालय : पैरेक्स/वर्कस्पेसेज, बी-4, प्रथम तल, बी ब्लॉक, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301
फोन नंबर : 0120-4983851, ई-मेल : cs@ksolves.com ; वेबसाइट : www.ksolves.com

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारकित रूप
(राशि लाख रू. में)

विवरण	30-06-2023 को समाप्त तिमाही	31-03-2023 को समाप्त तिमाही	30-06-2022 को समाप्त तिमाही	30-06-2023 को समाप्त अवधि हेतु वर्षाद्यतन आंकड़े	30-06-2022 को समाप्त अवधि हेतु वर्षाद्यतन आंकड़े	31-03-2023 को समाप्त पूर्व वर्ष हेतु वर्षाद्यतन आंकड़े
	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
प्रचालनों से आय	2378.82	2274.47	1651.23	2378.82	1651.23	7,831.16
कर पूर्व लाभ	1012.73	958.36	709.01	1012.73	709.01	3293.56
कर पश्चात लाभ	758.96	733.64	529.22	758.96	529.22	2472.04
अवधि हेतु कुल समावेशी आय	757.19	725.59	521.72	757.19	521.72	2444.98
प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य : रू. 10 प्रति शेयर)	1185.60	1185.60	1185.60	1185.60	1185.60	1185.60
कुल संचेय (गैर-नियंत्रणकारी हितों सहित)	1809.94	1052.75	1003.74	1809.94	1003.74	1052.75
प्रति इक्विटी शेयर अर्जन मूल और तनुकृत	6.40	6.19	4.46	6.40	4.46	20.85

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का सारकित रूप
(राशि लाख में)

विवरण	30-06-2023 को समाप्त तिमाही	31-03-2023 को समाप्त तिमाही	30-06-2022 को समाप्त तिमाही	30-06-2023 को समाप्त अवधि हेतु वर्षाद्यतन आंकड़े	30-06-2022 को समाप्त अवधि हेतु वर्षाद्यतन आंकड़े	31-03-2023 को समाप्त पूर्व वर्ष हेतु वर्षाद्यतन आंकड़े
	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
प्रचालनों से आय	2366.14	2246.21	1611.04	2366.14	1611.04	7711.65
कर पूर्व लाभ	1007.95	933.28	736.13	1007.95	736.13	3299.31
कर पश्चात लाभ	754.95	718.26	558.24	754.95	558.24	2487.03
अवधि हेतु कुल समावेशी आय	753.18	710.21	550.74	753.18	550.74	2459.97

1. तिमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा (www.nseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.ksolves.com पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
केसॉल्व्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
रतन कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक

तिथि : 15-07-2023
स्थान : दिल्ली

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that our Pigmy agent Mr. Govind Singh, agent code PDSUSP7 has retired on 4 January 2022. All customers belong to him are advised to visit the branch within one month from this notice for balance confirmations. Any difference in balance after this period will not be entertained by the bank.

Sd/- Senior Branch Manager
CANARA BANK
A-257, Derawal Nagar,
G.T.K. Road, Azadpur, Delhi-9

PUBLIC NOTICE

Apartment No.CGF104 in DLF Capital Greens, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi was allotted in the name of Late Rajkumari Anand w/o Late Shri Girdhari Lall Anand R/o 398, Riverdale Ave; Ottawa Canada. K1S 1R9, who has expired on 04/12/2019 leaving behind a Will in favour of Mr. Sanjay Anand and accordingly the name of Mr. Sanjay Anand is being noted in DLF's record in respect of the captioned apartment. If anybody has any objection to this, he or she may approach M/s DLF Home Developers Ltd. or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

Mr. Vidhyadhar, Advocate M: 9971001797

PUBLIC NOTICE

Office space no. 306 on 3rd Floor in Silverton Towers, Golf Course Extension Road, Gurugram was allotted in the name of Late Rajkumari Anand w/o Late Shri Girdhari Lall Anand R/o 398, Riverdale Ave; Ottawa Canada. K1S 1R9, who has expired on 04/12/2019 leaving behind a Will in favour of Mr. Sanjay Anand and accordingly the name of Mr. Sanjay Anand is being noted in Gambhir Silverton Towers record in respect of the captioned unit. If anybody has any objection to this, he or she may approach M/s Gambhir Housing India Ltd. or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

Mr. Vidhyadhar, Advocate M: 9971001797

LOST AND FOUND

I, Rajendra Singh Rajput S/O Late Shri Dhyan Singh declare that possession letter of my house number G-475, Govindpuram Ghaziabad lost somewhere when I was travelling Noida to Ghaziabad. If found please inform at the above address or call: 9650105111

LOST & FOUND

I SANJAY ARORA S/O Shri ASHOK ARORA declare that i have lost the documents of my house number A-904, 9th Floor Logix Blossom County, Sector 137, Noida If found please call us at Ph: 9560573400

PUBLIC NOTICE

My Client, SMT. MEERA ARYA W/O SH. NARINDER KUMAR ARYA R/o 122 Old Gupta Colony Delhi-110009. is a registered owner of Property No.122, First Floor (without roof rights), Khasra No.218 Min, Khewat No.96 & 108, Village-Rajpur Chhaoni, Old Gupta Colony, Delhi-110009. Current owner of the property vide registered gift deed dated 10.04.2023 executed by Sh. Narinder Kumar and Sh. Manoj Kumar Arya in favour of Smt. Meera Arya via doc no. 5461 on. 10.04.2023 the previous original document notarized GPA, agreement to sell and regd will doc. no. 389, SR-Delhi all dated 31.01.1984 executed by Smt. Kamla Devi in favour of Sh. Jai Kishan has been lost and in this regard Ncr LR No. 657347/2023 has been filed. Above-mentioned property is going to be mortgage with IIFL HOME FINANCE LIMITED. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered a/d within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9716599847

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	क्र. सं.
1.	गीबी एम कुरियन/कुरियाकोस एम इट्टियावीरा/रूम नंबर 38, न्यू नर्सेज होस्टल लोक नायक हॉस्पिटल, नई दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली-110002 - LBCOC00000572116	ऋण दस्तावेज/सम्पत्ति दस्तावेज में वर्णितानुसार सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति बिल्डिंग नंबर 201 2 ए, वारापेट्टी ग्राम, पोठानिक्काड तालुक, एर्नाकुलम जिला (क्षेत्रफल परिमाप 02.83 एकड़) उत्तर : शेष सम्पत्ति, दक्षिण : इमानुअल की सम्पत्ति, पूरब : काव, पश्चिम : प्राइवेट रोड तथा थिलकन की सम्पत्ति	20-05-2023 रू. 3,32,718.00/-	01-03-2023

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 जुलाई, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

संक्षिप्त समाचार

अलग-अलग शैक्षणिक संस्थान के नाम के जाली दस्तावेज बनाने वाले 3 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार। इनके कब्जे से नकली दस्तावेज, लैपटॉप, प्रिंटर, बैंक पासबुक व अपराध में प्रयुक्त 02 कार बरामद।

नोएडा में लगी पहली बॉटल रिसाइकिल मशीन

नोएडा। नोएडा में प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल करके उनसे फैब्रिक बनाया जाएगा। इस फैब्रिक का प्रयोग टोपीए टी.शर्ट और जैकेट बनाने में किया जाएगा। इस तरह की पहली बॉटल रिसाइकिल मशीन सेक्टर.16ए फिल्म सिटी में लगाई गई है। इसे सीएसआर फंड के तहत लगाया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान अर्जित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने ऑयल इंडिया लिमिटेड एवं गाइडेड फॉर्चून समिति की ओर से इस मशीन को लगाया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के परियोजना अभियंता गौरव बंसल, ऑयल इंडिया लिमिटेड प्लानिंग जीएम श्री किशोरी, हरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

एक्सपायर बीयर बेचने वाले चार गिरफ्तार

गाजियाबाद। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने कंटेनर में 20 लाख की एक्सपायर बीयर ओखला में बेचने जा रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक साल से कंटेनर को सीमा चौकी क्षेत्र में छिपाकर खड़ा किया था। शुक्रवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान सर्विस लेन से पकड़ा। मालिक समेत तीन आरोपित अभी फरार हैं। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपित एटा का निर्मल, कर्नाटक का राजू बीए सुनील कुमार और नूंह हरियाणा का मुस्ताक हैं। इनके पास से 1180 पेटी बीयर बरामद हुई है। जो जनवरी में एक्सपायर हो गई थी। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह इसे ओखला में बेचने जा रहे थे। उनके साथ कंटेनर के आगे दो स्कूटी सवार चल रहे थे। जो पकड़े जाने पर भाग गए। पिछले एक साल से यह कंटेनर सीमा चौकी क्षेत्र में खड़ा था। मालिक समेत सात लोगों के खिलाफपुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। यह किसे बेचने जा रहे थे, कौन कौन लोग शामिल हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 16 जुलाई , 2023

बाढ़ क्षेत्रों में मंत्री तैनात, राहत कार्य तेज

मुख्यमंत्री ने राहत शिविरों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

- पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा- राहत शिविरों में सुविधाएं देने में लापरवाही बरती तो अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- सड़कें खोलने और बाढ़ प्रभावित कॉलोनियों में व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए दिए सख्त आदेश

मयूर विहार इलाके में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाने-पीने का सामान बांटा गया। कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

शनिवार को आईटीओ का नजारा। यमुना का जलस्तर कम होने के बाद भी यहां की सड़क जलमग्न रहीं।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चार दिन बाद यमुना अब उतार पर है। सरकार ने अपना पूरा जोर पीड़ितों को राहत पहुंचाने और बाढ़ शिविरों में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने पर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की बैठक की तथा शिविरों में उपयुक्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बाढ़ प्रभावित जिलों में मंत्रियों की तैनाती के निर्देश दिए।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शीघ्र ही अधिकारियों के लिए संबंधित मंत्रियों को रिपोर्ट करने, उनके साथ समन्वय एवं सहयोग करने के लिए आदेश जारी किए जाएंगे, ताकि बाढ़ राहत शिविरों में भोजन-पानी, शौचालय एवं बिजली जैसी समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण मंत्री आतिशी पूर्वोत्तर दिल्ली जिले में, गोपाल राय शाहदरा में, कैलाश गहलोत दक्षिण पूर्व दिल्ली में और इमरान हुसैन मध्य दिल्ली जिला में शिविरों में सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। भारद्वाज स्वयं पूर्वी दिल्ली के शिविरों में व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

राजस्व एवं लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि यमुना नदी का जलस्तर गिरने के मद्देनजर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पानी निकालने, सड़कों की सफाई करने और उन्हें यातायात के लिए खोलने का काम शुरू कर दिया है।

आतिशी ने कहा कि यमुना का जलस्तर कम होने के साथ ही पीडब्ल्यूडी ने पानी निकालने,सड़कों को साफ करने और उन्हें यातायात के लिए खोलने का काम शुरू कर दिया है। आईएसबीटी और भैरो मार्ग यातायात के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी यह सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है कि सड़कें और यातायात सामान्य हो जाए।

आतिशी ने शनिवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिख यह सुनिश्चित करने को कहा कि राहत शिविरों में रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों को शौचालयों तक पहुंच हासिल हो और उन्हें बिजली-पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। आतिशी ने मुख्य सचिव से इन समस्याओं को फौरन हल करने को कहा।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, यमुना का जल स्तर शनिवार सुबह सात बजे घटकर 207.62 मीटर पर आ गया। बृहस्पतिवार रात आठ बजे यह 208.66 मीटर पर था। बहरहाल, यमुना अब भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से दो मीटर ऊपर बह रही है। कुमार को लिखे पत्र में आतिशी ने कहा कि राहत शिविरों में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर कल (शुक्रवार) से शिकायतें आ रही हैं, जिनमें पानी और शौचालयों की कमी, बिजली न होना, खाने की खराब गुणवत्ता शामिल है।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों को बाढ़ की वजह से उनके घरों से हटाया गया है, वे हमारी जिम्मेदारी हैं और उन्हें हर संभव सुविधा मुहैया कराए जाने की जरूरत है।

उन्होंने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को कठिनाई होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इससे पहले शुक्रवार देर रात यमुना नदी के तेज बहाव के कारण इंद्रप्रस्थ के पास क्षतिग्रस्त हुए जल रेगुलेटर की मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया और दिल्ली यातायात पुलिस ने शांतिवन से गीता कॉलोनी तक रिंग रोड के दोनों ओर कार, ऑटो-रिक्शा और अन्य हल्के वाहनों की आवाजाही की अनुमति दे दी है।

जलमग्न इलाकों में सेल्फी न लें, तैरने से बचें : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि बाढ़ का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है और लोगों को जलमग्न इलाकों में न तो तैरने का प्रयास करना चाहिए तथा न ही सेल्फी लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री की यह अपील ऐसे वक्त में आई है जब एक दिन पहले ही उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुकुंदपुर चौक इलाके में बाढ़ के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि कई जगहों से ऐसी खबरें हैं कि कुछ लोग जलमग्न इलाकों में खेलने जा रहे हैं, सेल्फी ले रहे हैं या वीडियो रिकॉर्ड कर रहे हैं। कृपया ऐसा न करें, यह जानलेवा हो सकता है। बाढ़ का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। पानी का बहाव काफी तेज है, और जलस्तर किसी भी वक्त बढ़ सकता है। उन्होंने दिल्ली के शांतिवन इलाके में बाढ़ के पानी में खेल रहे बच्चों का वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि मैं सबसे अपील करता हूं कि ऐसा न करें।

पूरा शहर बाढ़-जाम से त्रस्त, राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में उलझते रहे

भाजपा की साजिश से डूबी दिल्ली : आप

नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र और हरियाणा की सरकारों ने जानबूझकर राष्ट्रीय राजधानी की ओर पानी छोड़ा, जिसकी वजह से शहर में बाढ़ आई।

भारद्वाज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 3-4 दिन में दिल्ली में भारी बारिश नहीं हुई, फिर भी यमुना में जल स्तर 208.66 मीटर तक पहुंच गया। भारद्वाज और पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि हथिनीकुंड बैराज से तीन नहरों- पश्चिमी नहर, पूर्वी नहर और यमुना में पानी छोड़ा जाता है। एक षड्यंत्र के तहत 9 से 13 जुलाई के बीच यमुना नहर से केवल दिल्ली की ओर पानी छोड़ा गया। पश्चिमी और पूर्वी नहर में पानी नहीं छोड़ा गया।

सौरभ भारद्वाज

इसी तरह के आरोप उन्होंने और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लगाए थे। दिल्ली सरकार रेगुलेटर टूटने को लेकर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से भिड़ गई थी, जिसके कारण कथित तौर पर विकास मार्ग पर पानी भर गया था। आप द्वारा शनिवार को लगाए गए ताजा आरोप पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

सरकार की निष्क्रियता से आई बाढ़ : भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में बाढ़ के लिए यहां की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार जिम्मेदार है। पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्थिति से निपटने में असफल रहने के लिए जनता से माफी मांगे।

यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया और पार्टी सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि दिल्ली में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई क्योंकि केजरीवाल सरकार ने गत आठ साल में यमुना से गाद निकालने के लिए काम नहीं किया। भाटिया ने कहा कि आप और केजरीवाल अपने भ्रष्टाचार एवं निष्क्रियता से बचने के लिए बहाना बना रहे हैं। जिस तरह से उन्होंने कोविड-19 और प्रदूषण के दौरान केंद्र और अन्य राज्यों को जिम्मेदार ठहराया था उसी तरह अब वह दिल्ली में आई बाढ़ के लिए हरियाणा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसियां लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जबकि आप नेता और केजरीवाल बाढ़ के लिए साजिश का आरोप लगा रहे हैं।

प्रवेश साहिब वर्मा

संक्षिप्त समाचार

बाढ़ क्षेत्रों में लोगों की मदद करते एबीवीपी के छात्र।

बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आई एबीवीपी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली के कार्यकर्ता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राशन वितरित कर, दैनिक सामग्री उपलब्ध कराकर पीड़ितों की सहायता की। प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि दिल्ली अभी बाढ़ की समस्या से जूझ रही है, ऐसे में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर तत्कालीन आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहें है। दिल्ली में लगातार यमुना और साहिबी नदी के प्रदूषण नियंत्रण एवं नदी के रखरखाव की अनदेखी कर दिल्ली में नदियों की हालत दयनीय हो गई है। वर्तमान में दिल्ली में बाढ़ की स्थिति भी इसी अनदेखी के कारण ही है।

मोहम्मद कासमी पर होगी स्मारिका प्रकाशित

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस प्रबंधक कमेटी की एक बैठक जलालुद्दीन असलम की अध्यक्षता में दरियागंज में संपन्न हुई। इस बैठक में 9 नवंबर को आयोजित होने वाले विश्व उर्दू दिवस समारोह के मौके पर प्रकाशित होने वाली स्मारिका के बारे में चर्चा की गई। बैठक में तय पाया गया कि इस बार की स्मारिका दारुल उलूम अल इस्लामिया जिला बस्ती उत्तर प्रदेश के संस्थापक और प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान मौलाना मोहम्मद बाकिर हुसैन कासमी के जीवन और उनके जरिए किए गए प्रयासों पर प्रकाशित की जाएगी। स्मारका को तैयार करने के लिए संपादकीय बोर्ड का गठन किया गया है जिसमें सुहेल अंजुम, जावेद अख्तर, मोहम्मद आरिफ इकबाल, डॉ सैयद अहमद खान, डॉ फखरे आलम के नामों को शामिल किया गया है।

जैन आचार्य की हत्या के विरोध में रैली

नई दिल्ली। दिल्ली सहित सभी राज्यों में अल्पसंख्यक आयोगों में जैन सदस्य की नियुक्ति और जैन धर्म, तीर्थों के संरक्षण के लिए जैन कल्याण बोर्ड गठन की मांग की। विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि जैन आचार्य कामकुमार नंदी मुनिराज की निर्मम हत्या के विरोध में जैन समाज की रैली की। संगठन के उपाध्यक्ष यश जैन ने बताया कि पुलिस की निगरानी में त्वरित कार्रवाई कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चले। साथ ही संगठन की महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका रुचि जैन ने बताया कि विरोध रैली व सभा में दिल्ली-एनसीआर से सभी मंदिर प्रबंधक समितियों ने समस्त समाज विशेष रूप से महिलाओं ने भी सहयोग दिया।

सीयूईटी परिणाम घोषित, दाखिले का इंतजार खत्म

- आईपी व डीयू समेत राजधानी के सभी विश्वविद्यालयों में प्रवेश का रास्ता खुला
- सीयूईटी यूजी में 22,000 से अधिक उम्मीदवारों ने 100 परसेंटाइल हासिल किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के नतीजे घोषित कर दिए हैं।

डीयू और आईपी समेत राजधानी के अन्य विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया अब तेजी से आगे बढ़ेगी। सीयूईटी रिजल्ट आने से शहर के हजारों छात्रों ने भी राहत की सांस ली है। पिछले साल सीयूईटी का रिजल्ट बहुत देर से घोषित हुआ था और इस कारण विश्वविद्यालयों में शैक्षिक सत्र भी लेट हो गया था। सीयूईटी यूजी में 22,000 से अधिक उम्मीदवारों ने 100 परसेंटाइल हासिल किए हैं। छात्रों ने सबसे ज्यादा अंक अंग्रेजी में हासिल किए हैं, उसके बाद जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र के छात्र हैं। प्रवेश परीक्षा के दूसरे संस्करण के लिए 11.11 लाख से अधिक उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। परीक्षा में 5,685 उम्मीदवारों ने अंग्रेजी में 100 परसेंटाइल प्राप्त किए, 4,850 उम्मीदवारों ने जीवविज्ञानाजैव प्रौद्योगिकीजैव रसायन विज्ञान में शीर्ष स्कोर प्राप्त किया, इसके बाद 2,836 उम्मीदवारों ने अर्थशास्त्र में उच्च स्कोर प्राप्त किए। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार के प्रदर्शन का मूल्यांकन समान-परसेंटाइल विधि का इस्तेमाल करके किया गया है, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार के सामान्यीकृत अंकों की गणना एक ही विषय के लिए कई दिन के सत्र में छात्रों के प्रत्यक समूह के परसेंटाइल का इस्तेमाल करके की गई है।

उन्होंने कहा कि एनटीए की भूमिका उम्मीदवारों के पंजीकरण, परीक्षा का संचालन, उत्तर कुंजी प्रस्तुत करने, चुनौतियों को आमंत्रित करने, उत्तर कुंजी को अंतिम रूप देने, परिणाम तैयार करने और घोषित करने तथा स्कोरकार्ड की मेजबानी तक ही सीमित है। पाराशर ने बताया कि भागीदारी वाले विश्वविद्यालयों और संस्थाओं द्वारा एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी। विश्वविद्यालय एनटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए सीयूईटी (यूजी) - 2023 के स्कोरकार्ड के आधार पर अपनी काउंसलिंग के बारे में निर्णय लेंगे। आवेदकों की संख्या के हिसाब से सीयूईटी-यूजी देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। इसके पहले संस्करण में 12.5 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था और 9.9 लाख ने अपने आवेदन जमा किए थे।

फर्जी जीएसटी रिटर्न फाइल करने को लेकर दो गिरफ्तार

- दो फर्जी कंपनियों से जुड़े ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर जैसे ब्योरे को भी खंगाला गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फर्जी जीएसटी रिटर्न फाइल कर सरकार को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने को लेकर यहां दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन दोनों की पहचान नागलोई निवासी बलराम कुमार झा (28) और बुद्ध विहार निवासी अनुज कुमार (23) के रूप में की गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जीएसटी के वास्ते आवेदन देने के लिए उसके पैन नंबर का दुरुपयोग किया। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने कहा कि वह एक वकील है और उसने कभी किसी जीएसटी के लिए आवेदन नहीं किया।

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान पता चला कि दो फर्जी जीएसटी कंपनियां बनाने में शिकायतकर्ता के स्थाई खाता संख्या (पैन) का उपयोग किया गया। पुलिस का कहना है कि इन दो फर्जी कंपनियों से जुड़े ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर जैसे ब्योरे को भी खंगाला गया है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस तरह के धंधे में शामिल लोगों के ठिकाने की पहचान की और रोहिणी सेक्टर 11 में छापा मारा जहां जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल करने के मकसद से फर्जी बिल बनाने के रैकेट का भंडाफोड़ हुआ। सिंह ने बताया कि झा और कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा उनके साथ पांच स्मार्टफोन एवं एक लैपटॉप जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर वे फर्जी दस्तावेज तैयार कर जीएसटी धोखाधड़ी कर रहे थे। आरोपियों ने पूछताछ में वे नागरिकों के पैन कार्ड पर फर्जी जीएसटी जारी करवा ले रहे थे।

फर्जी दस्तावेजों से जालसाजी, वास्तुकार को दो साल कैद

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने एक इमारत के लिए जल संचयन प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मृत व्यक्ति के अंगूठे के निशान का उपयोग करने और उपमंडल मजिस्ट्रेट (मुख्यालय) के जाली हस्ताक्षर करने के आरोप में एक वास्तुकार और उसके सहयोगी को जेल की सजा सुनाई है। इमारत का नक्शा जालसाजी के इस कृत्य से पहले ही 2010 में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा मंजूर किया गया था।

विशेष न्यायाधीश संजीव कुमार मल्होत्रा ने वास्तुकार चरण सिंह सोलंकी और उनके सहयोगी प्रमोद गर्ग को दो साल जेल की सजा सुनाई और उन्हें प्रोबेशन पर रिहा करने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश ने 12 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि एक वास्तुकार (आर्किटेक्ट) होने के नाते हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान को प्रमाणित करने तथा कानून के अनुसार प्रमाणपत्र जारी करने की उनकी बड़ी जिम्मेदारी थी। अभियोजन पक्ष ने नरमी बरतने की दलील का विरोध करते हुए कहा था कि इस तरह की जालसाजी समाज के अंत:करण को प्रभावित करती है।

सर्वप्रिय विहार में व्यक्ति की ईंट मारकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सर्वप्रिय विहार में शुक्रवार देर रात नशे की हालत में लड़ाई के दौरान 55 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर ईंट मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, एक व्यक्ति ने देर रात करीब ढाई बजे फोन कर हौजखास के समीप सर्वप्रिय विहार इलाके में लड़ाई होने की सूचना दी थी। अधिकारी ने कहा कि जब पुलिस, कालोनी के द्वार संख्या-तीन पर पहुंची तो फोन करने वाले व्यक्ति रवि अहूजा ने बताया कि दो लोग आपस में लड़ रहे थे तभी एक ने दूसरे व्यक्ति के सिर में ईंट मार दी। पुलिस के मुताबिक, घायल व्यक्ति को तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था।

पुलिस के मुताबिक, ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया था। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लोकी मंडल के रूप में हुई है, जो कि बेगमपुर का रहने वाला था।

डिजिटलीकरण के लिए मुकदमों की सूची बनाएं जिला जज : हाई कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को उन जिला अदालतों के मामलों की प्रकृति या रिकॉर्ड की एक सूची बनाने का निर्देश दिया है जिन्हें डिजिटलीकरण के लिए प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पुराने रिकॉर्ड को हटाने से पहले हर छोटे या सामान्य मामले का डिजिटलीकरण करना अनिवार्य नहीं है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने एक आदेश में कहा कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अन्य सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा रिकॉर्ड रूम प्रभारी अधिकारियों के परामर्श से उन मामलों की श्रेणी निर्धारित करेंगे जिनमें डिजिटलीकरण की आवश्यकता है और छोटे मामले जिन्हें डिजिटलीकरण की आवश्यकता नहीं है। यह आदेश अदालत की रजिस्ट्री द्वारा जनवरी 2017 के आदेश में कुछ स्पष्टीकरण मांगने के लिए दायर एक अर्जी पर आया। जनवरी 2017 के आदेश में उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि नियमों के तहत निचली अदालत के रिकॉर्ड को नष्ट करने से पहले, संबंधित अपीली अदालत से सभी जानकारी मांगी जानी चाहिए कि क्या निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले पर अपील की गई है।

डॉ. जगमोहन शर्मा की पुस्तकों का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय साहित्य अकादेमी के सभागार में प्रख्यात दोहाकार डॉ. जगमोहन शर्मा की पुस्तकों 'श्रीमद्भगवद्गीता-दोहा रूपांतरण और महाकवि कालिदास के 'मेघदूत' पर आधारित 'यक्षप्रिया की पाती' का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रभात प्रकाशन और हंसराज कॉलेज लिटरेरी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसराज कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. रमा ने की जबकि विशिष्ट वक्ता के रूप में दोहापुरुष कहे जाने वाले नरेश शांडिल्य और वरिष्ठ दोहाकार सोमदत्त शर्मा ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर प्रभांषु ओझा ने किया। इस दौरान सुधी पाठकों को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के सान्निध्य का लाभ भी प्राप्त हुआ।

डॉ. जगमोहन शर्मा ने कहा कि भारतीय मेधा जटिलता को स्वीकार नहीं करती। यहां गूढ़ से गूढ़ बातों को सरल, संक्षिप्त भाषा में कहने और समझाने की परंपरा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं हंसराज कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. रमा ने कहा गीता सबके लिए संजीवनी है। इसमें जीवन प्रबंधन के सारे मंत्र हैं। नरेश शांडिल्य ने कहा, यक्षप्रिया की पाती प्रेम और विरह का अद्भुत ग्रंथ है। विशिष्ट वक्ता सोमदत्त शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के विशुद्ध ज्ञान को दोहे में उतार देना असाधारण साहस का काम है।

विदेशियों को सहायता के नाम पर ठगी के कॉल सेंटर का भंडाफोड़

कॉल सेंटर के मालिक/संचालक सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विदेशी मूल के लोगों को तकनीकी सहायता देने के नाम से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। साईबर पूर्व थाना की टीम ने सेक्टर-27 के मकान नंबर-291 में इस अवैध, फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया। पुलिस ने कॉल सेंटर के संचालक समेत 4 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है।

गुप्त सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त साईबर क्राइम विपिन अहलावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कॉल सेंटर पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान पता चला कि यह कॉल सेंटर पूरी तरह से अवैध, फर्जी तरीके से चलाया जा रहा है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि इस कॉल सेंटर से विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर धोखाधड़ी करके ठगी की जाती है। मौके से कॉल सेंष्टर संचालक अजय उर्फ मोहित के अलावा सौरव कुमार, कृष्णा पाठक व रवि त्यागी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी अजय उर्फ मोहित कॉल सेंटर का संचालक है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर इस कॉल सेंटर को चलाता है। उसने सभी को कस्टमर सर्विस के लिए सेलरी/कमीशन पर रखा हुआ है। कॉल सेंटर के संचालक ने पुलिस पूछताछ में यह भी बताया कि वह जनवरी-2023 से अपने साथियों के साथ मिलकर यह ठगी का काम कर रहा है।

कॉल सेंटर के मालिक ने बताया कि वे एप्लिकेशन के माध्यम से ग्राहक के सिस्टम का रिमोट एक्सेस प्राप्त कर लेते हैं और उन्हें वास्तविक बात ना बताकर उनसे अन्य समस्याओं के बारे में बात करते हैं। उन्हें उनकी निजी जानकारी का रिस्क, हैकर द्वारा अकाउंट हैक करना, डिवाइस असुरक्षित, फाइनेंसियल इनफॉर्मेशन लीक व चाईल्ड पोर्नोग्राफी इत्यादि के बारे में बताते हैं। फिर उस समस्या को दूर करने के नाम पर कॉलर से छोटी अमाउंट 100-500 डॉलर की ठगी को गिफ्ट कार्ड के माध्यम से व बड़ी अमाउंट 5000-10000 डॉलर को ऑनलाइन वायर व बीटीसी के क्यू आर कोड के माध्यम से ठगी करते थे।

गैंगस्टर पति का भय दिखाकर वसूली करने वाली पत्नी गिरफ्तार

गैंगस्टर अमित डागर की पत्नी ट्विंकल करती थी वसूली

पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई गैंगस्टर अमित डागर की पत्नी ट्विंकल

गुरुग्राम। अपने गैंगस्टर पति का भय दिखाकर जबरन वसूली करने वाली उसकी पत्नी ट्विंकल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह खांडसा मंडी में रेहड़ी, दुकानदारों से वसूली करती थी। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने शनिवार को बताया कि शिवाजी नगर थाना में उस पर केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर पुलिस थाना में सूचना मिली कि जेल में बंद गैंगस्टर कौशल तथा अमित डागर के नाम पर 5-6 लोगों द्वारा गैंगस्टर का भय दिखाकर खांडसा मंडी में रेहड़ी/दुकानदारों से 3-04 हजार रुपये अवैध वसूली करने, पॉलिथीन ऊंचे दामों पर बेचने तथा किसी को पॉलीथिन नहीं बेचने दी जा रही है। इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा सुबूत एकत्रित करने तथा अवैध वसूली किए जाने की पुष्टि होने के बाद शिवाजी नगर थाना में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने इस मामले में अवैध वसूली करने की मुख्य सुत्रधार गैंगस्टर अमित डागर की पत्नी ट्विंकल को भोंडसी से गिरफ्तार किया। ट्विंकल ने पूछताछ में बताया कि उसने खांडसा मंडी में आढत का लाइसेंस लिया हुआ है। इसी की आड़ में अवैध वसूली करने वाली कमाई को वह अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर करती है। इससे पहले अवैध वसूली के इस मामले में एनआईए ने अन्य आरोपी पकड़ा था।

तंजानिया अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में रही हरियाणा की धूम



गुरुग्राम। तंजानिया की राजधानी दार-एस सलाम में आयोजित 47वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला संपन्न हो गया। भारत के किसी भी राज्य की तरफसे पहली बार हरियाणा सरकार की ओर से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने इस मेले में भाग लिया। छह जुलाई से 12 जुलाई तक मेले में हरियाणा की धूम रही। तंजानिया से लौटने के बाद हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बक्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि 60 से अधिक सदस्यों का यह प्रतिनिधि मंडल तंजानिया अंतरराष्ट्रीय मेले में एक ऐतिहासिक पहल थी। जो हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शिता का प्रतीक है। हरियाणा पूरे देश में विदेश सहयोग विभाग स्थापित करने वाला पहला राज्य है और इस विभाग की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल को व्यापार बढ़ाने के लिए तंजानिया भेजना मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय है। जिसके आने वाले समय में दूरगामी परिणाम प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। बक्शी ने बताया कि इस प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई से अच्छे मुनाफे की भी गारंटी है।

बेटी से शर्मनाक हरकत करने वाले पिता को दबोचा

सोहना। भोंडसी थाना पुलिस ने बाप-बेटी के रिश्ते को तार-तार कर देने वाले कलयुगी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिता पर अपनी ही पांच वर्षीय बेटी के प्राइवेट पार्ट के साथ शराब के नशा में छेड़छाड़ का आरोप है। पीड़िता बच्ची की मां ने अपने पति के खिलाफ भोंडसी थाना पुलिस को शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराया।

भोंडसी थाना क्षेत्र में एक कलयुगी पिता ने शराब के नशा में बाप-बेटी के रिश्ते को शराब के नशा में उस हद को पार कर दिया। जिसकी कोई कभी कल्पणा भी नहीं कर सकता। एक पिता ने अपनी पांच वर्षीय बेटी के प्राइवेट पार्ट के साथ अपने साथ लिटाकर छेड़छाड़ की। पिता की इन हरकतों को उसकी पत्नी व बच्ची की मांग ने देख लिया। उस समय पीड़िता बच्ची की मां कलयुगी पिता के लिए रसोई में रात दस बजे खाना बना रही थी। जैसे ही पीडिता की मां की नजरें शराब की पति की तरफ गई। वह देखकर हैरान हो गई और उसने पास में रखा अपने मोबाइल फोन से तुरन्त सबूत जुटाते हुए वीडियो बना ली। उसके बाद जब पत्नी ने पति को अपने की खून के साथ गलत हरकते करने से रोका तो आरोपी ने उसे जान से खत्म कर देने की धमकी दे दी। अपने कलेजे के टुकड़ा के साथ घोर अन्य होता देख महिला ने अपनी भाई और भाभी को वीडियों भेजकर शराब पिता की पाप में डूबा देने वाली हरकतों का वीडियो भेज दिया।

महिला का मोबाइल गिरा पानी में : पुलिस को शिकायत देने वाली बच्ची की मां व शराब पति की पत्नी ने बताया कि उसने मोबाइल से वीडियो बनाई थी, वह पानी में गिर गया।

विधायक सुधीर सिंगला ने भीमगढ़ खेड़ी में किया सीवर लाइन व सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

रेलवे स्टेशन के पास स्थित भीमगढ़ खेड़ी इलाके में शनिवार को विधायक सुधीर सिंगला ने सीवर लाइन की सफाई और सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्रामवासियों को महा शिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में हम सबका सहयोग जरूरी है। सरकार अपने स्तर पर बहुत काम करती है। कुछ कार्य और जिम्मेदारियां हमें भी उठानी चाहिए। सीवरेज और नाले ब्लॉक ना हों, इसके लिए हमारे प्रयास सार्थक होने चाहिए। देखने में आता है कि लोग घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा नालों, नालियों में डाल देते हैं। इससे वे ब्लॉक हो जाते हैं। कुछ समय बाद गंदा पानी सड़कों, गलियों में बहता है। बरसात के समय हालत और भी खराब हो जाती है। गुरुग्राम के कई इलाकों में ऐसा देखा जा सकता है। हाइवे के किनारे रहने वाले लोग अपने घरों का कूड़ा सीधे नाले में डालते हैं। बरसात में ओवरफ्लो होकर गंदगी सड़क पर आ जाती है। पानी तो निकल जाता है लेकिन गंदगी पड़ी रह जाती है। विधायक सुधीर सिंगला ने लोगों से आग्रह किया है कि ऐसा नहीं करना चाहिए। कूड़ा-गंदगी उठाने के लिए एजेंसी काम कर रही है। गंदगी को डोर-टू-डोर उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़कें टूटी हों, इसकी शिकायत संबंधित विभाग में की जा सकती है।

सीवर लाइन व सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

संक्षिप्त समाचार

मजदूरों को वितरित किए गए भोजन के पैकेट

गुरुग्राम। कड़ी मेहनत कर आमजन के जीवन के लिए आशियाना बनाने व जीवन की रक्षा करने में मजदूर वर्ग का अहम योगदान होता है। सरकार को ऐसे लोगों के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है। यह बात मनोनीत पार्षद मनोज जैन ने श्रमिकों को भोजन के पैकेट वितरित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इन मजदूरों की कड़ी मेहनत के बल पर ही शहर में बड़े-बड़े आशियाने खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि रेत-मिट्टी के हजारों बोरे जमुना के किनारे ऊंचाई बनाकर पानी को रोकने का काम किया जा रहा है। लेकिन दुख की बात यह है कि सरकार द्वारा इनके लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य जनसेवा करना है। जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जरुरतमंद लोगों की सेवा के लिए संकल्पबद्ध हैं।

भोंडसी पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत पकड़ा

सोहना। भोंडसी थाना पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। जिसके पास से तलाशी के दौरान एक अवैध हथियार बरामद किया। उक्त गिरफ्तार किया गया बदमाश की पहचान जिला झज्जर निवासी रोहित यादव के रुप में हुई है। रोहित यादव से बरामद किया अवैध हथियार में कोई जिन्दा रौंद नहीं है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आरोपी को थाना क्षेत्र महेन्द्रवाड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने अवैध शराब चला रहे युवक को पकड़ा

सोहना। निमौठ चौकी पुलिस ने वेस्टन वाटिका के निकट टोलनी निवासी राजू को अवैध शराब समेत गिरफ्तार किया है। निमौठ चौकी में तैनात एसआई सत्यावान ने राजू के पास प्लास्टिक के कट्टा की तलाशी ली गई। प्लास्टिक कट्टा में तलाशी के दौरान 71 देशी शराब के पव्वा मिले।

पुलिस ने सरेआम सट्टा खाई करने वाले को दबोचा

सोहना। भोंडसी थाना पुलिस ने स्थानीय बस स्टैंड पर सरेआम सट्टा खाई करने वाले को दबोचा। जिसके पास से सट्टा पर लगाई गई नकदी व कागज और पेन बरामद किए। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी ओमप्रकाश भोंडसी के बस स्टैंड पर बैठकर आम नागरिकों को सट्टा खेलने के लिए इशारे कर रहा था। कुछ लोग उसके पास सट्टा का नंबर आकर लिखवा रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच ओमप्रकाश को दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान 1620 रुपये नकदी बरामद की। यह नकदी ओमप्रकाश से आम नागरिकों द्वारा लगाई गई थी। जिसके खिलाफमामला दर्ज करने के बाद कच्ची जमानत पर छोड़ दिया।

भारतीय कागज उद्योग में पानी के प्रयोग में आई उल्लेखनीय कमी: आईपीएमए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में कागज उद्योग, विशेष तौर पर संगठित कागज मिलों में विगत वर्षों में पानी का प्रयोग उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है। पहले एक टन कागज के उत्पादन में औसतन 200 घनमीटर पानी का प्रयोग होता था। वर्तमान समय में इंटीग्रेटेड मिलों में प्रति टन कागज उत्पादन के लिए पानी का प्रयोग करीब 40 घनमीटर रह गया है। इसे और भी कम करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) के प्रेसिडेंट श्री पवन अग्रवाल ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में देश की कई पेपर मिलों में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के लिए वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है। श्री अग्रवाल आईपीएमए के सहयोग से सीआईआई-त्रिवेणी वाटर इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित आठवें सीआईआई नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पल्प एंड पेपर को संबोधित कर रहे थे। श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले डेढ़ दशक में भारतीय कागज उद्योग में आमूलचूल बदलाव हुआ है। कच्चे माल के लिए मजबूत एवं नवीकरणीय स्रोत तैयार करने से लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक का इनोवेटिव एवं इको फ्रेंडली विकल्प देने और उत्पादन प्रक्रिया में पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव छोड़ने वाली टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल तक कागज उद्योग ने लंबी दूरी तय की है। कागज उद्योग के लिए लकड़ी महत्वपूर्ण कच्चा माल है। लकड़ी की खरीद के लिए उद्योग ने विगत वर्षों में 5 लाख से ज्यादा सीमांत किसानों के साथ मिलकर काम किया है और 12 लाख हेक्टेयर बंजर एवं खाली पड़ी भूमि को हरित बनाने में योगदान दिया है। पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रिया की बात करें तो आज की तारीख में कागज उद्योग वुड-पॉजिटिव है। इसका अर्थ है कि पल्प बनाने में जितनी लकड़ी का प्रयोग होता है, उससे ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं।

पानी के कम प्रयोग के साथ ही यह उद्योग ऊर्जा के प्रयोग को कम करने की दिशा में भी प्रयासरत है। सरकार की पैट (परफॉर्म अचीव ट्रेड) स्कीम के तहत कागज उद्योग इस समय सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले सेक्टर्स में शुमार है और लक्ष्य से कहीं अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत की इंटीग्रेटेड कागज मिलें अपनी जरूरत की 40 प्रतिशत ऊर्जा पल्पिंग प्रक्रिया में बनने वाले बायोमास से प्राप्त कर रही हैं।

लायंस क्लब ने सचिन भारद्वाज की स्मृति में शहर में लगाए चार वाटर कूलर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

लायंस क्लब सोहना ने शहर के चार सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए। यें वाटर कूलर क्लब के वरिष्ठ एवं पूर्व प्रधान रहे स्वर्गीय लायंन सचिन भारद्वाज की समृद्वि में लगाएं जा रहे है। क्लब द्वारा सचिन भारद्वाज की समृद्वि में शहर के करीब 25 सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाने लक्ष्य बनाया है।

शनिवार को शहर के राजीव गांधी पार्क, चौधरी देवीलाल खेल स्टेडियम, डाकघर और दमदमा मार्ग पर स्थित स्वर्गआश्रम में लगाएं गए। जिनका उद्घाटन सचिन भारद्वाज के छोटे भाई पंकज भारद्वाज ने किया। उन्हे क्लब ने इस अभियान का प्रोजैक्ट अधिकारी बनाया है। उद्घाटन अवसर पर पंकज भारद्वाज ने बताया कि सचिन भारद्वाज लायंस क्लब में रहकर हमेशा जनसेवाओं में अपना योगदान अग्रीम पंक्ति में लगकर करता था।

शहर में उनकी समृद्वि में 25 सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाने की योजना बनाई है। इस योजना की शुरुआत पहली बार 4 वाटर कूलर एक साथ लगाकर की गई है। बहुत ही जल्द 5 वाटर कूलर लगाएं जाएंगे। जिनका स्थान भी निरधारित कर लिए गए है। भारद्वाज ने कहा कि लायंस क्लब सामाजिक कार्यों में हमेशा ही मार्गदर्शक रहा है। जिससे अन्य सामाजिक संगठन और कार्यकर्ता प्रेरित होकर जनसेवा करने में आगे आते है। क्लब के पीआरओ राकेश संदूजा ने बताया कि सचिन भारद्वाज की जनसेवा को हमेशा आगे रखकर कार्य किए जाएंगे। क्लब ने उनकी जनसेवा से काफी प्रेरित था। जिन्होने हर क्लब सदस्य के दिल दीमाग में जनसेवा की भावना बनाई है। इस अवसर पर क्लब नवनियुक्त प्रधान विजय अरोड़ा, निवर्तमान प्रधान लायन अवतार सिंह, त्रिलोक चंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

सोहना लायंस क्लब द्वारा शनिवार को शहर के राजीव गांधी पार्क में लगाया वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए पंकज भारद्वाज।

प्रधानमंत्री, गृहमंत्री को नहीं है देश की चिंता : कैप्टन

पत्रकारों से बात करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व सिंचाई मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा भारी बरसात के चलते 200 लोगों की जान जा चुकी है। हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली इत्यादि प्रदेशों में हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक शब्द तक नहीं बोला है। प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं तो गृह मंत्री जी-20 में व्यस्त हैं। इससे जाहिर है प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को देश की कोई परवाह नहीं है। वे शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे।

कैप्टन अजय यादव ने कहा कि पहले तो हमें लोगों को इस हालात से निकालने की कोशिश करनी चाहिए। यह काम युद्ध स्तर पर होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में बीते एक सप्ताह से बारिश हो रही है तो पानी को तो आना ही था। सीएम अरविंद केजरीवाल कहां सो रहे थे? भाजपा की केंद्र सरकार चाहती क्या है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि इन हालातों के लिए हरियाणा सरकार, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार जिम्मेदार हैं। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा यमुना नदी पर तीन बांध बनने थे, जिसमें मात्र रेणुका बांध पर काम चल रहा है, जबकि लखवर व्यासी और किशाउ बांध पर काम भी शुरू नहीं हुआ है। केंद्र सरकार की नाकामयाबी है कि बांध न बनने की वजह से आज देश की जनता परेशान हो रही है। यमुना नदी पर एक भी बांध नहीं होने की वजह से बरसात के मौसम में बाढ़ आ जाती है। जब बरसात नहीं होती है तो पानी की कमी पड़ जाती है।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा हमारी कांग्रेस कि सरकार में हम ईस्टर्न यमुना कनाल और वेस्टर्न यमुना कैनाल में पानी छोड़ते थे। इसके अलावा हमने दादूपूर नलवी भी नहर बनाई थी। मौजूदा भाजपा सरकार ने इसे भी आंट दिया, हमने तो किसानों को मुआवजा भी दे दिया था।

अमेजान फ्रेश पर किराना सामान और रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर प्राइम डे डील का लुत्फ उठाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अमेजान इंडिया के 15 और 16 जुलाई 2023 को होने वाले प्राइम डे के 7वें संस्करण के साथ खुशी की तलाश करने के लिए तैयार हो जाइए। अमेजान का खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए सबसे बड़ा ग्लोबल शॉपिंग इवेंट, प्राइम डे एक ही छत के नीचे घरेलू सामान, पैकेज्ड भोजन और पेय पदार्थ, फिटनेस सप्लीमेंट, शिशु और पालतू जानवरों की देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद आदि की सबसे बड़ी वैरायटी प्रदान करता है।

प्राइम मेंबर्स सबसे बड़ी डील और फायदों का लुत्फ उठा सकते हैं, जैसे किराना सामान पर 50% तक की छूट और पहले 4 ऑर्डर पर 450 रुपए तक का कैशबैक पा सकते हैं। इसके अलावा भी यहां ग्राहकों के लिए बहुत कुछ है। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई का इस्तेमाल करके अतिरिक्त 10% की बचत भी कर सकते हैं। ग्राहक एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सुविधाजनक डिलीवरी स्लॉट पर विविध तरह की चीजों की दिल खोलकर खरीददारी कर सकते हैं। आप दावत, क्रेकर, आशीर्वाद, पैम्पर्स, सर्फ एक्सल, टाटा टी, कैडबरी और डाबर जैसे मशहूर व नामचीन ब्रांड के किराना सामान का भंडारण करके बचत कर सकते हैं।

अमेजान इंडिया 15 और 16 जुलाई, 2023 को फिर से प्राइम डे लेकर आ रहा है। बड़ी बचत, शानदार डील, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, टॉप ब्रांड और लघु और मध्यम व्यवसायों के नए लॉन्च, योग्य उत्पादों पर नि:शुल्क वनडे डिलीवरी और भी बहुत कुछ के साथ 'डिस्कवर जॉय' के लिए प्राइम मेंबर्स तैयार हो जाइए। प्राइम डे के दौरान आप आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट/डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट/डेबिट कार्ड और एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजेक्शन का इस्तेमाल करके 10त्न की बचत कर सकते हैं. भारत सहित 25 देशों में 200 मिलियन से ज्यादा प्राइम मेंबर्स प्राइम का लुत्फ उठा रहे हैं। यदि आप अभी तक प्राइम मेंबर नहीं बने हैं तो amazon.in/prime पर 1,499 रुपए में एक वर्ष के लिए या 299 रुपए में एक महीने के लिए प्राइम से जुड़ सकते हैं।

प्राइम मेंबर बनकर आप निःशुल्क और फास्ट डिलीवरी, अनलिमिटेड वीडियो, विज्ञापन-मुक्त म्युजिक, स्पेशल डील्स, लोकप्रिय मोबाइल गेम्स पर नि:शुल्क इन-गेम सामग्री जैसे प्राइम लाभ और भी बहुत कुछ का लुत्फ उठा सकते हैं।

रियलमी ने स्टाइलिश रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज 5जी और बेहतरीन रियलमी बड्स वायरलेस 3 किए पेश

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

भारत में सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सर्विस प्रदाता, रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 3 के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी के इनोवेशन की विरासत के ये नए उत्पाद यूज़र्स को अतुलनीय अनुभव प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज़ 5जी ने दो खास स्मार्टफोन: रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी और रियलमी नार्ज़ो 60 5जी पेश किए हैं। इनके साथ अत्याधुनिक रियलमी बड्स वायरलेस 3 पेश किया है, जो बहुत ही आकर्षक ऑडियो अनुभव प्रदान करता है।

'डेयर टू लीप' भावना के साथ रियलमी अपने ब्रांड को लगातार बेहतर बनाते हुए अगले आयाम में जा रहा है, और इनोवेशन एवं डिज़ाईन की सीमाएं बढ़ा रहा है। रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी 1 टीबी की स्टोरेज क्षमता के साथ अपने सेगमेंट का पहला एवं एकमात्र स्मार्टफोन है, जो मिड-प्रीमियम सेगमेंट में भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा कर रहा है।

रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी में अत्याधुनिक डिज़ाईन के साथ क्रांतिकारी तकनीक है, जिसने उद्योग में नए मानक स्थापित कर दिए हैं। रियलमी की गो प्रीमियम स्ट्रेट्जी के साथ रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी खास भारतीय बाजार के लिए बनाया गया है। यह यूज़र को बहुत ही शानदार और दिलचस्प अनुभव प्रदान करता है। यह बेहतरीन परफॉरमेंस के साथ आकर्षक डिस्प्ले और इनोवेटिव फंक्शनलिटीज़ युक्त है। रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज़ 5जी अगली जनरेशन के यूज़र्स की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए बनाया गया है, और अगली जनरेशन की टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।रियलमी बड्स वायरलेस 3, अगली जनरेशन का नेकबैंड ईयरफोन है, जो यूज़र के ऑडियो अनुभव में सुधार लाने के लिए बनाया गया है। यह बिग टाईम बेस प्रदान करता है। अत्याधुनिक डिज़ाईन और असाधारण साउंड क्वालिटी के साथ ये ईयरबड्स अब तक का सबसे अच्छा ऑडियो अनुभव प्रदान करते हैं। आकर्षक साउंड परफॉरमेंस और इनोवेटिव डिज़ाईन के साथ रियलमी बड्स वायरलेस 3 सर्वोच्च स्तर की क्वालिटी और असाधारण मूल्य प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। इसलिए यह वायरलेस ईयरफोंस के बीच सबसे आकर्षक विकल्प है। लॉन्च के बारे में मनीष राणा, मार्केटिंग स्ट्रेट्जी लीड, रियलमी नार्ज़ो इंडिया ने कहा, ''रियलमी लगातार नई ऊँचाईयों की ओर बढ़ रहा है।

ग्रामीण स्वयं तथा बच्चों व पशुओं को यमुना नदी की ओर न जाने दें : नेहा सिंह

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

उपायुक्त नेहा सिंह ने यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बागपुर-मोहना रोड पर हुए सड़क कटाव तथा गांव गुरवाडी, प्रहलादपुर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर विस्तार से जानकारी ली और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

विभागीय अधिकारियों ने डीसी को अवगत करवाया कि बागपुर में ज्यादा पानी आने के कारण यमुना के पानी से सड़क का कटाव हुआ है। अब इस कटाव पर काबू पाने के लिए विभाग द्वारा काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द सड़क को दुरूस्त किया जाए। इस मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से भी बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन दिन-रात आपके सभी के सहयोग के लिए तत्पर है। जिले के सभी अधिकारी निरंतर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन पूरी तरह से आपकी सेवा के लिए तैयार है।

यमुना नदी में अधिक जल बहाव के कारण खेतों में जल भराव हो गया है और जल के बहाव ने सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पानी के बहाव को रोकने के लिए सड़क पर आवश्यकतानुसार मिट्टी के कट्टे भरकर लगाए जा रहे हैं। नदी में पानी कम होने पर स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि यमुना नदी के किनारे बसे गांवों के लोग स्वयं तथा अपने बच्चों व पशुओं को नदी का बहाव तेज व जल स्तर अधिक होने के कारण नदी के नजदीक न जाने दें। इससे जान माल का खतरा हो सकता है। ग्रामीण इस बारे में पूर्ण सावधानी बरतें। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्थिति पर निरंतर नजर बनाए रखें और इसके साथ-साथ ग्रामीणों से भी संपर्क बनाए रखें।

इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि उन्हें यदि किसी सहायता की जरूरत है, तो वह इसकी जानकारी अवश्य दें, उन्हें तुरंत सहायता मुहैया करवाई जाएगी। इस मौके पर एसडीएम शशि वसुंधरा, डीएसपी विजयपाल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मोहित वशिष्ठ, तहसीलदार प्रेम प्रकाश, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव, एसडीओ अशोक सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पलवल में यमुना नदी का रौद्र रूप चांदहट थाना डूबा, 14 गांव बने तालाब

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

दिल्ली से सटे जिले पलवल में भी बाढ़ तबाही मचाने लगी है। यहां यमुना नदी ने रौद्र रूप ले लिया है। 50 किलोमीटर एरिया में बहने वाली यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। करीब 14 गांवों में पानी भर गया है। मकान पानी में गिर गए। चांदहट थाना भी डूब गया है। करीब 16 हजार एकड़ में खड़ी फसल डूब गई।

पलवल में यमुना 50 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में बहती है, जिसे खादर कहते हैं। खादर से आई तबाही की तस्वीरों और वीडियो से बर्बादी का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोग खुद ही अपना जरूरी सामान लेकर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं।

मकान पानी में गिरा, 16 हजार एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद

जिला प्रशासन की ओर से यहां के ऊंचाई वाले स्थानों पर टेंट लगाकर शिविर शुरू कर दिए हैं, लेकिन लोग शिविरों में नहीं आ रहे। गांवों में पानी न घुसे, इसके लिए मिट्टी भरकर कट्टे लगाने का कार्य भी जोर-शोर से चल रहा है। खादर के कुछ गांव तो ऐसे है, जिनका एक दूसरे गांव से संपर्क भी टूट चुका है।

इन गांवों में घुस चुका यमुना का पानी : जिले के माहबली पुर, मुस्तफाबाद (खटका), इंद्रानगर, थंथरी, भूड़ खेडली, पहलादपुर, गुरवाड़ी, बागपुर, शेखपुर, फाटनगर, अतवा, अच्छेजा और बिल्लोचपुर सहित अन्य गांवों में पानी भर गया है। खादर के गांवों में तो पानी प्रवेश कर ही चुका है, बागपुर पुलिस चौकी में पानी भरने पर उसे भी खाली कर दिया गया है।

दो फीडर ठप, खादर इलाके की बत्ती गुल : एसडीओ बिजली विभाग बिजेंद्र सिंह ने कहा कि यमुना में बाढ़ के रौद्र रूप को देखते हुए नंगलिया फीडर से जुटे 11 गांवों, बागपुर फीडर से जुड़े 5 गांवों और चांदहट फीडर के माहबली पुर की बिजली काट दी गई है, लेकिन अभी तक फीडर सुरक्षित हैं। उनसे निकलने वाली लाइनें पानी में होने के कारण फीडरों को बंद कर दिया गया है।

यमुना में खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा पानी : सिंचाई विभाग एसडीओ सुभाष ने बताया कि जिले में यमुना के पानी को नापने के लिए लगाया गया मीटर बाढ़ के पानी में पूरा डूब चुका है। गुरुवार को 614 फीट पानी था, जबकि खतरे का निशान 615 फीट पर था। गुरुवार की रात पानी ने नापने वाले मीटर को डूबा दिया, जिससे अब बाढ़ जिले में रौद्र रूप धारण कर चुकी है।

16130 एकड़ की फसल हुई बर्बाद : कृषि अधिकारी पलवल अतुल शर्मा ने बताया कि जिले में शुक्रवार तक 16 हजार 130 एकड़ में खड़ी किसानों की फसल जलमग्न हो चुकी है। अभी तो यमुना अपने रौद्र रूप को दिखा ही रही है। नुकसान बढ़ सकता है। कई स्थानों पर तो फसल में 5 से 6 फीट तक पानी भरा हुआ है।

फरीदाबाद के युवक की पलवल में गोली मारकर हत्या

सीने में मारी सात गोलियां, हाईवे पर आल्हापुर के पास वारदात

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

फरीदाबाद के भैंसरावली गांव के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक को सीने में सात गोलियां मारी गईं। वह निजी कार्य के लिए बाइक पर पलवल गया था। रास्ते में नेशनल हाईवे पर आल्हापुर गांव के पास अज्ञात व्यक्ति ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

भवनकुंड चौकी प्रभारी कैलाशचंद के अनुसार, जिला फरीदाबाद के भैंसरावली गांव निवासी खेमचंद ने पुलिस को शिकायत दी है। उसके तीन बच्चे हैं, सबसे बड़ा बेटा सचिन है। सचिन सुबह साढ़े पांच बजे घर से बाइक लेकर पलवल जाने की बात कहकर गया था। देर रात उन्हें भवनकुंड चौकी से फोन आया कि सचिन की गोली मारकर किसी ने हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर पिता रात में परिवार के लोगों के साथ भवनकुंड पुलिस चौकी पहुंचे और उसके बाद पुलिस के साथ जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे। नागरिक अस्पताल में उन्होंने शव को देखकर अपने बेटे सचिन के रूप में पहचान कर दी। पिता ने कहा कि उसके बेटे की हत्या करने में कम से कम तीन-चार लोग शामिल हैं।

शिकायत में पीड़ित ने यह भी कहा है कि उसका बेटा घर से बाइक पर अकेला ही निकला था। पुलिस ने पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही हत्यारोपियों का सुराग लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नाबालिगा का अपहरण कर युवक ने किया दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नाबालिग का रात के समय अपहरण कर रेप करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर पीड़ित का जिला नागरिक अस्पताल में मेडिकल चैकअप कराने के बाद केस दर्ज कर लिया है।

मुंडकटी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर सोई हुई थी। रात करीब ढाई बजे जब वह बाथरूम के लिए घर के बाहर बैठी थी तो गांव का ही राजा उसे उठाकर ले गया। राजा ने रातभर उसकी बेटी को अपने पास ही रखा और उससे गलत काम किया। अगले दिन सुबह उसकी बेटी राजा की चंगुल से बचकर भाग निकली और घर आकर पूरी घटना की जानकारी दी।

महिला थाना की जांच अधिकारी रजमा देवी ने बताया कि मेडिकल में पीड़िता से रेप की पुष्टि हुई है। राजा के खिलाफ अपहरण कर रेप करने व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

टोल प्लाजा पर महिला कर्मी का यौन शोषण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नेशनल हाईवे पर गदपुरी गांव के निकट स्थित टोल प्लाजा के मैनेजर द्वारा टोल पर कार्यरत महिला कर्मचारी के यौन शोषण का मामला सामने आया है। मैनेजर महिला पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। मना करने पर नौकरी से हटाने की धमकी दी। आरोपी महिला को अकेली पाकर छेड़छाड़ भी करता है। महिला थाना पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मैनेजर ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए होटल चलने का डाला दबाव

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि वह गदपुरी टोल प्लाजा पर नौकरी करती है। 18 दिन पहले वह टोल प्लाजा के कार्यालय की छत पर बैठी हुई थी। उसी दौरान क्यूब कंपनी का वरिष्ठ टोल प्रबंधक अनिल छत पर आ गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा।

मैनेजर ने उससे होटल में उसके साथ चल शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा और उसके हाथ पकड़ कर जबरन चूमने का भी प्रयास किया। होटल जाने से मना करने पर आरोपी नौकरी से हटाने की धमकी दे रहा है। उसने कहा कि मैनेजर पहले भी उसके साथ छेड़छाड़ कर चुका है। जिन स्थानों पर सीसीटीवी नहीं लगे हैं, वहां उसके साथ छेड़छाड़ करता है, ताकि कोई सबूत न बने।

पशुधन को दूसरे जिले में आवागमन पर रहेगा प्रतिबंध

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि महानिदेशक पशुपालन एवं डेयरी, हरियाणा के प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के निकटवर्ती राज्यों में लंपी स्किन डिजिज (गांठदार त्वचा रोग) के प्रकोप के मद्देनजर सरकार के अगले आदेशों तक जिला पलवल के पशुधन (मवेशी, भैंस और अन्य जानवरों) के अंतर-राज्य आवागमन पर निषेधात्मक प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश का कोई भी उल्लंघन लागू नियमों और विनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडनीय है।

विधायक ने राहत शिविरों में जाकर बाढ़ पीड़ितों को बांटी खाद्य सामग्री

कहा, सरकार दुख की घड़ी में जनता के साथ, बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता की जाएगी, किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने यमुना प्रभावित क्षेत्र के राहत शिविरों में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की और विश्वास दिलाया कि आपदा की इस घड़ी में वह और उनकी टीम पूरी तरह से उनके साथ खड़ी है।

विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में लोगों ने अपने घर व फसलें आदि खो दी है, लेकिन यह सब जीवन में फिर से हासिल किया जा सकता है। इसलिए लोगों को निराश होने की जरूरत नहीं है, बल्कि बुलंद हौंसलों से इस आपदा का सामना करना चाहिए और वह लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि आने वाले समय में सब ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते है, यह बुरा वक्त भी जल्द ही बीत जाएगा और फिर से खुशहाली का दौर आएगा। श्री रावत ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत करते हुए बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव सहायता मुहैया करवाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यमुना से सटे गांवों व कॉलोनियों में जलभराव से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व एनडीआरएफ की टीमों ने सराहनीय कार्य करते हुए जहां लोगों को पानी से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और उनके रहने-खाने का प्रबंध भी किया।

पूरा प्रशासनिक अमला यमुना के आसपास पूरी मुस्तैदी से लोगों की मदद में जुटा है। नयनपाल रावत ने इस आपदा से पीड़ित लोगों से कहा कि उनका जितना भी नुकसान हुआ है, वह सरकार से गुजारिश करेंगे, इन सभी लोगों के नुकसान की पूर्ण भरपाई की जाए। फिर चाहे किसी का मकान क्षतिग्रस्त हुआ हो, पशुधन की हानि हुई हो या फिर फसल नष्ट हुई हों, जल्द ही पटवारी के द्वारा गिरदावर कर बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवजा मुहैया करवाया जाएगा।

शिविर में 92 कुपोषित बच्चों की जांच कर दी चिकित्सा सुविधा

पलवल। नागरिक अस्पताल में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुपोषित बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सकों, टीमों, आशा वर्करों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला नागरिक अस्पताल पलवल में भेजा गया। शिविर में कुपोषित बच्चों, माता-पिता व अभिभावकों को पोषक आहार विटामिन, मिनरल्स तथा संतुलित आहार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि छह माह तक के बच्चों को सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए तथा छह माह के बाद हरी सब्जियां, मौसमी फल तथा संतुलित भोजन देना चाहिए, ताकि बच्चे कुपोषित न रहें। उन्होंने मुंह को साफ रखने के उपाय भी बताए। बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा माताओं को बताया गया कि छोटे बच्चों को बोतल से दूध न पिलाएं और न ही लिटाकर दूध पिलाएं। उन्होंने बच्चों को चिप्स, चॉकलेट, जंक फूड के नुकसान बताए।

जगजीत सिंह नैन को प्रधान बनने पर शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ब्लॉक डी-2 सेक्टर-10, फरीदाबाद का रजिस्ट्रेशन नं.-02120 होने पर जगजीत सिंह नैन को प्रधान बनने पर पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला व किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने उनके निवास पर जाकर अपनी व ब्लॉक निवासियों की तरफ से बधाई दी। सम्मान के तौर पर उन्हें ब्लॉक की तरफ से पगड़ी बांधकर शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला ने इस मौके पर कहा कि ब्लॉक डी-2 पानी, सीवर, बिजली की भारी किल्लत में है। इन सभी समस्याओं के निवारण के लिए आरडब्लूए का रजिस्ट्रेशन होना बहुत जरूरी था। इसे लेकर जल्द से जल्द नए प्रधान के साथ मिलकर समस्याओं का निवारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जगजीत सिंह नैन समाजिक कार्यकर्ता हैं, जो आए दिन समस्याओं को उठाते रहे हैं। वशिष्ठ ने कहा कि प्रधान के साथ मिलकर पूरे ब्लॉक में नई लाईटें लगाई जाएंगी और पौधारोपण किया जायेगा। जल्द ही पार्क अस्पताल वाली रोड पर जो गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, उनको वहां से साफ करवाया जायेगा। उसके बावजूद भी अगर वहां पर किसी ने इस रोड पर गंदगी करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी और जो ब्लॉक डी-2 में समुदाय केंद्र की बिल्डिंग अधूरी है, उसे जल्द से जल्द स्थानीय विधायक के साथ मिलकर पूरा कराया जायेगा। इसका काम पूरे होने से ब्लॉक के लोगों को बैठने व समाजिक कार्य के लिए तथा लाईब्रेरी की व्यवस्था मिल सकेगी। प्रधान जगजीत नैन ने सभी का धन्यवाद किया।

संक्षिप्त समाचार

समर हीरो चैलेंज के विजेताओं को किया सम्मानित

पलवल। गत पांच मई 2022 को ई-अधिगम योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया। इस योजना के तहत कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को दो जीबी डाटा सहित टेबलेट वितरित किए गए। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को उच्चतम शीर्ष पर ले जाना है। शिक्षा विभाग के द्वारा गत पांच जून से 30 जून तक ई-अधिगम समर हीरो चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी और अध्यापकों को टेबलेट के माध्यम से अध्ययन और अध्यापन करना था। पलवल जिले के सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने टेबलेट का भरपूर उपयोग कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में जिले के चारों खंडों के सभी विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कड़ी में हथीन खंड के ई-अधिगम अध्यापक और ई-अधिगम विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोंडल के ई-अधिगम अध्यापक नरेंद्र कुमार प्रथम स्थान पर रहे, दूसरे स्थान पर राजकीय उच्च विद्यालय गुराकसर के हेमचंद, तीसरे स्थान पर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल हथीन की राजेश कुमारी, चौथे स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहीन के जगत राज और पांचवें स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घर्रोट की सुनीता देवी रहीं। इसी प्रकार ई-अधिगम विद्यार्थियों में कुमारी प्रियंका, प्रिया, मोनिका, कुसुम, पायल क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। यह सभी छात्राएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोंडल की हैं। इस उपलब्धि पर सीएमजीजीए आश्रय सिंघल ने प्रधानाचार्य ओमपाल को बधाई दी और उनके द्वारा की गई मेहनत की सराहना की। ई-अधिगम योजना के जिला नोडल अधिकारी सुखराम ने सभी विजेताओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को ई-अधिगम बनने के लिए प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव कुमार गुप्ता एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ राजेश कुमार ने भी सभी विजेताओं को बधाई दी।

छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा योजना का लाभ

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गत 29 जून 2022 को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कंप्यूटरीकरण की केंद्र प्रायोजित परियोजना को मंजूरी दे दी गई और वर्तमान में यह परियोजना कार्यान्वयन के अधीन है। इस परियोजना में सभी कार्यात्मक पीएसीएस को ईआरपी आधारित सामान्य सॉफ्टवेयर पर लाना, उन्हें राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से नाबार्ड से जोड़ना शामिल है। नाबार्ड इस परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी है। उन्होंने बताया कि पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण से विभिन्न लाभ मिलेंगे, जिनमें उनके संचालन की दक्षता में वृद्धि, ऋणों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करना, लेनदेन लागत में कमी, भुगतान में असंतुलन को कम करना, डीसीसीबी और एसटीसीबी के साथ निर्बाध लेखांकन और पारदर्शिता में वृद्धि शामिल है। पीएसीएस का कंप्यूटरीकरण वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को पूरा करने और विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को सेवा वितरण को मजबूत करने के अलावा किसानों के बीच पीएसीएस के काम में पारदर्शिता व दक्षता लाएगा और भरोसे को बढ़ाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर एक एकल ईआरपी आधारित सॉफ्टवेयर विकसित किया जाएगा जो पीएसीएस को अपनी सेवाओं को डिजिटाइज करने और उन्हें डीसीसीबी और एसटीसीबी के साथ जोड़ने में सक्षम करेगा। यह राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के साथ ऋणों का त्वरित निपटान, कम संक्रमण लागत, तेजी से लेखा परीक्षा और भुगतान तथा लेखांकन में असंतुलन में कमी सुनिश्चत करेगा।

यमुना किनारे बसे गांवो का विधायक ने किया दौरा

पलवल। बरसात वैसे तो वातावरण के लिए अच्छी मानी जाती है, लेकिन बरसात के मौसम में हर साल आम जनमानस को जलभराव और बाढ़ आदि से नुकसान भी उठाना पड़ता है। पलवल विधानसभा के यमुना किनारे बसे गांवों में हर साल यमुना का जलस्तर खेतों तक पहुंच जाता है, लेकिन इस साल पहाड़ों पर हुई भारी बारिश के कारण के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। उसी स्थिति का जायजा लेने के लिए पलवल के विधायक दीपक मंगला यमुना किनारे स्थित गांवों में पहुंचे और देखा कि गांवों में अंदर तक पानी पहुंच गया है। उन्होंने कहा इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है। उन्होंने मौके पर ही अफसरों को फोन लगाकर उनकी तैयारियों के बारे में पूछताछ की और उन्हें और अच्छी व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। उन्होंने यमुना किनारे बसे गांव थंथरी, दोस्तपुर, राजीपुर, समसपुर, मोहबलीपुर के ग्रामीणों से उनका हालचाल जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी गंभीर स्थिति में हरियाणा सरकार और वह स्वयं उनके साथ खड़े हैं। कुछ भी गलत लगे तो फौरन उन्हें फोन पर सूचना दी जाए।

इनर व्हील क्लब ने स्वच्छ बनाने का चलाया अभियान

फरीदाबाद। रोटरी इनर व्हील क्लब फरीदाबाद सेंट्रल ने शहर को स्वच्छ पर्यावरण देने का अभियान चलाया है। अभियान के तहत लोगों से अपील और जागरुक किया जा रहा है कि प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। जो लोग प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं, प्लास्टिक एकत्र कर उसका निस्तारण किया जा रहा है। क्लब की अध्यक्षा अनीता गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने व उनकी टीम ने अभियान की शुरुआत शहर के सेक्टर-9 से की है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह प्रदूषण फैलाने वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। जो लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें जागरुक कर प्लास्टिक का सामान फेंकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इंडियन पलूशन कंट्रोल एसोसिएशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत हर रविवार को लोगों के घरों से प्रदूषण फैलाने वाले प्लास्टिक को एकत्र कर उसे समाप्त किया जाएगा। इस अभियान में क्लब की सचिव अनुजा गर्ग, उपाध्यक्ष मधु वर्मा, कोषाध्यक्ष विम्मी भटनागर तथा प्रिया आनंद जोर-शोर से शहर के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में जुटी हैं। श्रीमती गोस्वामी ने लोगों से अपील की है कि प्लास्टिक का कूड़ा ऐसे ही कहीं भी न फेंके। ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी इस मुहिम को गति देने के लिए उनका सहयोग करें। शहर को स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए अभियान में शामिल हों। शहर का पर्यावरण तभी स्वच्छ बन सकता है, जब लोग भी इसमें सहयोग दें। उनका क्लब इस अभियान को सफल बनाकर फरीदाबाद को प्रदूषण से मुक्त करना चाहता है और उनकी टीम इसके लिए भरसक प्रयास कर रही है। लोगों को स्वस्थ रहने के लिए अति आवश्यक है कि शहर से प्रदूषण खत्म किया जाए।

आपदा में कांग्रेस पार्टी पीड़ित लोगों के साथ : रोहित नागर

फरीदाबाद। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रवक्ता रोहित नागर ने यमुना प्रभावित गांवों का दौरा करके लोगों से मुलाकात की। इस दौरान रोहित नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव नचौली, कांवरा, डूंगरपुर, अलीपुर, रायपुर, अमीपुर, कबूलपुर, चीरसी व मंझावली आदि में जलस्तर का जायजा लेते हुए लोगों को भरोसा दिलाया कि प्राकृतिक आपदा के इस संकट में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से उनके साथ है और उन्हें हरसंभव सहायता मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि यह मुश्किल का दौर है, इसलिए घबराएं नहीं बल्कि मजबूती से इस संकट का सामना करें, जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। रोहित नागर ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा ने लोगों को दोहरी चोट पहुंचाई है। एक तरफ जहां उनके आशियाने तबाह हो गए,ाज उन्हें जीवन जीने के लिए दो वक्त की रोटी के लिए प्रशासन का मोहताज होना पड़ रहा है। श्री नागर ने कहा कि जब प्रशासन को अंदेशा था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है तो इसकी पहले वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

बाढ़ से बचाव की तैयारियां पूरी: योगी

गोंडा प्रशासन रहे अलर्ट मोड में: मुख्यमंत्री

हेमंत पाठक। गोंडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जिले के थानाक्षेत्र उमरी बेगमगंज के ग्रामसभा ऐली, घेड़हनपुरवा में घाघरा-सरयू नदी पर बने भिखारीपुर-सकरौर तटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने गोंडा में संभावित बाढ़ के खतरों की जिले के प्रशासनिक अफसरों व जनप्रतिनिधियों से जानकारी लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावितों को हरसंभव मदद दिलाने के लिये प्रतिबद्ध है। साथ ही उनके दुख-दर्द में सदैव साथ खड़ी है। गोंडा को प्रतिवर्ष बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ता है। फिलहाल यहां अभी बरसात सामान्य से कम है, लेकिन उत्तराखंड व नेपाल में भारी बरसात होने के चलते सरयू एवं राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि सामान्यत: सरयू नदी में 40 हजार क्यूसेक जल होता है, मगर वर्तमान में इसमे ढाई लाख क्यूसक पानी डिस्चार्ज हो रहा है तथा अभी इसमें और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। इन सबके मद्देनजर सरकार द्वारा समय से बाढ़ बचाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। तटबंधों को बचाने के लिए प्रभावी कार्य कराए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि हमारी सरकार किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए पूरी तरह से तैयार है। यहां लगभग 28 बाढ़ चौकी बनाई गई है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और राहत आयुक्त विभाग के साथ ही गोंडा जिला प्रशासन को संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नौकाओं के साथ-साथ राहत सामग्रियों की तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दे दिया गया है। साथ ही कहा कि प्रशासनिक अफसरों को निर्देशित कर दिया गया है कि बाढ़ राहत शिविर में किसी भी तरह से कोई समस्या उत्पन्न नहीं होने पाए। साथ ही राहत शिविरों में डाक्टरों और मोबाइल मेडिकल टीम के पास हर हाल में एंटी वेनम, एंटी रेबीज और अन्य विषैले जानवरों के काटने से बचाने वाला इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में रखने संबंधी निर्देश भी जारी किये गये है। इस दौरान प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायकगणों में रमापति शास्त्री, बावन सिंह, विनय द्विवेदी, प्रेमनरायन पांडेय, प्रतीक भूषण सिंह, प्रभात वर्मा, अजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर बमबम, शारदाकांत पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा सहित जिले के जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

मथुरा में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से हुआ पार

मथुरा। जिले में यमुना नदी का जलस्तर शनिवार को खतरे के निशान को पार कर गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में तबाही मचाने के बाद उफनती यमुना का जलस्तर अब उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में भी खतरे के निशान को पार कर गया है और इसका लगातार बढ़ना जारी है। जिले के मांट क्षेत्र के कई गांवों में पानी भर गया है और सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। मथुरा और वृंदावन के निचले इलाकों में रह रहे लोगों के मकानों में एवं सड़कों पर पानी भर गया है। सिंचाई विभाग के नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, मथुरा के प्रयागघाट पर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (166 मीटर) को पार कर गया है। शनिवार शाम सात बजे जलस्तर 166.12 मीटर मापा गया था। मांट की उपजिलाधिकारी प्रीति जैन ने बताया कि उनके क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ के खतरे से जूझ रहे हैं और कई घरों में पानी घुस गया है। नगर आयुक्त अनुनय झा ने बताया कि वृंदावन एवं मथुरा के निचले इलाकों में बसीं आवासीय कॉलोनियों में यमुना का पानी भर है, जिसके कारण लोगों को वहां से सुरक्षित स्थान पर ले गया है।

बच्चियों से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

भदोही। भदोही जिले के गोपीगंज थाना इलाके में सात और आठ साल की दो बच्चियों से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में शनिवार शाम एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गोपीगंज के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सदानंद सिंह ने बताया कि एक महिला ने शुक्रवार को तहरीर देकर भगवानपुर चौथार गांव के रहने वाले रणजीत बिंद (18) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। एसएचओ ने बताया कि दोनों पीड़िता सगी बहनें हैं। उन्होंने बताया कि रणजीत शुक्रवार रात शराब के नशे में बच्चियों को उठाकर एक सुनसान जगह ले गया, जहां उसने उनसे दुष्कर्म करने का प्रयास किया, लेकिन बच्चियों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ लोग वहां पहुंचे और तभी आरोपी भाग गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में रणजीत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (शीलभंग करने के इरादे से आपराधिक बल का प्रयोग), 354ख (सार्वजनिक स्थान पर निर्वस्त्र करना) और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया मामले में आगे की विधिक कार्वाई की जा रही है।

लड़की के अपरहण के आरोप में स्वयंभू साधु उसके दो सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

एटा। एटा जिला मुख्यालय के कोतवाली नगर थाने में एक नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोप में एक स्वयंभू साधु और उसके दो सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोतवाली नगर थाना प्रभारी (एसएचओ) सुधीर कुमार राघव ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि शुक्रवार रात लोधेश्वर महाराज उर्फ राजीव लोधी नामक स्वयंभू साधु ने अपने एक शिष्य की 16 वर्षीय बेटी का कथित रूप से अपहरण कर लिया। उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता ने इस संबंध में लोधेश्वर महाराज एवं एटा निवासी उसके दो साथियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लोधेश्वर महाराज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366 (अपहरण) और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है और आरोपियों की तलाश जारी है।

गोलवलकर पर टिप्पणी करने के मामले में दिग्विजय सिंह के खिलाफ परिवाद दाखिल

वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक रहे माधव सदाशिव राव गोलवलकर के बारे में ट्विटर पर एक टिप्पणी को लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ शनिवार को वाराणसी की स्थानीय सांसद-विधायक अदालत में परिवाद दाखिल किया गया है। एक अधिवक्ता ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। परिवाद दाखिल करने वाले अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि सिविल जज जूनियर डिवीजन अलका की अदालत में उपरोक्त मामले को लेकर शनिवार को प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया, जिस पर अदालत ने बयान और साक्ष्य के लिए 18 जुलाई की तारीख नियत की है। त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के काशी क्षेत्र के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक भी हैं। उन्होंने बताया कि सिंह ने अपने अधिकृत ट्विटर खाते से गोलवलकर के बारे में तथ्यहीन, कूटरचित ⁄2398ीटो व भ्रामक तथ्यों का प्रकाशन व प्रसारण कर सामाजिक विद्वेष पैदा करने व संघ की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री के आह्वान से सबको जुड़ना है: योगेन्द्र

लखनऊ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि श्विजन अमृत काल भारत का 2047 एक सहयोगी दृष्टिकोण है जो सभी हितधारकों को भविष्य के लिए तैयार समावेशी शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो हर भारतीय को अपने सपनों को साकार करने की अनुमति देता है। हम शैक्षिक निष्पक्षता और पहुंच को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक भारतीय को अपनी महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने और देश की समृद्धि में योगदान करने का समान अवसर मिले। हम नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ अपने युवाओं को नौकरी निर्माता बनने और आर्थिक वृद्धि और विकास में योगदान करने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित हैं। उन्हहोने कहा, सम्मेलन का उद्देश्य प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के 140 करोड़ नागरिकों को दिए गए स्पष्ट आह्वान के साथ जुड़ना है। उनका आह्वान प्रत्येक व्यक्ति से भारत के अमृत काल की ओर बढ़ते हुए भारत की प्रगति में शामिल होने और योगदान देने का आग्रह करता है। कॉन्क्लेव में विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी ;सेवानिवृत्त मेजर जनरल संजीव जेटली और मेजर जनरल एसके सिंह ने अद्भुत सत्र देखे।

ट्रक की टक्कर से राहगीर की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के क्लेक्टरगंज मोहल्ला निवासी तेज बहादुर का 52 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कोतवाली क्षेत्र के मिशन अस्पताल के सामने वाली गली में श्रीराम मॉडर्न राइस मिल में मुनीम पद पर कार्यरत था। वह किसी काम से पैदल राधानगर जा रहा था तभी शक्तिमान पेट्रोल पम्प के समीप उसको ट्रक ने टक्कर मार दिया। और वह रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीयों ने तुरन्त घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सपा नेता आजम खान को अस्थाई सुरक्षा प्रदान की गई

रामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वाई-श्रेणी की सुरक्षा वापस लिए जाने के एक दिन बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान को अस्थाई सुरक्षा मुहैया कराई गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (रामपुर) संसार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आजम खान को जिला स्तर पर सुरक्षा प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आजम की वाई-श्रेणी की सुरक्षा बृहस्पतिवार को वापस ले ली थी। सिंह के मुताबिक, फैसले की समीक्षा के बाद आजम को जिला स्तर पर सुरक्षा मुहैया कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, यह महसूस किया गया कि आजम खान को जिला स्तर पर सुरक्षा मुहैया कराने की जरूरत है, इसलिए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सुरक्षा घेरा उपलब्ध कराया और शासन को इस संबंध में रिपोर्ट भेजी। सिंह के अनुसार, आजम खान को वाई-श्रेणी की सुरक्षा नहीं दी गई है। जिला स्तर की अस्थाई सुरक्षा के तहत उन्हें तीन गनर उपलब्ध कराए जाएंगे। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा प्रवक्ता दीपक रंजन ने कहा कि आजम खान एक वरिष्ठ नेता हैं और उनकी वाई-श्रेणी की सुरक्षा वापस लेना अलोकतांत्रिक कदम है। रंजन ने पीटीआई-भाषा से कहा, आजम खान की वाई-श्रेणी की सुरक्षा अलोकतांत्रिक तरीके से वापस ले ली गई। वह उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ विधायक और कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर में सपा नेताओं ने आजम खान की सुरक्षा वापस लेने के कदम पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई, जिसके बाद प्रदेश सरकार को उन्हें अस्थाई सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बाध्य होना पड़ा। अपर पुलिस अधीक्षक (रामपुर) संसार सिंह ने शुक्रवार को बताया था कि उन्हें लखनऊस्थित सुरक्षा मुख्यालय से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें कहा गया है कि आजम खान को दी गई वाई-श्रेणी की सुरक्षा को बरकरार रखने का कोई औचित्य नहीं है। सिंह ने कहा था कि सपा नेता का सुरक्षा घेरा उक्त आदेश के अनुपालन में वापस लिया गया है। आजम रामपुर से दस बार विधायक रह चुके हैं।

चार कांवड़ यात्रियों की मौत, कई घायल

मुजफ्फरनगर। जिले में शुक्रवार और शनिवार के दरम्यान अलग-अलग सड़क हादसों में चार कावड़ियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। छपार पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि शनिवार को थाना क्षेत्र के सिसोना कट पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पानीपत निवासी एक कावड़ यात्री साहिल (24) की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना में सोनीपत जिले के रहने वाले एक अन्य कावड़िए की हादसे में मौत हो गई, उसकी पहचान विशाल (30) के तौर पर की गई है। शर्मा ने बताया कि तीसरी दुर्घटना छपार पुलिस थाने के अंतर्गत टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को एक तेज कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे इस घटना में हरियाणा के हिसार जिले के रहने वाले संजय (23) और उसके चाचा अजमेर (45) घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस बीच दो दिनों में अलग-अलग घटनाओं में 30 कावड़ियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। शनिवार को जिला अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, चार जुलाई से कांवड़ यात्रा के दौरान जिले में अलग-अलग हादसों में 150 कावड़ियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

धान की रोपाई करते समय खेत में उतरा करंट, बच्ची की जान गई

बदायूं। जिले के सहसवान कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में शुक्रवार शाम हाईटेंशन बिजली लाइन के खंभे में करंट उतरने से धान की रोपाई कर रहे 11 लोग झुलस गए। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, करंट की चपेट में आए 11 लोगों में से 12 वर्षीय एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 अन्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी के अनुसार, हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सहसवान कोतवाली के निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे के समय 11 लोग खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करंट से झुलसे लोगों में नौ लड़कियां और दो पुरुष शामिल हैं।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश को गोली लगी सिपाही भी हुआ घायल

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड में एक बदमाश घायल हो गया वहीं,बदमाश द्वारा चलाई गई एक गोली से एक सिपाही भी घायल हुआ है। पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं दो बदमाश फरार हो गए।जयसिंहपुर के पुलिस प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में सिपाही जनार्दन यादव (30) व शातिर बदमाश शेर अली उर्फ शेरा (31) गोली लगने से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर ले जाया गया, वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक घटना मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के रानी का सगरा गांव के निकट शुक्रवार रात लगभग दस बजे हुई। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज करके आवश्यक विधिक कार्वाई कर रही है।

मां की पिटाई से आहत युवक ने बड़े भाई की कर दी हत्या

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के पूरनपुर कोतवाली इलाके में एक युवक ने अपनी विकलांग मां की पिटाई करते देख बड़े भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार यादव ने पत्रकारों को बताया कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अहमदनगर मोहल्ले में रहने वाला रजी अहमद (26) शराब का आदी था और अक्सर शराब के नशे में धुत होकर अपनी विकलांग मां के साथ मारपीट करता था। रजी ने शुक्रवार देर शाम अपनी मां से पैसों की मांग की, जब उन्होंने मना कर दिया तो उसने मां को पीटना शुरू कर दिया, इसी दौरान रजी का छोटा भाई फसी अहमद घर में आया और मां की पिटाई देखकर आहत हो गया। उन्होंने बताया कि उसने आवेश में आकर अपने बड़े भाई रजी अहमद पर फावड़े से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फसी अहमद परिजन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों से पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद पूरनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। कुछ ही देर बाद आरोपी ने पूरनपुर कोतवाली पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सडक पर लगने वाली सब्जी मंडी तत्काल हटायें: डीएम

चित्रकूट ।जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण को अधिकारियों को निर्देश दिये। शनिवार को राजापुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर देखा। समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता जांची। रंमपुरिया अब्बल के चकबंदी लेखपाल विजय करण के कार्यों में रुचि न लेने पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को विभागीय जांच के निर्देश दिये। कानूनगो को भेजकर संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति की जमीन की नाप कराने को कहा। ईओ राजापुर को निर्देश दिए कि उनके बार-बार निर्देश के बाद भी सडक पर सब्जी मंडी को खाली नहीं कराया जा रहा। जल्द सब्जी मंडी खाली न होने पर ईओ के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने एसडीएम राजापुर से कहा कि इन्हें तत्काल हटायें। जलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी से कहा कि भूमि विवाद के मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें।

तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के घुंघचाई थाना इलाके में शनिवार पूरनपुर-बंडा राजमार्ग पर सिकरहना मोड़ के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। घुंघचाई थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मदन मोहन चतुर्वेदी ने पत्रकारों को बताया कि आज गुलरिया भूपसिंह गांव के रहने वाले झम्मन लाल और उनका बेटा योगेश बाइक से बाजार में खाद लेने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने शनिवार को उसे टक्कर मार दी। चतुर्वेदी ने बताया कि इस सड़क हादसे में झम्मन (58) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया योगेश (22) की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को जब्त कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

डिजिटल विकर्षणों से मुक्त होने का प्रयास

लखनऊ। लखनऊ में कई क्षेत्रों में मौजूद कूड़ेदानों में सर्च, अनलॉक और डाउनलोड बटन्स पाए जा रहे हैं। यह उभरती हुई घटना शहरवासियों के मन में सवाल उठा रही है कि क्या यह डिजिटल विकर्षणों से मुक्त होने का प्रयास कर रहा है। इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तो जैसे जंग छिड़ी पड़ी है, क्योंकि लोग इन अजीबो.गरीब बटन्स के महत्व और अर्थ के बारे में अलग.अलग विचार और अनुमान लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डाउनलोड, अनलॉक और सर्च जैसे शब्द इंटरनेट और मोबाइल टेक्नोलॉजी की दुनिया में काफी उपयोगी हैं।

गोद लिए टीबी मरीजों को पोषण सामग्री किया वितरित

फतेहपुर। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अंतर्गत शनिवार को डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन व रेडक्रास सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा गोद लिए हुए नए टीबी मरीज प्रदीप, नैतिक गुप्ता, शांती देवी, नन्ही, जैनफको पोषण सामग्री (बॉर्नवीटा, मूंगफली, चना, सत्तू, गुड़ इत्यादि) दी गई यह सारी सामग्री प्रत्येक माह उनके चिकित्सकीय कोर्स पूर्ण होने तक दी जाएगी। इस अवसर पर क्षय रोग अधिकारी डॉ. निशात सैय्यद शहाबुद्दीन, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अजीत सिंह, टीबी चौंपियन कल्पना, गोरेलाल रेडक्रास आजीवन सदस्य व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी-अभिषेक

राजापुर(चित्रकूट)।'जहां एक और पूरे प्रदेश में वन महोत्व के तहत वृक्षों के रोपण का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं राजापुर तहसील मैं 5000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य मिला है। जिसकी शुरुआत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के द्वारा विशाल परिसर में बने हनुमान उपवन में फलदार, छायादार तथा औषधीय गुणों से युक्त वृक्षों का रोपड़ कर किया। बताते चलें कि राजापुर तहसील के उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ के अथक प्रयास एवं जन सहयोग से 2022 में हनुमान वाटिका उपवन बनवाया गया था जहां हर वर्ष वृक्षारोपण का कार्य किया जाता ह शनिवार के दिन लगभग एक सैकड़ा वृक्षों का रोपण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि वृक्षों के माध्यम से शुद्ध वायु, जलवायु तथा पर्यावरण को शुद्ध बनाने में वृक्षों की एक अहम भूमिका होती है। अशुद्ध पर्यावरण और जलवायु मानव जीवन के मस्तिष्क को छोटा करते हुए गलत प्रभाव डालता है और मानव जीवन की तरह वृक्षों को भी पालने पोसने की जरूरत है।

खेल शिक्षकों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण

फतेहपुर। तेलियानी ब्लाक में जिला ग्राम विकास संस्थान के छः दिवसीय आवासीय वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण के द्वितीय बैच में ब्लॉक हसवा, तेलियानी, हथगाम, असोथर के ब्लॉक व्यायाम शिक्षक खेल अनुदेशक व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 45 खेल शिक्षको को आनंद आर्य एवं अभिषेक बारी द्वारा ताइक्वांडो प्रशिक्षण में सेफ्टी टूल्स के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी सलीम खान द्वारा प्रतिभागियों को पेनड्राइव व प्रशिक्षण किट प्रदान की गई। इस मौके पर वरि. प्रशिक्षक अमित राज, दिनेश यादव, रमेशचंद्र, दिलीप सिंह व सीमा चौहान, ब्लॉको के व्यायाम शिक्षक ज्ञानेंद्र चौहान, मृदुल, अतुल, अमित सिंह, अमित श्रीवास्तव, विनय रंजीत उपस्थित रहे।

युवा कौशल दिवस पर छात्र-छात्राएं सम्मानित

फ़तेहपुर। विश्व युवा कौशल दिवस पर नोडल संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नगर उपाध्यक्ष आरपी मौर्या एवं अभिषेक श्रीवास्तव व ब्रांड एम्बेसडर के रूप में माधुरी साहू ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं में संस्थान के विजेता मेघावी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित जॉब को स्टाल लगा कर प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सफलता के लिए अनेक गुरुमंत्र दिये गये एवं जीवन के पथ पर सफलता के लिये मार्गदर्शन किया गया। इस मौके पर संस्थान कार्यदेशक व अनुदेशकगण आदि मौजूद रहे।

आरेडिका के आरपीएफ बैरक परिसर में किया गया वृक्षारोपण

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आज वृक्षारोपण अभियान के तहत आरपीएफ बैरक परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जामुनए आमए आंवलाए अमरूद आदि के फलदार एवं छायादार 450 वृक्षों का रोपण किया ।यह वृक्षारोपण कार्यक्रम पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र के मार्गदर्शन में किया गया। वृक्षारोपण के लिए आरपीएफ के जवानों ने श्रमदान के माध्यम से वृक्षारोपण के लिए तैयार गडढों में पौधों के रोपण का कार्य किया। महाप्रबंधक महोदय ने पौधों को बरसात के बाद पानी की कमी से बचाने के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था हेतु वाटर पोइंट बनाने एवं टेंकर द्वारा जल आपूर्ति के लिए निर्देशित किया ताकि नव रोपित पौधों को बचाया जा सके।आगे इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने आरपीएफ बैरक परिसर का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से संचालन से प्रसन्न होकर आरपीएफ के जवानों को नगद पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री शमशेर सिंह कलसीए सीएओ संजय कुमार कटियारए पीसीईई श्री हरीश चन्द्रए पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवेए पीसीएमओ श्री एम के शकरवालए पीसीई श्री राजेश अग्रवालए सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण तथा आरपीएफ के जवानों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

हाकिम के आदेश से हलकान

खाकी महकमे के आला हाकिम ने पिछले दिनों कुछ बड़ा कर दिखाने की नीयत से एक ऐसा फरमान जारी कर दिया जिससे पूरा महकमा हलकान है। अंदरखाने अब विभाग के जांबाज ही चर्चा कर रहे हैं कि अगर अलादीन का चादुई चिराग विभाग के हाथ लग जाए तभी इस हुक्म का पालन हो सकता है। दरअसल बीते दिनों आला हाकिम ने पाक्सो एक्ट की तर्ज पर एक माह में विवेचना पूरी कर त्वरित गति से सुनवाई सुनिश्चित कराने की उन्होंने योजना आरंभ की। उन्होंने आदेशित किया है कि दुर्दांत अपराधियों को एक माह में सजा दिलाई जाए। अब सजा तो न्यायाधीशों को सुनानी है और कोर्ट की लंबी प्रक्रिया किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में खाकीजनों का हलकान होना स्वाभाविक है। वह अपनी तरफ से तो भाग-दौड़ कर विवेचना निर्धारित समय में पूरा कर सकते हैं लेकिन न्यायालय एक माह में ही ट्रायल पूरा करके फैसला सुना देगा, इसे संभव करना भला उनके हाथ में कैसे है। फैसला और सजा कितने समयावधि में होगी यह तो 'माई लार्ड' की कृपा पर ही निर्भर है।

थाली के बैंगन

साहब घाट-घाट का पानी पी रहे हैं, बस उन्हें स्वाद मिलना चाहिए। सिंह साहब की खास बात यह है कि घाट-घाट पर जाने के लिए ये अपनी सवारियां बदलते रहते हैं। कभी हाथी पर बैठकर सवारी करते हैं तो कभी, कमल के फूल पर बैठने का आनंद लेते हैं। जब वहां से पेट भर गया तो जाकर साइकिल की सवारी करने लगते हैं। अब साइकिल की सवारी से मन भर गया तो फिर कमल के आनंद की याद आई। तो फिर उसकी तरफ रुख करने को तैयार हो गए। वैसे देखा जाए तो सिंह साहब का नाम तो पहलवानों जैसा है लेकिन उनकी हरकतें किसी मौकापरस्त से कम नहीं है। जहां जितना फायदा देखा वहां उसी के साथ हो लिए है। सिंह साहब की खासबात ये है कि वे पाला बदलने में जरा सी भी संकोच व देरी नहीं करते हैं। जैसे ही उनको इस बात का एहसास होता है कि उनका अब नुकसान होने वाला है या फिर कहीं और फायदा होने वाला है, तो तत्काल वे फायदे वाले स्थान पर चले जाते हैं। कुल मिलाकर यदि सिंह साहब को पाला बदलने वाला मजबूत पहलवान कहा जाए तो गलत नहीं होगा।



जयचंदों ने बिगाड़ा खेल

एलडीए के बड़े साहब बेचारे! संपत्तियों की बिक्री में कमी होने पर बड़ी असमंजस में फंस गए। संपत्तियों को सेल करने के लिए इंवेस्टर समिट से लेकर आम जनता तक सूचना पहुंचाने के लिए विज्ञापनों का भी सहारा लिया लेकिन फ्लैट हो या कामर्शियल संपत्तियां कोई खास बिक्री नहीं हो पायी। ऐसे में बड़े साहब ने अपने कुछ विश्वसनीय अफसरों से इस पर चर्चा की, और कारण पता लगाने के निर्देश भी दिए। बारीकि से नजर रखने पर पता चला कि विभाग के ही जयचंदों ने बड़ा खेल किया है, जिसके कारण संपत्तियां बिक्री नहीं हो पा रही है। फिर क्या था बड़े साहब ने निरीक्षण के बहाने अचानक अधिकारियों से लेकर बाबुओं की सीट पर छापेमारी शुरू कर दी। कई फर्जी दलालों के माध्यम से विभाग के ही कुछ कर्मी चोरी छुपे संपत्तियों को मार्केट रेट से कम दामों में निकालकर मुनाफा कमाने में जुटे हुए थे। प्रापर्टी डीलर, दलाल सहित विभाग के कर्मियों पर कड़ा एक्शन लेकर बड़ा संदेश कर्मियों में पहुंचाया कि यदि विभाग को नुकसान हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में फर्जी रजिस्ट्री करने वाले बाबू को बर्खास्त कर कड़ा संदेश दिया। कुछ भी हो साहब के रौद्र रूप ने अधिकारियों एवं कर्मियों में खलबली मच गयी है, जिससे फर्जी काम करने वाले अज्ञातवास में चले गए हैं।

दगा दे रहा मौसम

बीते एक पखवाड़े से बारिश से शहर भीग रहा है पर मौसम है कि दगा दे रहा है। बीते दो बार से मौसम विभाग की पहल पर शहर के डीएम साहब भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी कर चुके हैं लेकिन अलर्ट जारी होने के बाद भारी बारिश दगा दे जा रही है। अब ऐसे में अलर्ट को भी लोग हल्के में लेने लगे हैं। यह बात दीगर है कि जिला प्रशासन की सतर्कता काबिले तारीफ है। अब मौसम के दगा देने के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम एक अत्यधिक जटिल और अराजक प्रणाली है जो अनगिनत कारणों से प्रभावित होती है, जो सटीक भविष्यवाणियों को चुनौतीपूर्ण बनाती है। वायुमंडलीय स्थितियां लगातार एक-दूसरे के साथ परस्पर क्रिया करती हैं, जिससे सूक्ष्म परिवर्तन होते हैं जो मौसम के पैटर्न पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए भविष्यवाणी में परिवर्तन होते रहते हैं। फिलहाल अभी तो मौसम दगा ही दे रहा है।

रोजगार सृजन की दिशा में नित नए कदम उठा रही सरकार: सीएम

- मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 400 समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुदेशक व कनिष्ठ सहायक को दिए नियुक्ति पत्र

योगी ने कहा, धांधली की प्रक्रिया से पूरी तरह से मुक्त है सभी चयन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रोजगार सृजन की दिशा में नित नए कदम बढ़ाए हैं। सरकारी नियुक्तियां तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग और बोर्ड तेजी के साथ नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके द्वारा भी कई सुधार किए गए हैं। यह सुधार प्रदेश के युवाओं के लिए अनुकूल हैं और चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए मंच प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात शनिवार को लोक भवन में यूपी लोक सेवा आयोग एवं यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत चयनित 66 समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद), 204 अनुदेशक (प्राविधिक शिक्षा विभाग) एवं 130 कनिष्ठ सहायक (लोनिवि) को नियुक्ति पत्र वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गयी मिशन रोजगार पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश, देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2017 से पूर्व युवाओं के मन में निराशा थी क्योंकि प्रदेश में चयन की प्रक्रिया में भेदभाव होता था। प्रदेश के बाहर युवाओं को पहचान के संकट का सामना करना पड़ता था। आज प्रदेश के युवा देश में कहीं भी जाते हैं तो लोग पलक-पांवडे बिछा कर सम्मान देने के लिए तैयार रहते हैं। जब सरकार की कार्य पद्धति में कोई खोट नहीं होती और सरकार पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करती है तो उस कार्य का लाभ संपूर्ण प्रदेशवासियों को प्राप्त होता है। अब प्रदेश के युवाओं को अपने राज्य में ही कार्य प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत डेढ़ वर्षों में यह 17वां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। आज 3 विभागों के कुल 400 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। 2 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम शीघ्र ही सम्पन्न होने जा रहे हैं। विगत डेढ़ वर्षों में अब तक 55 हजार से अधिक युवाओं को सफलतापूर्वक चयन प्रक्रिया द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। यह नियुक्ति पत्र प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोगों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किए गए हैं। प्रदेश में विगत 6 वर्षों में अब तक लगभग 6 लाख शासकीय नियुक्तियां की जा चुकी हैं। इन नियुक्तियों में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का प्रश्न खड़ा नहीं कर सका है। वर्तमान में कोई भी नियुक्ति प्रक्रिया न्यायालय में लम्बित नहीं है और न ही न्यायालय द्वारा किसी नियुक्ति प्रक्रिया को स्टे किया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, शिक्षा आयोग तथा विभिन्न विभागों के स्तर पर चयन की प्रक्रिया पारदर्शिता और शुचिता के साथ संपन्न की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 6 वर्षों से प्रदेश की युवाओं की प्रतिभा का प्रदेश में ही सम्मान किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश द्रुत गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में प्रदेश विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बना है और देश में बहुत सी नजीरों को प्रस्तुत करता हुआ आगे बढ़ रहा है। वास्तव में यह समाज के लिए प्रेरणा है। यदि समाज अपनी प्रतिभा को सम्मानित करता है तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता हैए तो उसकी विकास की प्रक्रिया को कोई बाधित नहीं कर सकता। वह विकास के नित नए सोपान को प्राप्त करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। देश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गयी है। अवसंरचना के क्षेत्र में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इनसे नए अवसरों का सृजन हुआ है। हम सब प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। ग्रुप.बी और ग्रुप सी के गैर राजपत्रित पदों को साक्षात्कार की प्रक्रिया से मुक्त किया जा चुका है। प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा की भी व्यवस्था की गई है। इसमें प्रतिवर्ष लाखों युवा भाग लेते हैं। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ही भर्ती की आगे की प्रक्रिया से जोड़ा जाता है। जो भी चयन किया जा रहा है वह धांधली की प्रक्रिया से पूरी तरह से मुक्त है।

सभी तटबन्ध सुरक्षित, कहीं भी चिन्ताजनक परिस्थिति नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 11 जनपदों के 304 गांव इस समय बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रदेश में वर्षा से प्रभावित जनपदों में सर्च एवं रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा पीएसी की कुल 13 रेस्क्यू टीमें कार्यरत हैं। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने वर्षा की स्थिति से अवगत कराते हुए शनिवार को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सभी तटबन्ध सुरक्षित हैं, कहीं भी किसी प्रकार की चिन्ताजनक परिस्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 10.2 मिमी औसत वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा से 10.6 मिमी के सापेक्ष 96 प्रतिशत है। इस प्रकार, प्रदेश में 1 जून से अब तक 246.2 मिमी औसत वर्षा हुई, जो सामान्य वर्षा 220 मिमी के सापेक्ष 112 प्रतिशत है। राहत आयुक्त ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ जनपदों में 30 मिमी या उससे अधिक वर्षा दर्ज हुई है। इसमें वाराणसी, बहराइच, कुशीनगर, जौनपुर, आजमगढ़, बदायूं, बाराबंकी, श्रावस्ती शामिल हैं। प्रदेश में गंगा और यमुना नदी खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब तक कुल 2450 ड्राई राशन किट वितरित की गई तथा 37182 लंच पैकेट भी वितरित किए गए हैं। प्रदेश में अबतक 679 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए। राहत आयुक्त ने बताया कि अब तक कुल नौ पशु शिविर संचालित किये जा रहे हैं, जिनमें चारे आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

प्रदेश में आज से होगा भूगर्भ जल सप्ताह का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भूगर्भ जल विभाग की ओर से 16 से 22 जुलाई तक उत्तर प्रदेश में भूगर्भ जल सप्ताह मनाया जाएगा। जल का महत्व, आवश्यकता और संरक्षण के बारे में जन-जन को जागरूक करने के इस अभियान का शुभारंभ रविवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह करेंगे। सुबह आठ बजे 1090 चौराहे से गोमती रिवर फ्रंट मार्ग पर मानव श्रृंखला बनाते हुए पदयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अटल भूजल योजना से लाभान्वित ग्राम पंचायतों में भूजल के प्रति जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लखनऊ से बांदा के लिए जल मैराथन को भी हरी झण्डी दिखाई जाएगी। कार्यक्रम में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिवए भूगर्भ जल विभाग के निदेशक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विभन्न स्कूली बच्चों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य भी भाग लेंगे। यह जल मैराथन लखनऊ से रायबरेलीए फतेहपुर होते हुए 20 जुलाई को बांदा पहुंचेगी। इस दौरान जहां-जहां जल मैराथन पहुंचेगी वहां ग्राम पंचायत स्तर पर जल चौपाल आयोजित की जाएंगी और लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताया जाएगा।

इलेक्ट्रिक व्हीकल पर सब्सिडी पाने के लिए पोर्टल पर करना होगा आवेदन

- शासन ने तैयार किया पोर्टल, आवेदकों के लिए जल्द हो जाएगा क्रियाशील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार ने आखिरकार क्रय सब्सिडी को लेकर पोर्टल पर आवेदन किए जाने को हरी झंडी दे दी है। वो ग्राहक जिन्होंने 14 अक्टूबर 2022 के बाद प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीद की है, उन्हें योगी सरकार द्वारा सब्सिडी पाने के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा। सही तरह से आवेदन करने के बाद वेरिफिकेशन के उपरांत पात्र व्यक्ति को उसके खाते में सब्सिडी की राशि प्रदान कर दी जाएगी। जल्द ही यह पोर्टल आवेदकों के लिए क्रियाशील हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 में निहित क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन की शर्तों का निर्धारण कर दिया है। इसी के आधार पर पात्र आवेदकों को नीति का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 के अंतर्गत क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए शर्तों के साथ अनुमति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन योजना अधिसूचित होने की तिथि 14 अक्टूबर 2022 से 13 अक्टूबर 2023 तक प्रभावी होगी। क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र आवेदक को वेबपोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। पात्र आवेदक वे होंगेए जिन्होंने नीति की अधिसूचना की तिथि के बाद उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन का क्रय एवं पंजीयन कराया हो। निर्धारित समयसीमा में आवेदन नहीं करने वालों को सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक वाहन वर्ग में क्रय सब्सिडी का वितरण नीति में निहित व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा। इसके अनुसार प्रदेश में खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। पहले दो लाख 2 व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहनों को 5ए000 रुपए प्रति वाहन सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसी तरहए पहले खरीदे गए 25 हजार 4 व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहनों को 1 लाख रुपए प्रतिवाहन की सीमा तक सब्सिडी प्राप्त होगी। वहीं प्रदेश में खरीदी गई शुरुआती 400 ई बसों (गैर सरकारी) को 20 लाख रुपए प्रति वाहन की सीमा तक सब्सिडी का लाभ मिलेगा। ई गुड्स कैरियर पर फैक्ट्री लागत का 10 प्रतिशत तक अनुमन्य होगा। पहले 1000 ई-गुड्स कैरियर की खरीद पर एक लाख रुपए प्रति वाहन की सीमा तक सब्सिडी प्राप्त होगी। व्यक्तिगत क्रेताओं को क्रय सब्सिडी केवल एक ही 2 व्हीलर या 4 व्हीलर या ई बस या ई-गुड्स कैरियर के क्रय पर अनुमन्य होगी। एग्रीगेटर्स, फ्लीट ऑपरेटर क्रेताओं को क्रय सब्सिडी अधिकतम दस 2 व्हीलर या 4 व्हीलर के कय पर तथा अधिकतम पांच ई-बस या ई-गुड्स कैरियर के क्रय पर अनुमन्य होगी। इस योजना के अंतर्गत क्रय सब्सिडी किसी भी क्रेता को इस योजना की प्रभावी अवधि में एक ही बार अनुमन्य होगी। अनुमन्य क्रय सब्सिडी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगीए जिसे क्रेता को डीलर से सत्यापन के बाद सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। यदि किसी स्थिति में क्रेता द्वारा बिना बैट्री के वाहन का क्रय किया जाता है तो उस पर अनुमन्य क्रय सब्सिडी का केवल 50 प्रतिशत ही प्रदान किया जाएगा। आवेदन में किसी भी प्रकार की गलत सूचना दिए जाने पर आवेदक क्रय सब्सिडी के लिए पात्र नहीं होगा तथा आवेदक के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। क्रय सब्सिडी पाने के लिए पात्र आवेदक को स्वयं के नाम के बैंक खाते का विवरण आवेदन के समय देना होगा। आवेदन मात्र से ही आवेदक क्रय सब्सिडी के लिए पात्र नहीं होगा। परिवहन विभाग द्वारा आवेदक का सत्यापन करते हुए आवेदक की पात्रता सुनिश्चित होने के बाद ही आवेदक के संबंधित बैंक खाते में क्रय सब्सिडी वितरित की जाएगी। प्रथम चरण में इलेक्ट्रिक वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन क्रेता के विवरणों का सत्यापन संबंधित मोटर वाहन डीलर द्वारा किया जाएगा।

शपथ दिलाकर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देगा परिवहन विभाग

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

- कल राज्यभर में सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ कार्यक्रमों का होगा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीरता से प्रयास कर रही है। सीएम की मंशा के अनुरूप परिवहन विभाग 17 जुलाई को पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस दौरान प्रदेश में शपथ दिलाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यही नहीं सभी बस स्टेशनों, कार्यशालाओं में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर पोस्टर व स्टीकर लगाए जाएंगे। कार्यालय व डिपो, बस स्टेशनों, वर्कशॉप परिसर आदि में बिना हेलमेट लगाए आने वाले समस्त कार्मिकों को सार्वजनिक रूप से सचेत करते हुए कार्यालय परिसर में सूचक बोर्ड लगाया जाएगा।

भविष्य में दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट लगाए कार्मिकों का प्रवेश निषिद्ध करते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। इस विषय पर उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि 17 जुलाई से 31 जुलाई तक मनाए जाने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक दिन कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सांसद व विधायक गण व अन्य जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए उद्घाटन समारोह में उन्हें बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया जाए। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के पहले दिन यानी 17 जुलाई 2023 को पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आपदा में अवसर खोजती है भाजपा सरकार : अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अतिवृष्टि से बाढ़ की चपेट से लोग दहशत में हैं। बिजली गुल है और बारिश से बचाव की कोई व्यवस्था नहीं है। बाढ़ ग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों पर सरकार की कृपा दृष्टि नहीं पड़ी। नजर पड़ी होती तो वहां कम से कम राहत तो पहुंच जाती। बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने और उन्हें राशन पानी पहुंचाने की व्यवस्था होती। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार आपदा में अवसर खोजने के मामले में एक ही है। बाढ़ में भाजपा की सरकार को भ्रष्टाचार का अवसर मुंह मांगे मिल गया है। बाढ़ राहत के नाम पर अनाप-शनाप खर्च करने का ड्रामा हो रहा है। असली जरूरतमंदो तक राहत सामग्री नहीं पहुंच रही है। बचाव कार्य नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार गड्ढ़ा भरने के नाम पर ऐसे ही कई करोड़ का बजट हवा में खपा चुकी है। अखिलेश ने कहा कि खुद प्रधानमंत्री और

यूपी के मुख्यमंत्री के गृह जनपदों में भी भारी बरसात से तबाही मची है। काशी में लोगों के घरों में पानी ही पानी है। क्योटो बनने वाला शहर जल में बसा शहर वेनिस बन गया है। वहां नाव की नौबत आ गई है। नाकामी से गोरखपुर में तबाही मची है। एक घंटे की बारिश में गोरखपुर में तमाम मुहल्ले.गलियां तालाब बन गई। ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त हो गया है। जल निकासी के दावे पानी में ही बह गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां बारिश का प्रकोप बढ़ा है बिजली और पानी का संकट गहराता है। गांवों की हालत बदतर है। गोरखपुर में ही राजगढ़ 7 घंटे और गोला क्षेत्र के 20 गांवों में 17 घंटे से बिजली गुल रही। भाजपा का खोखला विकास जनता के सामने बेनकाब हो गया है। समाजवादी पार्टी के विरूद्ध रोज नए षडयंत्र की रणनीति से फुरसत मिले तभी तो जनहित की योजनाओं पर उसका ध्यान जाएगा।

बुंदेलखंड के सात जिलों में 5.34 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में 15 अगस्त तक लगाए जाएंगे 35 करोड़ पौधे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एक तरफ जब दुनिया के बड़े हिस्से में मरुस्थलीकरण का खतरा बढ़ रहा है, तब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से बीते 6 साल से चल रहे वृहद पौधरोपण अभियान ने सबका ध्यान खींचना शुरू कर दिया है। 6 साल में 135 करोड़ पौधरोपण अपने आप में एक कीर्तिमान है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस साल सरकार 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा करने जा रही है। इसके लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों के लिए अलग अलग लक्ष्य तय किये गये हैं। वन विभाग की ओर से 12.60 करोड़ जबकि राज्य सरकार के अन्य 23 और केंद्र सरकार के दो विभाग 22.40 करोड़ पौधरोपण इस साल करेंगे। सबसे अहम बात ये है कि बुंदेलखंड रीजन के दो मंडलों में सर्वाधिक पौधरोपण करने की योजना है। योगी सरकार 22 जुलाई को 30 करोड़ जबकि 15 अगस्त को 5 करोड़ पौधे रोपित करेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद से ही प्रदेश की

हरितिमा में वृद्धि के साथ ही भविष्य में होने वाले पर्यावरणीय खतरे को भांपते हुए पौधरोपण अभियान को जनआंदोलन के रूप में क्रियान्वित करने पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार के 24 विभागों को सभी 18 मंडलों में वृहद पौधरोपण की जिम्मेदारी मिली है। सबसे अधिक पौधरोपण लखनऊ मंडल में होना है। इसके बाद क्रमशरू कानपुरए चित्रकूट, झांसी और मिर्जापुर मंडल में सर्वाधिक पौधरोपण का लक्ष्य है। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सर्वाधिक शुष्क इलाकों में शामिल बुंदेलखंड के दो मंडलों में मौजूद सात जिलों चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में योगी सरकार की ओर से 5.34 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे। इनमें सबसे ज्यादा औद्योगिक और इमारती वृक्षों के पौधे होंगे उसके बाद फलदार, औषधीय, सुगंधित, पर्यावरणीय, चारा और शोभाकार किस्म के पौधे रोपे जाएंगे। इससे न सिर्फ बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यावरणीय असंतुलन को खत्म करने में मदद मिलेगी, साथ ही साथ किसानों की आय और कृषि आधारित रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश सरकार पहले ही बुंदेलखंड में औद्यानिक खेती को बढ़ावा देने में जुटी हुई है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। योगी सरकार ने प्रतिवर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही अगले 5 साल के लिए भी बड़ा लक्ष्य तय किया है। सरकार 2027 तक 175 करोड़ पौधों को रोपने का लक्ष्य लेकर चल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे तकरीबन 72 मिलियन टन कार्बन डाई ऑक्साइड का अवशेषण किया जा सकेगा।

बता दें कि स्वस्थ और मध्यम आयु का एक वृक्ष प्रतिदिन 225.80 लीटर ऑक्सीजन का उत्पान करता है। ऐसे में आगामी 22 जुलाई से प्रदेश में रोपित किये जाने वाले 35 करोड़ पौधे जब वृक्ष का रूप धारण करेंगे तो प्रतिदिन 7903 करोड़ लीटर ऑक्सीजन का उत्पादन करेंगे। यहीं नहीं एक वृक्ष वातावरण से हर साल 5.89 किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड को पृथक करता है। इस प्रकार 20.615 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड पृथक करते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को न्यून करने में सहायक होंगे।

किस मंडल में कितने पौधों का होगा रोपण

मंडलवार पौधरोपण की बात करें तो लखनऊ मंडल में 4 करोड़, कानपुर में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मिर्जापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ मंडल में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती मंडल में 1.08 करोड़, सहारनपुर मंडल में 0.88 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य है।

सरयू का जलस्तर बढ़ने से सैकड़ों गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा

संवाददाता। सीतापुर

भारी बारिश और बैराजों से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी से सीतापुर के गांजरी इलाके में हालात बेकाबू होने के आसार बनते जा रहे है। बैराजों से लगातार लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। ऐसे में किसी भी समय सैकड़ों गांवों को सरयू और शारदा नदिया अपने आगोश में ले सकती है। हालांकि घाघरा अभी खतरे के निशान से 40 सेंटीमीटर दूर है। लेकिन जिस तरह से पहाड़ो पर बारिश हो रही है और बैराजों से पानी छोड़ा जा रहा वह किसी भी समय तबाही के रुप में तब्दील हो सकता है। तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित कनरखी अखरी, अंगरौरा, बक्शी पुरवा, शंकरपुरवा, निरंजन पुरवा, मिश्रनपुरवा, फ्तेहपुरवा सहित दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को बाढ़ का भय सताने लगा है। हालाकि प्रशासन लगातार स्थितियों पर नजर बनाए हुए है फ्रि भी ग्रामीण डरे और सहमें हुआ है। गांव निरंजन पुरवा के अवधेश ने आई इंडियो को फोन पर बताया कि नदी का पानी रात से बढ़ रहा है लेकिन अभी नदी के अंदर ही बह रहा है। यही के राममूर्ति यादव ने बताया यदि जलस्तर में वृद्धी हुई तो एक दो दिन में बाढ़ जैसे हालात हो जाएगें।

तटबंध पर रह राकेश ने बताया उजाला के लिए बंधा पर तीन सोलर पैनल लगवाए गए है। जिससे अब अंधेरा नहीं रहता है यहीं रह हरी ने बताया कि बंधा पर रह रहे लोगों के लिए हैंडपंप और शौचालय बनवाया जाना जरुरी है। बीडीओ रामपुर मथुरा मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि बाढ़ प्रभावी गावों के सेक्रेटरी को सड़क पानी प्रकाश शौचालय आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दे रखे है। उधर शनिवार को गिरिजा बैराज से एक लाख 15 हजार,शारदा बैराज से एक लाख 31 हजार बनबसा बैराज से 38 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे रामपुर मथुरा इलाके से होकर निकली सरयू नदी के जलस्तर में वृद्धि जारी है। बाढ़ व कटान प्रभावित तहसील बिसवां क्षेत्र के मुजेहना, रंदाकोडर, थानगांव,राजपुर क्योटाना आदि गावों का भ्रमण तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह ने राजस्व टीम के साथ किया। उन्होने रंदा कोडर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों को बाढ़ के प्रति सचेत किया, और प्रभावित गांव में नाव, नाविक , गोताखोर की उपलब्धता की जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ लेखपाल विवेक, निर्मल, फुरकान अली साथ रहे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने 16 सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन दिया

संवाददाता। बरेली

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बरेली पर संगठन के जिला अध्यक्ष एवं मंडलीय मंत्री डॉ नरेश सिंह की अध्यक्षता में जनपद के कोने-कोने से आए शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया । 16 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह को सौंपा। जिसमें प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन की बहाली, वित्त विहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, राज्य कर्मचारियों की भर्ती कैशलेस चिकित्सा सुविधा, तदर्थ शिक्षकों का विनिमियतीकरण, एनपीएस अच्छादित रिटायर शिक्षकों कर्मचारियों के देयकों का भुगतान, बोर्ड पारिश्रमिक भुगतान, कम्प्यूटर, व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक कर समान वेतन, स्थानांतरण नीति सुगम हो, सामूहिक बीमा पुनः शुरू हो, विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन में शामिल किया जाए, सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए इत्यादि 16 सूत्रीय मांगों लेकर ज्ञापन दिया गया । जिलाध्यक्ष एवं मंडलीय मंत्री डॉ नरेश सिंह ने कहा कि संगठन की सबसे पुरानी पुरानी पेंशन बहाली और राज्य सरकार की भाँति निशुल्क चिकित्सा कैशलेस की है । सरकार से मांग है कि पुरानी पेंशन लागू करें। पुरानी पेंशन शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बुढ़ापे की लाठी है । कई राज्यों में पुरानी पेंशन लागू हो चुकी है।

बिजुवामऊ में तेंदुए ने बैल पर किया हमला, गांव की हजारों आबादी भय और दहशत में रहने को मजबूर

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर में बाघ और तेदुंआ महीनों से विचरण कर रहे हैं उनके द्वारा आए दिन पशुओं को निवाला बनाया जा रहा है। वन विभाग सिर्फ पग चिन्हों का पता लगाने तक ही सीमित है। गांवों की हजारों की आबादी भय और दहशत में जीने को मजबूर है। डरे सहमे किसान खेतों की तरफजाने से बच रहे है तो दूसरी तरफबच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। इतना सब होने के बावजूद वन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है। अभी कुछ दिन पहले महोली क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी सामने आई थी। ड्रोन कैमरे से उसके होने के सबूत भी मिले थे। इसके बाद सकरन इलाके में तेंदुए की आहट सुनाई दी। अभी चार दिन पहले भेड़ियो के झुंड ने एक दर्जन से अधिक बकरों को निवाला बना डाला और दो बच्चों पर भी हमला किया। इसी बीच मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिजवामऊ का मजरा एकडला में शुक्रवार की रात तेंदुए ने एक बैल को मारकर घायल कर दिया यह बैल ग्रामीण भगतराम राजवंशी के दरवाजे पर बंधा था। ग्रामीणों का कहना है कि बीते करीब एक सप्ताह से तेंदुआ थाना क्षेत्र के जंगल में देखा जा रहा है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई लेकिन कोई गांव झाकने तक नहीं आया। आज जब बैल पर हमला होने और उसकी मौत हो जाने की सूचना दी गई तो मौके पर फारेस्ट गार्ड आए और उन्होने इसे भेड़िया के द्वारा किया गया हमला बताते हुए वापसी कर ली। बहरहाल तेंदुए की दहशत से ग्रामीण न खेत जा पा रहे है और न ही अभिभावक बच्चों को स्कूल भेज पा रहे है।

बरेली के अवनीश बने श्री राम कॉलेज ऑफकॉमर्स में असिस्टेंट प्रोफेसर'

बरेली। बरेली जिले की फरीदपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खजुरिया सम्पत निवासी अवनीश कुमार शर्मा पुत्र उमेश चंद्र शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफकॉमर्स में गणित विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर स्थाई रूप से नियुक्ति प्राप्त की है।

अवनीश शर्मा बताते हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा बरेली से ही हुई हैं जिसमे इंटर उन्होंने जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर बरेली से की ,जिसके बाद बरेली कॉलेज से बीएससी की डिग्री प्राप्त कर अपनी मेहनत से जाकिर हुसैन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय गणित विषय में दाखिला लेकर एमएससी की डिग्री प्राप्त की।

पढुआ पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

संवाददाता। ढखेरवा-खीरी

पढुआ पुलिस ने शनिवार को एक झोपड़ी में संचालित अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने आरोपी के पास से कई बने अधबने अवैध शस्त्र और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। एडिशनल एसपी नैपाल सिंह ने थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी दी।

पढुआ थाना पुलिस को किसी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि राजपुर गांव से सरयू नदी की ओर जाने वाले रास्ते पर गन्ने के खेत में बनी एक झोपड़ी मैं अवैध शस्त्र बनाने का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। पुलिस टीम के द्वारा झोपड़ी में छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध हथियार बनाते हुए एक अभियुक्त को रंगे हाथ दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम सागर निवासी राजपुर बताया। सागर की निशानदेही पर पुलिस ने दो बाहर बोर देसी बंदूक, एक देसी रायफल 315, तीन बारह बोर देसी तमंचे, दो देसी तमंचे 315 बोर, तीन अधबने देसी तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर, 7 खोखा 12 बोर, दस खोखा 315 बोर और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए। कार्रवाई के दौरान थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी, ढखेरवा चौकी इंचार्ज बाबूराम, एसआई अवलीश पेवार, हेड कॉन्स्टेबल अबरार हुसैन, नरेश गंगवार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, अखिलेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, कर्ष्णि कुमार आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

एसपी ने किया दस हजार रुपए पुरस्कार देने का ऐलान

पढुआ थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में भारी मात्रा में बरामद किए गए अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दस हजार रुपए का पुरस्कार देने का ऐलान किया है। यह जानकारी थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एडिशनल एसपी नैपाल सिंह ने दी।

नवागत सीएमओ डॉक्टर हरपाल सिंह ने सीएचसी सिधौली का किया औचक निरीक्षण

- इमरजेंसी कक्ष में फर्स्टेड बॉक्स और अंधेरा पसरा होने पर जताई नाराजगी
- फास्टेड बॉक्स प्रबंध कराने के दिए निर्देश

सीतापुर। सीतापुर के सीएचसी सिधौली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे नवागत सीएमओ डाक्टर हरपाल सिंह ने इमरजेंसी कक्ष में फर्स्टर्ड बाक्स न होने एंव अस्पताल परिसर में अंधेरा पसरा होने पर नाराजगी जताई और प्रंबध कराने के निर्देश दिए। सीएमओ शुक्रवार की रात करीब 8.30 बजे सीएचसी सिधौली पहंचे। ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर अश्वनी वर्मा के साथ उन्होने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष इमरजेंसी रुम आदि को देखा। दवा देने आई एक मरीज महिला से बात चीत की। इमरजेंसी कक्ष में फर्स्टर्ड बाक्स न होने पर नाराजगी जताई। महज दस मिनट में अस्पताल का निरीक्षण कर वह वापस हो लिए। इसी दौरान अस्पताल परिसर में अंधेरा पसरा होने का कारण पूछा तो डाक्टर अश्वनी कुमार वर्मा ने उन्हे बताया कि इस समय बिजली न होने के कारण अंधेरा है इस पर उन्होने इन्वर्टर की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। सीएमओ डाक्टर हरपाल सिंह के चले जाने के करीब पांच मिनट बाद सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आरे के वर्मा भी अस्पताल पहुंच गए थे।

डीएम ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील पलिया के सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम कार्तिकेय सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने

कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ पात्र, जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रयास करें।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 71 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 31, पुलिस 11, विकास व विद्युत 09-09, नगर निकाय व पीडब्ल्यूडी के 02-02, अन्य विभाग के 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, एसओसी ओपी अंजोर, सीओ पलिया, तहसीलदार भीमसेन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ने हेल्थ एटीएम का किया शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ स्वास्थ देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ एटीएम लगाने की तैयारी कर रहा है। इसमें जिले के सभी विधायकों का पूरा सहयोग मिला है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 हेल्थ एटीएम खरीदे गए हैं। इसमें पहले हेल्थ एटीएम का शुभारंभ सीएचसी पलिया पर विधायक और रोमी साहनी के कर कमलों द्वारा किया गया है। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। पलिया विधायक रोमी साहनी द्वारा सीएचसी पलिया में शनिवार की शाम हेल्थ एटीएम की शुरुआत की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही है। हेल्थ एटीएम भी इसी का एक हिस्सा है। इसके माध्यम से 98 से अधिक जांचें कराई जा सकती हैं और उसके बाद चिकित्सकों द्वारा मरीज का बेहतर इलाज किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में हेल्थ एटीएम की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सबसे पहले की गई है और पलिया की जनता को यह हेल्थ एटीएम उन्होंने समर्पित किया है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि पलिया सीएचसी पर हेल्थ एटीएम की शुरुआत की गई है। पूरे जनपद में चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। इसके लिए जनपद के सभी विधायकों ने अपना पूरा सहयोग दिया है और इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 हेल्थ एटीएम खरीदे गए हैं। जिसका सीधा फायदा जिले की आम जनता को मिलेगा। 98 से अधिक जांचें हेल्थ एटीएम के माध्यम से हो सकेगीं और प्रशिक्षित चिकित्सकों से उनका इलाज भी संभव होगा।

विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरेली। मायके से ससुराल आने के अगले ही दिन विवाहिता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव दलेल नगर निवासी कंचन कुमार की 21 वर्षीय पत्नी किरण कुमारी ने बीती रात घर में ही छत के कुंडे से साड़ी बात कर फांसी लगा ली क्योंलड़िया थाने के गांव के गांव नथिया निवासी रामपाल की बेटी किरण का विवाह लगभग 1 वर्ष पूर्व हुआ 13 दिन पूर्व वह अपने मायके गई थी जहां से कल दिन में वह ससुराल लौटी थी दोपहर में भी लगभग 3 बजे उसकी अपने पिता से मोबाइल फोन पर बात हुई थी मायके वालों ने आरोप लगाया कि शाम को पति से हुए झगड़े के बाद पति और ससुरालियों ने उसको जिससे उसकी मौत हो गई उन्होंने शव को फांसी पर लटका दिया।

इफको नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक है वरदान

संवाददाता। बरेली

इफ्को नैनो यूरिया (तरल) आंवला संयंत्र का औचक भ्रमण मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र उत्तर प्रदेश शासन ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी ने संयंत्र भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव श्री मिश्र को बताया कि भारत में निर्मित नैनो यूरिया (तरल) के प्रयोग से किसानों की उन्नति,लहलहाती फसल और आय में बढ़ोत्तरी से होगी ।श्री राकेश पुरी जी ने संयंत्र में तैयार हो रही नैनो यूरिया (तरल)बोतल की गुणवत्ता के बारे में मुख्यसचिव को बताया कि किसानों की सहकारी संस्था इफ्को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ष्सहकार से समृद्धिष् के मिशन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।श्री दुर्गा शंकर मिश्र, मुख्य सचिव,उत्तर प्रदेश शासन ने इस पर बल दिया कि किसानों की उन्नत पैदावार के लिए इफ्को नैनो यूरिया (तरल)उर्वरक वरदान है।

इस अवसर पर संयंत्र में तैयार हो रहे उर्वरक की बॉटल की खूबियों के बारे में श्रीमती सौम्या अग्रवाल मंडलायुक्त बरेली मंडल ,डॉ राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बरेली रेंज, बरेली, श्री शिवाकांत द्विवेदी जिलाधिकारी बरेली को नेनौ उर्वरक की गुण्वत्ता, उत्पादन की तकनीकि जानकारी के बारे में इफ्को के अधिकारियों ने बताया कि कैसे 500उस (तरल)उर्वरक बॉटल यूरिया की एक बोरी खपत को कम कर रही है, जिससे किसानों के कांधे यूरिया की बोरी का बोझ कम होगा और आर्थिक रुप से देश का किसान मजबूत होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए इफ्को पॉल पोथन नगर स्थित स्वर्ण जयंती उद्यान में श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ,मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन पौधारोपण किया, उद्यान में श्री राकेश पुरी वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इफ्को, वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एस सी गुप्ता, श्रीमती सौम्या अग्रवाल मंडलायुक्त ,बरेली मंडल, श्री शिवाकांत द्विवेदी, जिलाधिकारी, बरेली ,वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एससी गुप्ता, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री राम मोहन सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधे रोपित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक ने मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा जी को प्रबंध निदेशक, इफ्को डॉ उदय शंकर अवस्थी जी पर लिखित बायोपिक इपवहतंचील त्याग, तपस्या और आम आदमी को सफ्लता के शिखर तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती ',पुस्तक सप्रेम भेंट की।

क्विक न्यूज

ग्राम कुर्मिनपुरवा में पशुपालक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

निघासन-खीरी। बाएएफ तथा एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बाएफ पशु विकास केंद्र झंडी राज अंतर्गत ग्राम कुर्मिन पुरवा में पशुपालक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में पधारे बाएएफ के पशु-चिकित्सक डॉ परितोष मिश्रा ने पशुपालन के बारे में पशुपालकों को तमाम उपयोगी जानकारी प्रदान की। जिला कार्यक्रम अधिकारी विश्वदीप श्रीवास्तव ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के सहयोग से पशुपालकों को उन्नत किस्म के चारे के विभिन्न किस्मों के बीज अनुदानित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर डा0 इन्द्रेश विनोद वर्मा , रितेश ओझा , रामलखन , रतिराम , तथा जगदीश शर्मा सहित सभी चयनित पशुपालक उपस्थित रहे ।

बरेली नाथ नगरी के कांवरियों ने किया महाकाल बाबा का जलाभिषेक

बरेली । जय श्री महाकाल बेड़ा संघ के लगभग 101 कांवरियों ने नर्मदा से पैदल चलकर महाकाल बाबा का जलाभिषेक किया भाजपा महानगर मंत्री , कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अमरीश कठेरिया एडवोकेट ने बताया कि पांच दिनो की सुगम और दुर्गम पथ की यात्रा कों पूर्ण कर भोलेनाथ की कृपा से आनंद लेते हुए पार कर तथा रास्ते में प्राचीन मंदिरों के दर्शन कर अपनी यात्रा को विधिवत पूर्ण किया। अमरीश कठेरिया ने बताया कि बरेली नाथ नगरी से हजारों की संख्या में और भी कांवरियों के बेड़ो ने जैसे बरेली नाथ नगरी बेड़ा, सीबी गंज से दो बेड़े तथा बरेली जिले के अन्य क्षेत्रों से कांवरियों ने अपनी यात्रा शुरू कर महाकाल बाबा का जलाभिषेक किया जय श्री महाकाल बेड़े के व्यवस्थापक सोनू बाबू,सौरभ गुप्ता,राजू कश्यप, मनोज सक्सेना काकू नितिन पप्पू निरंतर वेडे में आएं कांवरियों की सारी व्यवस्था करते हैं अमरीश कठेरिया ने बताया कि इस बार इस बेड़े से 101 कांवरियों ने महाकाल बाबा को जलाभिषेक किया।

तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बरेली। लूटपाट गोकशी व अन्य गंभीर अपराधों के बाद फरार चल रहे तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा उत्तराखंड के वार्ड नं0 18 सिरौली कलां थाना पुलभट्टा जनपद ऊधमसिंह नगर के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानों पर लूट, आयुद्ध अधिनियम, गौकशी, आदि आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं गैंग के सदस्य बग्गा सिंह पुत्र जुगेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला सिरौली कलां बंगाली कॉलोनी बार्ड नं0 17 किच्छा थाना पुलभट्टा जनपद ऊधमसिंह नगर के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानों पर लूट, आयुद्ध अधिनियम आदि के 04 अभियोग पंजीकृत हैं और रफीक उर्फगुड्डू पुत्र मोहम्मद सफीक निवासी मोहल्ला सिरौली कलां बार्ड नं0 04 किच्छा थाना पुलभट्टा ऊधमसिंह नगर के विरूद्ध बरेली के विभिन्न थानों पर लूट, आयुद्ध अधिनियम आदि के 04 अभियोग पंजीकृत हैं उक्त तीनो अभियुक्तगण गैंग बनाकर अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित करते हैं। इनके विरूद्ध थाना शाही में गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया है ।

दो घरों से लाखों की नगदी व माल चोरी

बरेली। रात के समय में 2 घरों में घुसे चोरों ने लाखों का जेवर नकदी चोरी कर लिया सुबह होने पर घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई ।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव अंसारी मोहल्ला नगरिया कल्याण निवासी अहमद नबी के घर में घुसे चोरों ने अलमारी में रखे 17 तोले सोने के जेवर 2 लाख रुपए नगद और लगभग 1 किलो चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया घरवालों ने बताया कि अहमद नवी का विवाह 4 माह पूर्व हुआ था वह नोएडा में कपड़े का काम करता है उसकी पत्नी कल भोजीपुरा में अपने मायके चली गई थी मां दूसरे भाई के साथ कमरे में सो रही थी रात में किसी समय घर में घुसे चोरों ने घर की अलमारी में रखे लाखों के जेवर नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया इसके अलावा चोरने पास में ही रहने वाले कपड़ा कारोबारी जाकिर हुसैन के घर में घुसने के बाद वहां अलमारियों में रखे लगभग 10 तोला सोने के जेवर व 70 हजार रुपए नकद एवं चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया सुबह होने पर दो घरों में हुई लाखों की चोरी की जानकारी मिलते हैं गांव में हड़कंप मच गया घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

बरेली । चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी । नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव दुलहर नगर निवासी महेश कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार की लाश आज सुबह बहेड़ी थाना क्षेत्र जाम रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन के किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि महेश कुमार उत्तराखंड के रुद्रपुर इलाके में एक फैक्ट्री में काम करता था और कल शाम को ट्रेन से घर वापस लौटने के लिए रुद्रपुर से चला था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा और रास्ते में ही जाम रेलवे फाटक के पास ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई सुबह होने पर लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन के पास देखा और पुलिस को सूचना दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी।

ज्ञान ज्योति जला रहा आईआर इंटर कॉलेज

- नवनियुक्त प्रधानाचार्य का अभिनंदन समारोह आयोजित

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

क्षेत्र की ख्याति लब्ध शिक्षण संस्था आईआर इंटर कॉलेज के नवनियुक्त प्रधानाचार्य अजय शुक्ला के अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सैयद फ्जल रसूल 'बाबा' ने कहा कि आईआर इंटर कॉलेज क्षेत्र में डेढ़ सौ वर्षों से शिक्षा की मशाल जलाए हुए है और इसकी रोशनी को बनाए रखना तथा और अधिक रोशन करना हम सभी का दयित्व है।

कॉलेज के नवनियुक्त प्रधानचार्य अजय कुमार शुक्ला के अभिनंदन के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। इस में अभिनंदन मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सैयद फ्ज़ल रसूल 'बाबा', ताल्लुकदार जलालपुर ने कहा कि आईआर इंटर कॉलेज की स्थापना स्व0 सैयद इल्तिफात रसूल ने तत्कालीन ब्रिटिश जिलाधिकारी एबी टर्नर के हाथों क्षेत्र में ज्ञान के प्रकाश को फैलाने के लिए की थी और तभी से यह कॉलेज अनवरत रूप से शिक्षा की ज्योति जलाए हुए है। इस कॉलेज की प्रबंधक एवं भारतीय संविधान समिति की सदस्या कुदेसिया बेगम के अलावा आजीवन नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रहे नवाब सैयद ऐजाज रसूल ने गंभीरतम प्रयास करके इसे इंटर मीडिएट के सभी वर्गो की शिक्षा का एक बेहतरीन संस्थान बनाया जिसे अक्षुण्ण रखने का प्रयास वर्तमान प्रबंधक बेगम इशरत रसूल द्वारा किया जा रहा है। कॉलेज में समय-समय पर ऐसी प्रतिभाओं को निखारा है जिन्होंनें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस कॉलेज का नाम रोशन किया है। इसकी गरिमा बनाए रखना और शिक्षा के स्तर को उच्च रखना हम सभी का दयित्व है। इसी अवसर पर कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्य मो0 अनीस खां, अनुपम अस्थाना, श्रीयुत श्रीराम, सेवानिवृत्त प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी, यशवंत सिंह आदि के अलावा प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक तुलसी राम कन्नौजिया ने अपने विचार रखे। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रधानाचार्य अजय शुक्ला ने कहा कि वे कॉलेज को शिक्षा की नई ऊचाईयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। इसी अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रातीय महासचिव आशीष कुमार सिंह ने कहा कि आईआर इंटर कॉलेज वह शिक्षण संस्थान है जहां छात्र छात्राओं में नवीन सपनों के बीज अंकुरित, पुष्पित एवं पल्लवित होते हैं। सेवा निवृत्त प्रवक्ता शरफ्उद्दीन खां इस अवसर पर उपस्थित रहे।

समाधान दिवस पर शिकायतों का हो निस्तारण : डीएम

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी एमपी सिंह ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण किया जाना चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी एमपी सिंह ने कहा कि समाधान दिवस प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करनी है। शिकायतकर्ता की समस्या का निस्तारण इस प्रकार होना चाहिए कि उसे यह अनुभव हो कि उसकी समस्या का वास्तवित समाधान हो गया है। ऐसा प्राय: देखा गया है कि आधी अधूरी कार्रवाई से शिकायतकर्ता को बार बार विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रार्थना पत्र देने पड़ते हैं जिससे कई बार छोटी छोटी समस्याएं गंभीर रूप धारण कर लेती हैं और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष विषम परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। समाधान दिवस में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने पूर्ति अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व विभाग की शिकायतों पर उन्होंनें तहसीलदार समेत समस्त राजस्वकर्मियों को विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

इसी अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि पुलिसकर्मी राजस्वकर्मियों के साथ समनवय बना कर ग्राम मयंचलों की समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्य करें। उन्होंनें आसन्न मोहर्रम के त्यौहार और चल रही कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश पुलिसकर्मियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम तान्या मिश्रा एवं सीओ अंकित मिश्रा समेत तमाम जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस समाधान दिवस में 244 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 5 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया है और शेष पर कार्रवाई के लिए एक सप्ताह का समय अधिकारियों को दिया गया।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

● त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में तहसील सभागार रसूलाबाद में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में 168 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की 90, विकास 13, पुलिस 28, सिंचाई विभाग 3, विद्युत 7, आपूर्ति 7 तथा अन्य 11 शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए, उप जिलाधिकारी रसूलाबाद से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए । उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण हेतु दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्ट भी किया जाए।

इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए उर्द के बीच किट का भी वितरण किया गया।

इस मौके पर रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, उप जिलाधिकारी रसूलाबाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन रेल ऊपरगामी सेतु रूरा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा निर्माणाधीन रेल ऊपरगामी सेतु रूरा का किया गया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था को मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराए जाने जाने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराए जाएं, जिससे यहां के लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने वहां पर कार्य कर रहे मजदूरों द्वारा हेलमेट ना पहने जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मजदूरों को मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण अवश्य उपलब्ध कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोदी-योगी ने स्वच्छता अभियान को बनाया जनांदोलन

चित्रकूट। नगर पंचायत मऊ में शनिवार को आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया।इस मौके पर सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने देश भर में स्वच्छता को जनांदोलन का रूप दिया।आज हर व्यक्ति के अंदर अपने नगर और गांव को स्वच्छ और सुंदर रखने की भावना जागृत हुई है। जिले की नवसृजित नगर पंचायत मऊ में आयोजित स्वच्छता अभियान की मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी,नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी एवं ब्रांड एंबेसडर शारदा अग्रहरि की मौजूदगी में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।इस मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में स्वच्छता को जनांदोलन का रूप दिया गया है। आज पूरे देश मे स्वच्छता को लेकर आमजनमानस में बडी जागरूकता आयीं है।हर व्यक्ति अपने घरों,मोहल्लों एवं शहरों को साफ और स्वच्छ बनाने में योगदान दे रहा है।स्वच्छता के प्रति आयी जागरूकता से संक्रामक बीमारियों की रोकथाम होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी बडी मदद मिली है।

स्वास्थ्य समृद्धि में श्रीअन्न की भूमिका विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

संवाददाता। चित्रकूट

शिक्षक, पत्रकार, प्रकाशक और समाजसेवी वेद प्रकाश शुक्ल की जन्मतिथि तिथि के अवसर पर शुक्रवार को विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। चित्रकूट में वेद प्रकाश स्मृति वाटिका, ग्राम रैपुरा में बहुप्रतीक्षित सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ कराने के लिए के लिए सरकारी विशेषज्ञ चिकित्सक की व्यवस्था के लिए प्रभावी प्रयास का निर्णय लिया गया। कार्यक्रमो की प्रस्तुति की श्रृंखला में गूगल मीट प्लेटफॉर्म मे पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं पं वेद प्रकाश शिव प्रताप शुक्ला स्मृति सेवा न्यास द्वारा स्वास्थ्य समृद्धि में श्री अन्न की भूमिका विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के मुख्य अतिथि अतिथि दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के संगठन सचिव अभय महाजन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रोफेसर भरत मिश्र ने की। मुख्य वक्ता एवम विशिष्ट अतिथि लोक सेवा आयोग प्रयागराज के सदस्य डॉक्टर एचपी सिंह ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे भवंतु निरामया की भावना को लेकर चला है। उन्होंने मोटे अनाज को स्वर्ण अन्न की संज्ञा देते हुए कहा कि यह कई बीमारियों के निदान के साथ-साथ स्वास्थ्य में भी लाभदायक है। इसकी खेती के लिए जल की मात्रा भी कम लगती है साथ ही यूरिया डीएपी और कीटनाशक का उपयोग भी नहीं करना पड़ता। दूध देने वाले जानवरों के लिए भी इसका चारा बहु उपयोगी है। बुंदेलखंड में विशेषकर गर्मियों में जानवरों के लिए यह वरदान है। इसके पूर्व आधार व्याख्यान कृषि एवम पशुपालन विषय के प्राध्यापक और अखिल भारतीय सह प्रमुख शिक्षण संस्थान कार्य विभाग एवम प्रांत प्रमुख पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, कानपुर डॉ उमेश कुमार शुक्ल ने दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केंद्र एवं राज्य सरकार विभिन्न प्रकार से मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही हैं।

क्विक न्यूज

पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व दो वारंटी को दबोचा है। शनिवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राकेश मौर्य ने आरक्षी राजीव कुमार सिंह के साथ पॉक्सो एक्ट के वांछित मंजीत यादव पुत्र माताप्रसाद यादव निवासी लौरी थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह ने सिपाही राहुल देव के साथ वारंटी राजू दर्जी पुत्र गया प्रसाद दर्जी निवासी नई दुनिया को गिरफ्तार किया। भरतकूप के दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय ने सिपाही मयंक तिवारी के साथ दुर्घटना के वारंटी रामजस वर्मा पुत्र रामभरोसा निवासी मुखियान पुरवा मजरा पियार थाना फतेहगंज जिला बांदा को गिरफ्तार किया है।

भटक कर आई 13 भैंस को मालिकों के किया सुपुर्द

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर चौकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने भटक कर आयी 13 भैंसों को मालिकों के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि 13 भैंस भटक कर चौकी सरैंया क्षेत्र सीमा में आ गई थी। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से चौकी सरैंया पुलिस ने संरक्षण में लेकर भैंस मालिकों के बारे में जानकारी की। सभी मवेशियों को उनके मालिकों के सुपुर्द किया। भैंस मालिक लक्ष्मणदत्त यादव पुत्र भौड़ीलाल यादव निवासी बनियन पुरवा मजरा खरौंध कोतवाली कर्वी की पांच भैंस, तीन बड़ी भैंस, एक पडिया व एक पड़वा, सूरजभान पुत्र महादेव निवासी टिकारी मजरा सेमरदहा थाना बहिलपुरवा की पांच भैंस व एक पड़िया, विद्याधर पुत्र लोधवा हरिजन निवासी चंद्रामारा थाना बहिलपुरवा की पांच भैंस थी।

नेशनल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

बाराबंकी। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में नेशनल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के विद्वानों ने 400 के करीब प्रतिभागियों को संबोधित किया तथा उनके प्रश्नों और समस्याओं का हल प्रदान किया। फैकल्टी और शोध छात्रों ने दस विद्वानों के व्याखानों का लाभ उठाकर अपने शैक्षणिक स्तर को लाभान्वित किया। निदेशक डॉ. रोहित पी. साबरन के मार्गदर्शन में अजय प्रताप सिंह, मनीष प्रताप सिंह, डॉ. शशांक शेखर, डॉ. कौशलेंद्र, डॉ. देवेन्द्र तथा जिया सचान ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा डॉ. संजय सिंह, डॉ. अमर पाल सिंह, डॉ. सैय्यद सादिक हुसैन आब्दी, डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, डॉ. अपूर्व मवई, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. प्रीति बाला मिश्रा, डॉ. रिद्धि साहा, डॉ. पीसी मिश्रा एवं डॉ. श्रुति शर्मा ने प्रमुख वक्ता के रूप में उपरोक्त कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. रोहित पी साबरन ने सफल कार्यक्रमों की लगातार श्रृंखलाओं के लिए चांसलर पंकज अग्रवाल, प्रो चांसलर पूजा अग्रवाल तथा बाइस चांसलर डॉ. देवेन्द्र कुमार शर्मा के विभाग पर विश्वास और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया तथा भविष्य में गुणवत्ता के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

मांगों को लेकर माशिसं ने धरना देकर सीएम को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर। शिक्षकों की समस्याओ व मांगों को लेकर उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षको ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ला की अगुवाई मे शिक्षकों ने डीआईओएस को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपकर उनकी मांगों व समस्याओ के निस्तारण की मांग किया। सीएम को भेजे ज्ञापन में पुरानी पेंशन की बहाली, वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षको को समान कार्य का समान वेतन दिलाने, शिक्षको के विनियमितीकरण, निशुल्क चिकित्सा सुविधा आदि जैसी मांगे भेजकर उनकी समस्याओ पर कार्रवाई किये जाने की मांग किया। शिक्षकों ने जनपद स्तरीय समस्याओ को गिनाते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से इनके निस्तारण की मांग किया। इस मौके पर छोटे लाल सहनी, पुष्पराज सिंह, कमल सिंह चौहान, अतुल सिंह यादव, विनोद कुमार चौधरी आदि रहे।

किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी 52 वर्षीय पुत्र शिवलाल बीती शाम खेतों में धान की बियाड लगाने जा रहा था। तभी रोड से गुजरे अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दिया। जिससे रोड पर गिरकर शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए कानपुर लेकर जा रहे थे। तभी उसकी रास्ते में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिकअप ने मारी टक्कर, एक की मौत चार गम्भीर

फतेहपुर। कानपुर जनपद के नौबस्ता थाना क्षेत्र के अर्रा बिनगवा केडीए गल्ला मंडी निवासी दीनदयाल का 35 वर्षीय पुत्र राजकुमार अपने दोस्त अमित, जगमोहन, मनोज, व पप्पू के साथ ऑटो रिक्शा से अमौली चांदपुर थाना क्षेत्र आ रहा था। जब वह जहानाबाद थाना क्षेत्र के अमौली रोड पर पहुंचा तभी सामने से आई दूध की पिकअप से ऑटो रिक्शा की भिड़ंत हो गई। जिसमें राजकुमार की मौके पर मौत हो गई जबकि उसके चारों दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नजदीकी जहानाबाद सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उनको कानपुर रेफर कर दिया गया। वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोकपाल मनरेगा ने किया बागी और सोंधी गांव का निरीक्षण

कदौरा (जालौन)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की हकीकत परखने के लिए शनिवार को लोकपाल मनरेगा गंगा सिंह सेंगर ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सोंधी गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत कराए गए जलरोक बांध, सीसी, मेड़बंधी, तालाब, समतलीकरण आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य कर रहे श्रमिकों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। लोकपाल ने रोजगार सेवक,महिला मेट आदि को निर्देश दिए कि समय से हाजिरी भरे। इच्छुक व्यक्ति अगर कार्य करना चाहते है तो अपना आवेदन ग्राम पंचायत या बीडीओ कार्यालय में जमा कर सकते है। इसके बाद उन्होंने बागी के मजरा नजीरपुर स्थित अमृत सरोवर तालाब, सीसी, समतलीकरण आदि कार्यों को देखा। लोकपाल मनरेगा ने बताया कि शासन के निर्देश पर उन्होंने गांव में कराए गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया है, वह अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। इस दौरान अवर अभियंता अमित मिश्रा, अरविंद पाल, बागी प्रधान राज बहादुर, सोंधी प्रधान विजय किशोर, ब्रिजेंद्र पाल, भारत सिंह, करन साहू आदि मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर में लगी आग की चपेट में आने से महिला सहित दो बच्चों की मौत

● पति सहित तीन की हालत गंभीर, झांसी रिफर

संवाददाता। उरई (जालौन)

कोतवाली उरई क्षेत्र के अंतर्गत कोंच रोड़ पर पड़ने वाली कांशीराम कालौनी में शुक्रवार की देर शाम अचानक गैस सिलैंडर के फट गया जिसकी चपेट में आने से आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गये।जिन्हें घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने लाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर सभी की चिंता जनक हालत देख मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया।रास्ते में झांसी ले जाते समय महिला तथा उसकी दो बच्चियों की मौत गयी।जबकि महिला का पति दो पुत्रों का उपचार झांसी में चल रहा है जिनकी हालत चिंता जनक बताई जा रही है। कोतवाली उरई क्षेत्र के कोंच रोड़ स्थित बड़ी काशीराम कालौनी के ब्लाक नम्बर-21 निवासी अशोक कुमार 55 मकान में शाम को अचानक गैस सिलेंडर फट गया जिसकी चपेट में आने से एक ही परिवार के आरोही 02 वर्ष, पायल 04 वर्ष, निखिल 18 माह, शकुंतला 49 वर्ष पत्नी अशोक, रवि 25 वर्ष पुत्र अशोक गंभीर रूप से जलकर घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जिनकी हालत चिंताजनक देख डाक्टरों ने झांसी मेडिकल कालेज रिफर कर दिया जिनमें से रास्ते में आरोही 2 वर्ष, पायल 4 वर्ष तथा शकुंतला 49 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि अशोक कुमार, निखिल व रवि की हालत अभी भी चिंता जनक बताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने सुनीं समाधान दिवस में पीडितों की समस्याएं

खागा (फतेहपुर)। शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील खागा में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कृषि, सिंचाई, राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत, शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चकबंदी, नलकूप, पशुपालन, आवास, पेंशन, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों से सम्बंधित कुल 151 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर फरियादी को सूचित करते हुए निस्तारण किया जाए।

अन्ना जानवरों को गौशाला न भेजने पर भाकियू करेगा आन्दोलन

संवाददाता। चित्रकूट

भाकियू की मासिक किसान पंचायत तहसील राजापुर व मऊ में हुई। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह समेत सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार संजय अग्रहरि व एसडीएम मऊ को तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी ने ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को भाकियू जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसानों के खेतों में बीज उग आये हैं। अभी तक अन्ना जानवरों को गौशाला में संरक्षित नही किया। इससे किसानों को क्षति हो रही है। जिला प्रशासन ने कहा था कि फसल बुआई से पहले अन्ना जानवरों को पशु बाड़ा में बंद कर दिया जाएगा। भाकियू ने पिछले किसान दिवस में जानवरों को संरक्षित करने की मांग की थी। अभी तक जानवर संरक्षित न होने से मंहगाई की मार से किसानों को एक बार बीज बोना मुश्किल पड़ रहा है। फसल बर्बाद हुई तो किसानों की दशा बहुत दयनीय हो जाएगी। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि सरकार फिर किसानों के साथ धोखा कर रही हैं। महंगाई की मार से किसानों पर बोझ लादा जा रहा है। किसानों को 15 रुपये में जमीन की खतौनी मिलती थी। अब सरकार ने प्रति गाटा संख्या 15 रूपये खतौनी में कर दिया है। सरकार सिर्फ अपनी आय दोगुनी कर रही हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का फॉर्मूला फेल है। मण्डल सचिव उदयनारायण सिंह ने कहा कि जिले में बीज गोदामों में अच्छे किस्म के बीज व कीटनाशक दवाइयां नहीं है। मजबूरी में किसान प्राइवेट दुकानों से बीज व कीटनाशक खरीद रहे हैं। मण्डल उपाध्यक्ष ओमनारायण गर्ग ने कहा कि तिरहार क्षेत्र में बालू भण्डार मानकविहीन हैं। ठेकेदारों ने गांवों को जोड़ने वाली सड़को पर भारी वाहनों से सड़को को तहस-नहस कर दिया है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों व किसानों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। तीरधुमाई गंगू में जूनियर हाईस्कूल के पास बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के साधन नहीं हैं। नहर पर बनी सड़क ध्वस्त हो चुकी है। जिला प्रशासन आंखों पर पट्टी बांधे है। जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि 30 जुलाई तक गौशालाओं में जानवर संरक्षित न होने पर बडा आंदोलन किया जाएगा।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने सर्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कालपी के तहसील सभागार में जनसुनवाई को गंभीरता से सुनते हुए शिकायतकर्ताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस कालपी में 104 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने व क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं को राहत पहुँचाने हेतु कड़े निर्देश दिये।

गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों के मकान सील

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

गैंगेस्टर एक्ट के तीन आरोपियों पर कार्यवाही के लिए एसडीएम के नेतृत्व में उनके कस्बा स्थित दो मकानों पर नोटिस चस्पा कर तीसरे मकान में कल कर कार्यवाही करने के साथ सील कर दिया गए, भारी पुलिस बल के अलावा सैकड़ों की तादाद में नगरवासी तमाशबीन बने रहे।

कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव तीन सगे भाइयों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के बाद उनकी 22 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क होने के आदेश के बाद यह खबर जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। उक्त कार्यवाही को अमल में लाते हुए आज प्रशासन ने मौदहा स्थित दो मकानों को सील कर दिया है।

उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा क्षेत्राधिकारी विवेक यादव थाना प्रभारी सुरेश सैनी की मौजूदगी में नगर के बाबा कुआं के पास बने 2952000 की कीमत के मकान एवं मलिकुआ चौराहा स्थित 4849000 हजार कीमत की बिल्डिंगों को सीज कर नोटिस चस्पा कर दिया है तो वही तहसील रोड स्थित तीसरे मकान की कीमत 1229000 रुपये पर कार्यवाही नहीं हो सकी वही अधिकारियों ने बताया तीसरे मकान पर कार्यवाही कल की जाएगी दोनों मकानों में नोटिस चस्पा कर मुनादी करवा दी गई और नगर वासियों को मुनादी के माध्यम से जानकारी दे दी गई है कोई भी व्यक्ति इन मकानों का क्रय विक्रय नहीं कर सकता है यदि इसके बावजूद भी कोई भी व्यक्ति क्रय या विक्रय करता है तो उसकी खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला प्रशासन लगभग बाइस करोड़ की चाल व अचल संपत्ति कुर्क करने के लिए शुक्रवार को आदेश दिया था इसको अमल में लाने के लिए मौदहा तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल ने के साथ कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के बाद माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

पत्नी ने पति को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डाला

राठ(हमीरपुर)। कोतवाली के अकौना गांव में पत्नी ने पति को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। अकौना गांव निवासी हरदयाल प्रजापति ने पुलिस को बताया कि उसने अपने पुत्र कमलापत(23) की शादी 2020 में जिला जालौन के बारा गांव निवासी सुशीला उर्फ नेहा पुत्री जानकी प्रजापति के साथ की थी। शादी के बाद से ही बहू झगड़ा फसाद करती हैं। एक वर्ष पहले बहू ने दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कराया गया था। 15 दिन पहले पंचायत बैठाकर वह बहू 15 दिन पहले घर लेकर आया और बहू पुत्र को अलग कर दिया था।

पेज एक का शेष

भारत-यूएई...

इरादा जताया गया है। इससे भारतीय रुपए और यूएई दिरहम दोनों को लाभ होगा। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन में चालू खातों के सारे लेनदेन और स्वीकृत पूंजी खाता लेनदेन भी शामिल हैं। स्थानीय मुद्राओं में कारोबार शुरू होने से लेन-देन की लागत और निपटान समय में कमी आने के साथ यूएई में रहने वाले भारतीय नागरिकों के स्वदेश भेजे जाने वाले धनप्रेषण में भी लाभ होगा। दोनों देशों के केंद्रीय बैंक अपनी त्वरित भुगतान प्रणालियों- यूपीआई और आईपीपी को जोड़ने की दिशा में काम करने के लिए भी सहमत हुए हैं। इसके साथ दोनों देशों के कार्ड स्विच रुपे और यूएईस्विच को भी जोड़ने पर सहमति जताई गई है। इसके अलावा आरबीआई और यूएई सेंट्रल बैंक अपनी भुगतान संदेश प्रणालियों को भी जोड़ने की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके तहत भारत की संरचित वित्तीय संदेश प्रणाली (एसएफएमएस) को यूएई की समान प्रणाली से जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

अबू धाबी...

का लाभ उठाने के मकसद से एक नया खाका तैयार करेगा। परास्नातक पाठ्यक्रम अबू धाबी परिसर में अगले साल जनवरी से उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि स्नातक स्तर के कार्यक्रम सितंबर से उपलब्ध होंगे। शैक्षणिक कार्यक्रम और अध्यापन पद्धति आईआईटी दिल्ली के अनुसार होगी और डिग्री भी आईआईटी दिल्ली द्वारा ही दी जाएगी। आईआईटी दिल्ली ने एक बयान में कहा कि 2022 की शुरुआत में दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुए समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) में संयुक्त अरब अमीरात में एक आईआईटी परिसर की स्थापना की परिकल्पना की गई थी। शिक्षा मंत्रालय ने देश के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अपने प्रयासों को उचित समय पर लागू करने के लिए आईआईटी दिल्ली को चिह्नित किया। आईआईटी दिल्ली-अबू धाबी को आईआईटी दिल्ली का एक शोध केंद्र वाला परिसर बनाने की परिकल्पना की गई है जो स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करेगा।

अध्यादेश पर...

हमले का उल्लेख किया। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि राष्ट्रीय आयोग अनुसूचित जाति ने वन संरक्षण कानून के खिलाफ चिंता जताई थी जिसकी उपेक्षा कर दी गई और उसका विपरीत प्रभाव जनजातीय समुदायों पर पड़ रहा है। कांग्रेस के इस कदम के बाद आप के सूत्रों ने सोनिया गांधी द्वारा आयोजित सम्मेलन और डिनर में भाग लेने का संकेत दिया है। राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ के हालात के मद्देनजर उनकी पहली प्राथमिकता इससे निपटना है लिहाजा उन्होंने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है कि बैठक उनका प्रतिनिध कौन होगा।

मोदी उपनाम...

जाने से पहले उसके पक्ष के सुने जाने का अनुरोध किया जाता है। राहुल गांधी ने 13 अप्रैल, 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली के दौरान टिप्पणी की थी कि सभी चोरों का समान उपनाम मोदी ही क्यों होता है? इस टिप्पणी को लेकर विधायक ने गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। इसके बाद गांधी ने दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक अर्जी के साथ सूरत की एक सत्र अदालत में आदेश को चुनौती दी थी। सत्र अदालत ने 20 अप्रैल को गांधी की जमानत मंजूर कर ली थी, लेकिन दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

राजग की...

विभिन्न छोटे दल और पूर्वोत्तर राज्यों के क्षेत्रीय दल शामिल हैं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी शिरकत करने की उम्मीद है। इस बैठक को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन की राजग की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान यह पहली बार है, जब उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना गुट, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और जनता दल (यूनाइटेड) सहित कई पुराने और प्रमुख सहयोगियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ने के बाद इतने बड़े पैमाने पर राजग की बैठक हो रही है। भाजपा ने हाल-फिलहाल में चिराग की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाने की भी कोशिश की है। चिराग दिवंगत दलित नेता रामविलास पासवान के बेटे हैं। वह 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रचार करने के लिए राजग से अलग हो गए थे। उस समय नीतीश का जनता दल (यूनाइटेड) राजग का हिस्सा था। चिराग से संपर्क बढ़ाने की भाजपा नेताओं की कोशिशों को उन्हें राजग में वापस लाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

यमुना उतार...

कहा है कि शनिवार सुबह 11 बजे तक कुछ सड़कों पर यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंधों में राहत दी गई, जबकि कुछ सड़कें बंद रहीं। परामर्श में कहा गया है कि बुलेवार्ड रोड- सर्विस रोड, युधिष्ठिर सेतु के नीचे बायां मोड़ - रिंग रोड, चंदगी राम अखाड़ा से मुकरबा चौक और चंदगी राम अखाड़ा से आईपी कॉलेज तक दोनों मार्ग यातायात के लिए खोल दिए गए हैं। इसके मुताबिक, मथुरा रोड से रिंग रोड मार्ग तक भैरों मार्ग, आईटीओ से लक्ष्मी नगर तक विकास मार्ग, शांति वन से गीता कॉलोनी तक निषाद राज मार्ग के दोनों ओर सड़कें खोल दी गई हैं। सड़क के जो हिस्से अभी भी आवाजाही के लिए बंद हैं, उनमें रिंग रोड - मंजनू का टीला, आईएसबीटी से शांति वन, आईपी फ्लाईओवर से आईपी डिपो तक दोनों रास्ते, रिंग रोड पर आईपी डिपो से आईपी फ्लाईओवर से आईएसबीटी मार्ग, सलीम गढ़ बाईपास, पुराना लोहे का पुल पुस्ता से शमशान घाट, बाहरी रिंग रोड-मुकरबा चौक से वजीराबाद मार्ग और रिंग रोड पर शांति वन से राजघाट तक शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि कश्मीरी गेट बस अड्डा बंद है। पुलिस ने कहा कि सिंघू बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर, रजोकरी बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, चिल्ला बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, अप्सरा बॉर्डर और भोपुरा बॉर्डर से भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि प्रगति मैदान टनल पर यातायात की आवाजाही सामान्य है। एक अन्य ट्वीट में कहा गया कि शांति वन से गीता कॉलोनी तक सड़क के दोनों ओर के मार्ग केवल कार, ऑटो और हल्के वाहनों के लिए खोले गए हैं। उधर, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने यमुना पुल पर मेट्रो ट्रेन पर लगाया गया गति प्रतिबंध भी हटा दिया है। डीएमआरसी ने ट्वीट किया, यमुना पर मेट्रो पुल पार करते समय ट्रेन पर लगाया गया गति प्रतिबंध हटा दिया गया है। सभी ट्रेन अब सामान्य रफ्तार से चल रही हैं। मंडलायुक्त अश्वनी कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ग्रस्त इलाकों में भी हालात में सुधार हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने..

ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि फ्रांस और यूएई की तीन दिन की यात्रा से लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराज्यपाल से बात की और यमुना नदी के कारण राजधानी में पैदा हुई बाढ़ जैसी स्थिति और इससे निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी ली।

30 प्रशिक्षु...

चलाकर सभी 30 छात्रों को सकुशल निकाल लिया। पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के एक स्कूल में यमुना नदी के बाढ़ के पानी में फंसे 10 से अधिक छात्रों को भी बचाया है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे कश्मीरी गेट थाने में सूचना मिली कि करीब 10-12 छात्र एक स्कूल धर्म संघ विद्यालय गुरुकुल में फंसे हुए हैं। फौरन थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सहयोग से सभी 12 छात्रों को बचाया, जो सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

भारत ने...

गए थे। धीमी और सूखी विकेट पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पांचवें ही ओवर में स्पिनरों को गेंद थमा दी। चाय के समय तक वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था। रविंद्र जडेजा ने टी चंद्रपाल को और अश्विन ने क्रेग ब्रेथवेट को पवेलियन भेजा। दोनों ने सात सात रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए मध्यक्रम में सिर्फ एलिक अथानाजे कुछ देर टिक सके जिन्होंने 44 गेंद में 28 रन बनाए। उन्होंने अश्विन को स्वीप शॉट और मोहम्मद सिराज को बेहतरीन स्क्वेयर कट लगाए। वह अश्विन की गेंद पर शॉर्ट लेग में जायसवाल को कैच देकर लौटे। इसके बाद कोई भी कैरेबियाई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। इससे पहले जायसवाल पदार्पण टेस्ट में 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बन गए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 312 रन से आगे खेलते हुए भारत ने तीसरे दिन सुबह के सत्र में 29 ओवर में 88 रन बनाए जबकि जायसवाल (171) और अजिंक्य रहाणे(तीन) के विकेट गंवाए। काफी टर्न ले रही धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अपने पदार्पण टेस्ट में शतक लगाने वाले जायसवाल ने जैसन होल्डर को स्ट्रेट ड्राइव लगाकर शुरूआत की। होल्डर के साथ बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने गेंदबाजी की शुरूआत की और कोहली को उन्हें खेलने में काफी दिक्कत आई। कोहली को 40 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब कैरेबियाई कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने उनका कैच छोड़ा। कोहली ने वारिकन की गेंद पर आफ साइड में खेला लेकिन ब्रेथवेट ने कैच लपकने के प्रयास में गेंद को जमीन से छुआ दिया। दूसरी ओर जायसवाल ने वारिकन को छक्का लगाया। वह शिखर धवन (187) और रोहित शर्मा(177) के बाद पदार्पण पर 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। वह अलजारी जोसफ की गेंद पर विकेट गंवा बैठे और दोहरा शतक नहीं जड़ पाए। रहाणे ने केमार रोच की गेंद पर कवर में आसान कैच थमाया। लंच के बाद भारत ने कोहली (76) का विकेट गंवाया जबकि रविंद्र जडेजा 37 रन बनाकर नाबाद रहे।

आजम खान...

2019 में मिलक कोतवाली क्षेत्र के खत नगरिया गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रामपुर में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के आरोप में दर्ज किया गया था। इस साल मई में, एक सांसद-विधायक सत्र अदालत ने सजा के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार करते हुए निचली अदालत द्वारा खान को दी गई तीन साल की सजा को पलट दिया था। संयुक्त निदेशक (अभियोजन) शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि आजम खान को आज अदालत ने दोषी ठहराया है। 2019 में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान आठ अप्रैल को धमोरा में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए खान ने अभद्र भाषा और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद आज फैसला सुनाया गया। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी अनिल कुमार चौहान ने खान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। तिवारी ने बताया कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 389 में प्रावधान है कि यदि सजा तीन वर्ष तक की होती है तो अभियुक्त को जमानत पाने का अधिकार है, अगर वह जमानत लेता है तो उसे जमानत दिया जाएगा क्योंकि खान को दो वर्ष की ही सजा हुई है, इसलिए इसमें जमानत मिल जाएगी।

पायनियर

नई दिल्ली , रविवार, 16 जुलाई, 2023

अचानक यूक्रेन पहुंचे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति योल

● दौरा किया और मदद की पेशकश

भाषा। कीव

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल शनिवार को यूक्रेन की औचक यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने रूसी हमले के शिकार देश को और मदद की पेशकश की और नाटो के साथ अपने देश द्वारा दी जा रही मदद को रेखांकित किया। योल के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति अपनी पत्नी किम कियोन ही के साथ यूक्रेन की यात्रा की। इसके पहले, उन्होंने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए लिथुआनिया और पोलैंड की यात्रा की। रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद योल की यह पहली कीव यात्रा है। योल ने कीव के नजदीक छोटे शहरों बुचा और इरपिन का भी दौरा किया जहां से रूसी सैनिकों को पीछे धकेलने के बाद आम नागरिकों के शव सड़कों पर और सामूहिक कब्रें मिली थीं। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक करने से पहले, युद्ध में प्राण गंवाने वालों की याद में बने स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। दक्षिण कोरिया अमेरिका का प्रमुख साझेदार है और उसने रूस के खिलाफ लगाए अमेरिकी प्रतिबंधों का समर्थन किया है। दक्षिण कोरिया ने यूक्रेन को मानवीय और आर्थिक मदद भी दी है, लेकिन उसने संघर्षरत देश को हथियार आपूर्ति नहीं करने की नीति के तहत यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति नहीं की है। बाद में जेलेंस्की के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में योल ने यूक्रेन को दी जाने वाली मदद में विस्तार करने की घोषणा की लेकिन हथियार आपूर्ति के बारे में कुछ नहीं कहा। योल ने अपने बयान की शुरुआत 1950-53 के कोरियाई युद्ध के दौरान दक्षिण कोरिया को संयुक्त राष्ट्र बलों के समर्थन के उल्लेख के साथ की, जिसने उत्तर कोरियाई आक्रमण को विफल करने में मदद की।उन्होंने कहा, यूक्रेन की वर्तमान स्थिति हमें कोरिया गणराज्य की पिछली स्थिति की याद दिलाती है। जेलेंस्की ने सियोल को यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के दृढ़ समर्थन और रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से प्रदान की गई महत्वपूर्ण राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और मानवीय सहायता के लिए धन्यवाद दिया।योल ने कहा कि दक्षिण कोरिया इस साल बुलेट फ्रूफ जैकेट और हेलमेट जैसी गैर-घातक सैन्य वस्तुओं की आपूर्ति में वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया इस साल 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता भी प्रदान करेगा, जो पिछले साल के 10 करोड़ डॉलर से अधिक है।उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया ने बारूदी सुरंग को हटाने में मददगार उपकरण और अन्य सहायता सामग्री भी भेजी है, जिसका यूक्रेन ने अनुरोध किया था। योल ने कहा कि वह और जेलेंस्की यूक्रेन में युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण प्रयासों में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया अपने देश में यूक्रेनी छात्रों की मदद के लिए जेलेंस्की के नाम पर एक छात्रवृत्ति कोष की शुरुआत करेगा।

मिंस्क ने संयुक्त सैन्य अभ्यास का खाका पेश किया, वैगनर लड़ाके बेलारूस पहुंचे

मिंस्क(बेलारूस)। रूस के खिलाफ विद्रोह करने वाली निजी सैन्य संगठन वैगनर के लड़ाकों को ले जाने वाले एक बड़े काफिले को शनिवार तड़के रूस से बेलारूस में प्रवेश करते देखा गया। एक निगरानी समूह ने यह खबर तब दी जब बेलारूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि निजी लड़ाकों और मिंस्क के सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त सैन्य अभ्यास करने की योजना बनाई गई है। बेलारूस में सशस्त्र बलों की गतिविधियो पर नजर रखने वाले स्वतंत्र निगरानी समूह बेलारूसकी हाजुन ने कहा कि कम से कम 60 ट्रक, बस और अन्य बड़े वाहन बेलारूस की पुलिस के साथ पूर्वी यूरोपीय देश मे दाखिल हुए। समूह ने तुरंत वाहनों की तस्वीरें या वीडियो उपलब्ध नही कराए, लेकिन कहा कि उनके पास पूर्वी यूक्रेन के रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों की लाइसेंस प्लेट थी, जहां वैगनर के लड़ाकों ने पिछले महीने एक अल्पकालिक विद्रोह के पहले तक रूसी सैनिकों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी।

ब्रिटेन में फिरौती के लिए अपहरण करने वाले भारतीय मूल के तीन लोगों को जेल

लंदन। इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में स्थित वॉल्वरहेम्पटन सिटी सेंटर में उद्योगपति का अपहरण करने के लिए भारतीय मूल के दो भाइयों और उनके एक साथी को कुल 45 साल जेल की सजा सुनाई गई है। बलजीत बाघराल (33) और उसके भाई डेविड बाघराल (28) को 22 वर्षीय शानू शानू के साथ पिछले साल नवंबर में काम के बाद अपनी कार की ओर जाते समय पीड़ित पर घात लगाकर हमला करने का दोषी पाया गया था। उन्होंने उसे एक वैन में डाल दिया और आंखों पर पट्टी बांधकर एक दुकान में ले गए, जहां उन्होंने उसे हिंसा की धमकी दी और उसके सिर पर पिस्तौल रख दी। पिछले महीने वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट ने सुनवाई के बाद तीनों को दोषी पाया और इस सप्ताह दोनों भाइयों को 16-16 साल जबकि उनके साथी को 13 साल, चार महीने की सजा सुनाई गई। वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट की प्रमुख अपराध जांच टीम के डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल डैन डेविड ने कहा, इन लोगों ने पीड़ित को घंटों तक भयानक यातना दी और जान से मारने की धमकी भी दी।

क्विक न्यूज

दक्षिण कोरिया में मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ से 22 लोगों की मौत

सियोल। दक्षिण कोरिया मे भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन मे कम से कम 22 लोगो की मौत हो गई और 14 अन्य लोग लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गृह और सुरक्षा मंत्रालय ने एक रिपोर्ट मे कहा कि शुक्रवार और शनिवार को 22 लोगो की मौत हो गई। शनिवार सुबह जारी एक रिपोर्ट मे कहा गया कि मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन मे कई घर ढह गए जिससे पांच लोगो की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मूसलाधार बारिश के कारण मंगलवार से 14 लोग लापता है। बाढ़ जनित घटनाओ मे 13 लोगो के घायल होने की भी खबर है। दक्षिण कोरिया मे नौ जुलाई से भारी बारिश हो रही है। अधिकारियो के मुताबिक, बारिश की वजह से पिछले सात दिन मे लगभग 4,760 लोगो को घर खाली करना पड़ा है और हजारो घरो मे बिजली नही है। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार दोपहर तक 2,000 से ज्यादा लोग अस्थाई शिविरो मे थे। बारिश की वजह से शनिवार को 20 उड़ाने रद्द कर दी गईं और देश की नियमित ट्रेन सेवा और कुछ बुलेट ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया।

बाइबिल और तौरेत जलाने की बात कहने वाले व्यक्ति ने बदला इरादा, कुरान जलाने का किया विरोध

स्टॉकहोम। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम मे स्थित इजराइली दूतावास के बाहर तौरेत और बाइबिल जलाने की बात कहने वाले व्यक्ति ने शनिवार को अपना इरादा बदलते हुए पवित्र ग्रंथो को जलाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। मीडिया मे आई एक खबर मे यह जानकारी दी गई है।प्रदर्शन स्थल पर उस व्यक्ति ने कहा कि वह एक मुसलमान है। उसने हाथ मे थामे लाइटर को जमीन पर फेंक दिया और कहा कि वह कभी भी पवित्र ग्रंथ नही जलाना चाहता था। स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी के अनुसार व्यक्ति की उम्र लगभग 30 वर्ष है और स्टॉकहोम पुलिस ने उसे विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी। व्यक्ति ने कहा कि ऐसी कोई भी हरकत मुसलमानो के पवित्र ग्रंथ कुरान के खिलाफ होगी। उसने कहा कि वह तौरेत और बाइबिल नही जलाएगा। खबर के अनुसार पश्चिम स्वीडन मे रहने वाले इस व्यक्ति ने यह भी कहा कि किसी को भी ऐसा नही करना चाहिए। इजराइल के अधिकारियो ने स्वीडन सरकार से शनिवार दोपहर को व्यक्ति को राजनयिक मिशन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने और पवित्र पुस्तकों को जलाने से रोकने का आह्वान किया था।

लंदन : भारतीय मूल के युवक को नाबालिग महिला मित्र पर हमले का दोषी ठहराया गया

लंदन। इंग्लैड के वेस्ट मिडलैड्स क्षेत्र मे अपनी किशोरी मित्र पर हमला करने का दोषी पाए जाने के बाद भारतीय मूल के 23 वर्षीय युवक को जेल की निलंबित सजा और पुनर्वास के आदेश दिए गए है। इस मामले मे आरोपी सुनवाई के लिए वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट मे पेश हुआ। उस पर हमला करने, चोट पहुंचाने और पीड़िता के फोन को क्षति पहुंचाने का आरोप है। बर्मिंघम लाइव की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिला न्यायाधीश एड्रियन लोअर ने आदेश मे कहा कि दिसंबर 2021 मे बस मे और बस के बाहर अपनी किशोरी मित्र का पीछा करने और उस पर हमला करने के आरोप मे युवक को सजा सुनाई गई है और अच्छे आचरण की शर्त पर उसकी सजा को दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। न्यायाधीश ने अभियुक्त को 30 दिन के पुनर्वास मे रहने एवं 200 घंटे अवैतनिक कार्य करने को भी कहा है। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि पीड़िता पर हुए हमले के बाद उसकी आंखो मे सूजन आ गई थी।

विश्व मे बढ़ रही भारतीय ईवी की मांग

नोएडा। स्पार्क मिंडा की अग्रणी कंपनी मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड ने प्रमुख ओईएम से इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी के लिए बैटरी चार्जर्स का उत्पादन करने के लिए महत्वपूर्ण ऑर्डर हासिल किया है। इस पूरे ऑर्डर का मूल्य 750 करोड़ रुपये है। इस भारी भरकम ऑर्डर का मिलना सस्टेनेबल मोबिलिटी के प्रति कंपनी की वचनबद्धता का प्रमाण है और इससे इसकी ईवी रेंज की पेशकशों में वृद्धि होगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के विषय में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टरए आकाश मिंडा ने कहा किए यह सम्मानजनक ऑर्डर स्पार्क मिंडा के मजबूत ईवी प्रोडक्ट पोर्टफ ोलियो और हमारी ग्राहक.केन्द्रीयता की पुष्टि है। यह उपलब्धि सस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के प्रति हमारी वचनबद्धता पर जोर देती है और यह वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग की लगातार बढ़ती माँग को पूरा करने की हमारी क्षमता का प्रमाण है। ऑर्डर किये गए इस उत्पाद का उत्पादन पुणे में स्पार्क मिंडा के अत्याधुनिक कारखाने, स्पार्क मिंडा ग्रीन मोबिलिटी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की अनुषंगी में किया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल प्राप्त ऑर्डर में इलेक्ट्रिक वाहनों का अनुपात करीब 20 प्रतिशत था। यह प्रोजेक्ट हरित और सम्बद्ध मोबिलिटी की दिशा में स्पार्क मिंडा की अगुआई को और मजबूत बनाएगा।

पाकिस्तान पर हमला करने वाले आतंकवादियों को अफगानिस्तान में पनाह दी गई है: रक्षा मंत्री आसिफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को दावा किया कि उनके देश मे खून-खराबा करने वाले आतंकवादियो को पड़ोसी देश अफगानिस्तान मे शरण मिल रही है और पाकिस्तान अब इसे सहन नही करेगा। अफगानिस्तान पड़ोसी देश होने का कर्तव्य नही निभा रहा है और दोहा समझौते का पालन नही कर रहा है। पचास से साठ लाख अफगानो को सभी अधिकारो के साथ पाकिस्तान मे 40 से 50 वर्ष के लिए शरण प्राप्त है। मंत्री ने कहा, लेकिन इसके विपरीत पाकिस्तानियो का खून बहाने वाले आतंकवादियो को अफगानी धरती पर पनाह मिल सकती है। इस तरह की स्थिति अब और नही चल सकती। पाकिस्तान अपनी सरजमी और नागरिको की रक्षा के लिए अपने सभी संसाधनो का इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तानी सेना द्वारा अफगानिस्तान को आतंकवादियो को पाकिस्तान मे हमलो के लिए अपनी सरजमी का इस्तेमाल करने से रोकने की चेतावनी देने के एक दिन बाद रक्षा मंत्री ने यह बयान दिया है।बलूचिस्तान मे 13 जुलाई को दो आतंकवादी घटनाओ मे 12 सैनिको के मारे जाने के बाद पाकिस्तान मे रोष है। पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादियो के एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

खाड़ी क्षेत्र में ईरान से जहाजों की रक्षा करने के लिए एफ-16 लड़ाकू विमान भेज रहा अमेरिका

वाशिंगटन। जहाजों को ईरान द्वारा जब्त किए जाने से बचाने के लिए अमेरिका सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हरमूज जलडमरूमध्य के आसपास अपने लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिम एशिया में ईरान, रूस और सीरिया के बीच बढ़ते संबंधों को लेकर अमेरिका चिंतित है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन मे पत्रकारो से बातचीत मे अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस सप्ताहांत खाड़ी क्षेत्र मे एफ-16 लड़ाकू विमान भेजेगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब ईरान ने पिछले सप्ताह जलडमरूमध्य के पास दो तेल टैंकर को जब्त करने की कोशिश की थी और उनमे से एक पर गोलियां चलाई थी। रक्षा अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि एफ-16 लड़ाकू विमान जलडमरूमध्य से गुजर रहे जहाजों को हवाई सुरक्षा मुहैया कराएंगे। अमेरिकी नौसेना के मुताबिक, दोनों मामलों में अमेरिकी नौसेना की प्रतिक्रिया के बाद ईरानी नौसैनिक जहाज पीछे हट गए और दोनो वाणिज्यिक जहाजो ने अपनी यात्रा जारी रखी।रक्षा अधिकारी ने पत्रकारो को बताया कि अमेरिका, सीरिया पर रूस के बढ़ते हवाई हमलो से निपटने के लिए कई सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

अमेरिकी डॉलर की तरह ही भारतीय रुपए का उपयोग होते देखना चाहते हैं: विक्रमसिंघे

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा से पूर्व कहा है कि वह भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर जैसा ही उपयोग होते देखना चाहते है। विक्रमसिंघे आर्थिक संकट का सामना कर रहे इस देश के वित्त मंत्री भी है और उन्होंने यह बात भारतीय सीईओ फोरम को इस सप्ताह संबोधित करते हुई कही। उन्होंने कहा, जापान,कोरिया और चीन सहित पश्चिम एशिया ने जिस तर 75 वर्ष पहले अभूतपूर्व आर्थिक वृद्धि की,उसी तरह अब हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बारी है। विक्रमसिंघे का अगले सप्ताह नई दिल्ली आने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह भारत की उनकी पहली यात्रा होगी। सीईओ फोरम के अध्यक्ष टी एस प्रकाश ने अपने संबोधन मे कहा था कि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था मे भरतीय रुपए का उपयोग बढ़ना चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, अगर भारत (भारतीय रुपए) एक साझा मुद्रा बने तो हमें इससे कोई परेशानी नही है।

हड़ताल के चलते इटली में सैंकड़ों उड़ानें रद्द

रोम। इटली में ट्रेन परिचालन को ठप्प करने वाली रेल हड़ताल के बाद विमान परिवहन संघों के दो दिनों तक काम नही करने की योजना पर आगे बढ़ने के चलते शनिवार को सैंकड़ों उड़ाने रद्द कर दी गईं। पर्यटन के मौसम के चरम पर रहने के दौरान उड़ाने रद्द होने के चलते यात्रियों को वैकल्पिक योजनाएं बनानी पड़ रही है। इटली में गर्मियों के मौसम मे अक्सर परिवहन कर्मी हड़ताल पर चले जाते है जिससे यात्री एवं पर्यटक फंस जाते हैं। मजदूर संघ कार्य करने की बेहतर दशा के लिए दबाव बनाते हुए हड़ताल करते है। नेशनल कैरियर आईटीएस ने कहा कि उसने 133 उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिनमें घरेलू उड़ाने अधिक थी और कुछ उड़ानें मैड्रिड, एम्सटर्डम तथा बार्सीलोना जैसे यूरोपीय गंतव्यों के लिए भी थी। सस्ती विमानन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां रियानएयर और वुलिंग ने हड़ताल के कारण दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी हैं।

अमेरिका में गोलीबारी पुलिस अधिकारी की मौत

फार्गो (अमेरिका)। उत्तरी डकोटा के फार्गो मे शुक्रवार को हुई गोलीबारी मे एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान पुलिस पर गोली चलाने वाले संदिग्ध व्यक्ति की भी मौत हो गई। उसने बताया कि यह घटना एक व्यस्त सड़क पर अपराह्न तीन बजे से पहले हुई। पुलिस ने शुक्रवार देर रात एक बयान मे कहा कि इस घटना मे एक आम नागरिक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गोलीबारी के संभावित मकसद या परिस्थितियो के बारे मे ज्यादा जानकारी नही दी तथा मारे गए अधिकारी और संदिग्ध की पहचान भी नही बताई है। फार्गो पुलिस विभाग ने कहा कि इस मामले को लेकर जांच जारी है।

विश्व मानव संघ की चित्र प्रदर्शनी 17 से

लखनऊ। विश्व मानव संघ के द्वारा बाल संग्रहालयए चारबाग लखनऊ में ग्रीक दार्शनिक सुकरात के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 17ए 18 व 19 जुलाई को किया जा रहा है। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष कलाकार प्रवीण भूषण ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का समय प्रातरू 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

सिंगापुर के किसी भी पीएम ने सीपीआईबी को जांच करने से नहीं रोका: थर्मन

सिंगापुर। सिंगापुर के पूर्व मंत्री और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थर्मन शणमुगरत्नम ने शनिवार को कहा कि देश मे कभी भी ऐसा कोई प्रधानमंत्री नही रहा जिसने भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) को अपना काम करने से रोका हो। उन्होंने लंबे समय से अपने सहयोगी और परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के बीच यह टिप्पणी की।थर्मन ने कहा, हमारे यहां कभी ऐसा प्रधानमंत्री नही रहा (जिसने) सीपीआईबी को अपना काम करने से रोका हो। यदि कभी ऐसा दिन आता है, तो राष्ट्रपति संज्ञान लेंगे...यह सिंगापुर की व्यवस्था है

सीमा मुद्दा सुलझाने के लिए भारत व चीन स्वीकार्य समाधान ढूंढ़े : वांग

भाषा। बीजिंग

चीन के शीर्ष राजनयिक वांग ई ने जकार्ता में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक में कहा कि दोनों देशों को सीमा मुद्दे के समाधान के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान ढूंढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विशेष मुद्दों से समग्र संबंधों को परिभाषित नहीं होना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में तीन साल से अधिक समय से भारत का चीन के साथ सैन्य गतिरोध बना हुआ है और जयशंकर ने इसे अपने लंबे राजनयिक करिअर की सबसे जटिल चुनौती करार दिया है। जयशंकर ने चीन से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सद्भाव नहीं होगा, दोनों देशों के बीच संबंध आगे नहीं बढ़ सकते हैं। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार को दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के क्षेत्रीय फोरम (एआरएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक के इतर वांग और जयशंकर के बीच वार्ता हुई। चीन के मौजूदा विदेश मंत्री छिन कांग के अस्वस्थ रहने के कारण चीन के पूर्व विदेश मंत्री वांग आसियान की बैठक में शामिल हुए। यहां चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में वांग के हवाले से कहा गया कि जयशंकर के साथ बैठक में वांग ने उम्मीद जताई कि भारतीय पक्ष चीनी पक्ष से मुलाकात करके सीमा मुद्दे का ऐसा समाधान ढूंढ़ेगा जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो। सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के विदेश मामलों के केंद्रीय आयोग के निदेशक द्वारा जारी बयान में वांग के हवाले से कहा गया है, विशिष्ट मुद्दों को समग्र संबंधों को परिभाषित करने की अनुमति दिए बगैर हमें अपनी ऊर्जा और संसाधनों को एक-दूसरे के विकास, लोगों की आजीविका में सुधार और पुनरुद्धार में तेजी लाने पर केंद्रित करना चाहिए। वांग ने यह भी कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच भारत-चीन संबंधों को स्थिर करने को लेकर एक अहम सहमति बन गई है।

भारत टिकाऊ, हरित पर्यटन के लिए प्रतिबद्ध :रेड्डी

संयुक्त राष्ट्र। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि भारत पर्यटन क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रहा है, ताकि वह आर्थिक वृद्धि, पर्यावरण के संरक्षण और सामाजिक कुशल क्षेम में सतत रूप से योगदान दे सके। रेड्डी ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत वहनीय और हरित पर्यटन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, भारत पर्यटन और विभिन्न कार्यक्रमों एवं रणनीतियों के कार्यान्वयन के जरिए पूरे जोर शोर से सतत विकास लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है। रेड्डी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रहा है, ताकि वह आर्थिक वृद्धि, पर्यावरण के संरक्षण और सामाजिक कुशल क्षेम में सतत रूप से योगदान दे सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने टिकाऊपर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति शुरू की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के अध्यक्ष लाचेज़ारा स्टोएवा ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया। रेड्डी ने कहा कि भारत अहम पर्यटक स्थलो तक कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

इजराइल के पीएम नेतन्याहू को अस्पताल में भर्ती

भाषा। यरुशलम

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन वह अच्छी स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू (73) को तेल अवीव के उपनगर रामात जन के शीबा मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया। उनकी हालत के बारे में आगे कोई विवरण नहीं दिया गया। पीएमओ ने एक बयान में कहा, उनकी स्थिति अच्छी है और उनका चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा है। पीएमओ ने कहा कि वह इस बारे में आगे और विवरण मुहैया कराएगा। नेतन्याहू को इजराइल के उत्तर में कैसरिया स्थित उनके आवास से अस्पताल ले जाया गया, जहां वह सप्ताहांत बिता रहे थे। जब प्रधानमंत्री अस्पताल पहुंचे तो वह पूरी तरह से होश में थे और बिना किसी सहायता के चल रहे थे। हालांकि, एक प्रमुख इजराइली समाचार साइट वाल्ला ने खबर दी है कि प्रधानमंत्री अपने आवास पर बेहोश हो गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल के आपात कक्ष में ले जाया गया। यरुशलम पोस्ट ने विभिन्न खबरों का हवाला देते हुए कहा है कि नेतन्याहू बेहोश हो गए और गिर गए, जिससे उनके सिर पर चोट लगी। प्रधानमंत्री के निजी चिकित्सक तजवी बर्कोविट्ज ने चैनल 12 को बताया कि नेतन्याहू की हालत अच्छी और स्थिर है। बर्कोविट्ज ने बताया कि प्रधानमंत्री का चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री के रूप में 15 वर्षों से ज्यादा समय तक कई कार्यकाल में सेवा की है। उनकी सरकार ने पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभाली थी। पिछले साल अक्टूबर में अस्वस्थ होने के बाद नेतन्याहू को यरुशलम के शारे जेडेक मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद अगली सुबह उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

सैन फ्रांसिस्को में वाणिज्य दूतावास के बाहर भारत के समर्थन में जुटे भारतीय अमेरिकी

भाषा। सैन फ्रांसिस्को(अमेरिका)

भारतीय वाणिज्य दूतावास में हाल में खालिस्तान समर्थकों द्वारा आगजनी की कोशिश किए जाने के बाद बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां वाणिज्य दूतावास के बाहर एक शांति रैली आयोजित की। खालिस्तान समर्थकों द्वारा 2 जुलाई को ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी का कृत्य दिखाया गया था। यह कुछ महीनों के भीतर हिंसा की दूसरी घटना थी। शुक्रवार को बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने हालिया हिंसा के कृत्य के खिलाफ यहां भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर एक शांतिपूर्ण रैली की और भारत का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने उक्त हिंसा को आतंकवादी कृत्य बताया और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में खड़ा करने की मांग की। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने बृहस्पतिवार को यहां वाणिज्य दूतावास का दौरा किया था और मिशन में भारतीय राजनयिकों और अधिकारियों से मुलाकात की थी। भारत ने कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे अपने साझेदार देशों से कहा है कि वे "चरमपंथी खालिस्तानी विचारधारा को तवज्जो नहीं दें क्योंकि यह द्विपक्षीय संबंधों के लिए" अच्छा नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में कहा था, हमने कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे हमारे सहयोगी देशों, जहां खालिस्तानी गतिविधियां हुई हैं, उनसे आग्रह किया है कि वे खालिस्तानियों को तवज्जो नहीं दें, क्योंकि उनकी (खालिस्तानियों की) चरमपंथी, अतिवादी सोच न तो हमारे लिए, न ही उनके लिए और न ही उनसे (उन देशों से) हमारे संबंधों के लिए ठीक है। गत 19 मार्च को खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किया था और उसे नुकसान पहुंचाया था। खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने शहर की पुलिस द्वारा लगाए गए अस्थाई सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया था।

यूरोपीय तापलहर: के लिए जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार

भाषा। कोवेंट्री (यूके)



यूरोप इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। विशेष रूप से इटली को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ सकता है, जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।ऐसी भी संभावना है कि 2021 में सिसिली में स्थापित 48.8 डिग्री सेल्सियस का वर्तमान यूरोपीय तापमान रिकॉर्ड पार हो सकता है।भीषण तापमान फ्रांस, स्पेन, पोलैंड और ग्रीस सहित दक्षिणी और पूर्वी यूरोप के अन्य देशों में फैल गया है।गर्मी पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय अवकाश स्थलों की ओर जाने वाले लोगों की यात्रा योजनाओं को जटिल बना देगी। हीटवेव या तापलहर, जिसे किसी विशिष्ट स्थान पर अत्यधिक गर्म मौसम की लंबी अवधि के रूप में परिभाषित किया जाता है, बेहद खतरनाक हो सकती है। यूरोप ने अतीत में भी विनाशकारी गर्मी की लहरों का अच्छा खासा अनुभव किया है। 2003 में, पूरे यूरोप में लू चली, जिसमें 70,000 से अधिक लोगों की जान चली गई। फिर, 2022 में, यूरोप में एक और गर्मी की लहर आई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 62,000 लोगों की मौत हो गई।वर्तमान तापलहर एक प्रतिचक्रवात के कारण हो रही है, जिसे ग्रीक पौराणिक कथाओं में अंडरवर्ल्ड के द्वार की रक्षा करने वाले तीन सिर वाले राक्षस-कुत्ते के नाम पर सेर्बेरस नाम दिया गया है। एक प्रतिचक्रवात - या उच्च दबाव प्रणाली - एक सामान्य मौसम संबंधी घटना है जिसमें ऊपरी वायुमंडल से डूबती हुई हवा सीमित बादल निर्माण और कम हवा के साथ शुष्क और व्यवस्थित मौसम की अवधि लाती है।उच्च दबाव वाली प्रणालियाँ धीमी गति से चलती हैं, यही कारण है कि वे एक समय में कई दिनों या यहाँ तक कि हफ्तों तक बनी रहती हैं। वे अक्सर भूमि के बड़े क्षेत्रों पर अर्ध-स्थाई विशेषताएं बन जाती हैं।जब सहारा जैसे क्षेत्रों में गर्म भूमि पर उच्च दबाव प्रणाली बनती है, तो प्रणाली की स्थिरता और भी अधिक गर्म तापमान उत्पन्न करती है क्योंकि पहले से ही गर्म हवा और भी अधिक गर्म हो जाती है।अंतत:, प्रतिचक्रवात कमजोर हो जाएगा या टूट जाएगा और लू समाप्त हो जाएगी। इटालियन मौसम विज्ञान सोसायटी के अनुसार, सेर्बेरस हीटवेव लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने की उम्मीद है। अत्यधिक गर्मी के खतरे :लू और अत्यधिक तापमान मानव स्वास्थ्य पर कई तरह से प्रभाव डालते हैं। ए स्थितियाँ हीटस्ट्रोक का कारण बन सकती हैं, जिससे सिरदर्द और चक्कर आने जैसे लक्षण हो सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन क्या भूमिका निभाता है?

उच्च दबाव प्रणालियाँ, जैसे वर्तमान में यूरोप को प्रभावित कर रही है, हाल के वर्षों में उत्तर की ओर विस्तार कर रही है। किसी एक घटना, जैसे लू, को सीधे तौर पर जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार ठहराना कठिन है।लेकिन जैसे-जैसे तापमान गर्म हो रहा है, हम वायुमंडलीय परिसंचरण पैटर्न में बदलाव देख रहे है जिससे यूरोप में अत्यधिक तापमान और सूखे की घटनाएं बढ़ सकती है। जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल का शोध इस प्रवृत्ति की पुष्टि करता है। इसका डेटा 1950 के दशक के बाद से चरम मौसम की घटनाओ की आवृत्ति और परिमाण में वृद्धि दर्शाता है।यूरोपीय हीटवेव के एक अलग विश्लेषण से पिछले दो दशकों में ऐसी घटनाओं की बढ़ती गंभीरता का पता चला है।2022 की गर्मियों में, दक्षिणी यूरोप में वर्ष के उस समय के सामान्य से अधिक तापमान का अनुभव हुआ। स्पेन, फ्रांस और इटली में दैनिक अधिकतम तापमान 40छ डिग्री सेल्सियस से अधिक देखा गया।यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने इन असामान्य रूप से गर्म स्थितियों के लिए जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया और सुझाव दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं अधिक लगातार, तीव्र और लंबे समय तक चलने की संभावना है - जो एक चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेत देती है जो इस वर्ष भी जारी रह सकती है।

उत्तर पूर्वी कांगो में संदिगध चरमपंथियों के हमले में 12 लोगों की मौत

किशांसा(कांगो)। अफ्रीकी देश कांगो के उत्तर पूर्वी हिस्से में संदिग्ध चरमपंथियों द्वारा किए गए हमले में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय नागरिक समाज संगठन ने शनिवार को यह जानकारी दी। द न्यू कांगोलीज सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन (एनएससीसी)ने बताया कि परोक्ष रूप से इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े अलायड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) द्वारा पीड़ितों को गोली मारी गई है। कांगो के पूर्वी इलाके में मूल्यवान खनिजों पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए कई सशस्त्र समूह संघर्ष कर रहे हैं। वहां लगातार सामूहिक हत्याएं हो रही हैं और हिंसा के कारण लोगों का पलायन शुरू हो गया है।एनएससीसी के समन्वयक जॉन वुलेवेरियो ने बताया कि शुक्रवार तड़के जब आसपास के गांवों के किसान अपने खेतों में काम करने के लिए गए तो उन्होंने झाड़ियों में 12 लोगों की खून से सनी लाशें देखीं।

भारत, फ्रांस ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई

पेरिस। भारत और फ्रांस ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण संरक्षण मे सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। दोनों देशों ने घोषणा की है कि वे प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय के लिए बातचीत करेंगे और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को भी रचनात्मक रूप से इसमें शामिल किया जाएगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैं रजनी कांत, घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा सशांक (Sashank), उम्र लगभग 17 वर्ष, निवासी सी-4/32ए, केशव पुरम, दिल्ली-110035, पासपोर्ट धारक नंबर S2438676 में उसके नाम की वर्तनी में त्रुटि है। उनके नाम की सही वर्तनी शशांक (Shashank) है।

PD(099)A

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to public at large that my client Mr. Ravi Puri who is the owner of Property bearing No. 123-A area measuring 54-1/8 sq. yards out of Khasra No. 174&176 & 183, 175/82. Situated at abadi of Gali No. 4 East Azad Nagar in the area of Village Ghondli Illaqa Shahdara Delhi 110051 by virtue of Relinquishment Deed dated 12.04.2021 executed by Sh. Rajinder Kumar, Smt. Manju Verma, Smt. Aarti Sehgal & Sh. Ajay Puri vide Doc. No. 3781, Book No.I, Volume No. 2619, PG 01-05 Dated 20.04.2021, SRO-IV B, Delhi after the death of Nirmala Puri. Now, my client intends to sell the said property. If any person(s) has/have any claim upon the said property with respect to Title/ownership may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Mohd Khairul Hussain (Advocate)
A-38, Kailash Colony, Khaitan & Khaitan
New Delhi-48, Mob.-8810391672

कूनो में ही रहेंगे चीते, सफल रहेगी परियोजना : यादव

भाषा। भोपाल

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को कहा कि चीते मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में ही रहेंगे और यह परियोजना सफल होगी। मंत्री ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों सहित अन्य विशेषज्ञों के संपर्क में हैं। हमारी टीम वहां का दौरा करेगी। चीतों को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और वे कूनो में ही रहेंगे। यादव की यह टिप्पणी चीता परियोजना पर कुछ विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त की गई चिंता के बीच आई है। एक विशेषज्ञ ने कहा है कि हाल की कुछ मौतें संभवत: रेडियो कॉलर के कारण होने वाले संक्रमण के कारण हो सकती हैं। हालांकि यह बेहद असामान्य है और भारत में दो दशकों से अधिक समय से वन्यजीव संरक्षण में रेडियो कॉलर का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि केवल पोस्टमार्टम रिपोर्ट ही सटीक कारण निर्धारित करेगी। एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) द्वारा गठित चीता निगरानी समिति के प्रमुख राजेश गोपाल ने कहा कि चीतों की मौत की वजह रेडियो कॉलर से होने वाला सेप्टीसीमिया संक्रमण हो सकता है। उन्होंने कहा, यह बेहद असामान्य है। मैंने भी इसे पहली बार देखा है। यह चिंता का विषय है और हमने वन कर्मचारियों को सभी चीतों की जांच करने का निर्देश दिया है। गोपाल ने कहा कि रेडियो कॉलर के इस्तेमाल के चलते उमस भरा मौसम संक्रमण का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा, हम भारत में लगभग 25 वर्षों से वन्यजीव संरक्षण में कॉलर का उपयोग कर रहे हैं। मैंने कभी ऐसी घटना नहीं देखी है। हमारे पास इन दिनों अच्छे कॉलर उपलब्ध हैं। फिर भी अगर ऐसी कोई घटना हो रही है, तो हमें इसे निर्माताओं के ध्यान में लाना होगा। एक दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ ने भी यह संभावना जताई कि इस सप्ताह मध्य प्रदेश में दो नर चीतों की मौत के पीछे रेडियो कॉलर के कारण होने वाला सेप्टिसीमिया एक संभावित कारण हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका से लाए गए नर चीता सूरज की शुक्रवार को श्योपुर के केएनपी में मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य नर चीता तेजस की मंगलवार को मौत हो गई थी। दक्षिण अफ्रीकी चीता विशेषज्ञ विंसेंट वैन डेर मेरवे ने कहा कि अत्यधिक गीलेपन की स्थिति के कारण रेडियो कॉलर संक्रमण पैदा कर रहे हैं और संभवत: यही इन चीतों की मौत का कारण है। चार महीने से भी कम समय में दो चीतों और तीन शावकों समेत मरने वाले चीतों की संख्या आठ हो गई है भारत में चीता परियोजना के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर, मेरवे आशावादी दिखे। उन्होंने कहा, भारत में अब भी चीतों की 75 प्रतिशत आबादी जीवित और स्वस्थ है। इसलिए जंगली चीता के पुनरुत्पादन के लिए सामान्य मापदंडों के तहत मृत्यु दर के साथ सब कुछ अभी भी सही दिशा में है। केएनपी के निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा कि उन्होंने दोनों चीतों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी है। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में अधिक जानकारी साझा नहीं की। शुक्रवार को मध्यप्रदेश के वन मंत्री विजय शाह ने कहा था कि चीते सूरज की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा। जब उनसे चीतों की मौत के बारे में पूछा गया तो मंत्री ने बताया कि जो तीन शावक मरे वे जन्म से ही कुपोषित थे जबकि अन्य मौतें आपसी झड़प के कारण हुईं जो जानवरों में आम बात है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र के ड्यूटी अधिकारी एस.एन. साहू ने कहा कि श्योपुर जिले में, जहां केएनपी स्थित है, एक जून से 15 जुलाई के बीच 321.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है जबकि इस अवधि के लिए सामान्य वर्षा 161.3 मिमी है। पिछले साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी वाले एक भव्य कार्यक्रम में पांच मादा और तीन नर सहित आठ नामीबियाई चीतों को केएनपी के बाड़ों में छोड़ा गया था।

द्रमुक यूसीसी, मंहगाई को लेकर झूठ फैला रहा : भाजपा

भाषा। चेन्नई

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने शनिवार को सत्तारूढ़ द्रमुक पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सहित कई मुद्दों पर केंद्र के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी संसद सत्र में सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि द्रमुक नेतृत्व को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और लोगों से संबंधित मुद्दों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अन्नामलाई ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया, द्रमुक यूसीसी, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और महंगाई सहित कई अन्य मुद्दों पर झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा, द्रमुक के सांसदों की बैठक में केंद्र को दोष देने वाले प्रस्ताव पारित किए गए, लेकिन पड़ोसी राज्य कर्नाटक द्वारा तमिलनाडु को कावेरी का पानी देने से इनकार करने और मेकेदातु बांध के निर्माण के साथ आगे बढ़ने के फैसले पर चुप्पी साध ली गई।

हिंदू बनकर युवती से शादी एवं दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज

भाषा। जयपुर

राजस्थान के अलवर में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि उसने खुद को हिंदू बताकर उसके साथ शादी की तथा उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला ने शनिवार को जुनैद नामक व्यक्ति के खिलाफ अलवर के महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। महिला थाने के थानाधिकारी ताराचंद ने कहा कि लगभग 20 साल की महिला ने आरोप लगाया कि खुद को रोहित बताने वाले एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की। महिला ने आरोप लगाया कि बाद में उन दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए और पिछले साल उसने उससे शादी कर ली और साथ रहने लगे। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि उसे हाल ही में पता चला कि रोहित मुस्लिम है और उसका नाम जुनैद है, जो अलवर के ककराली गांव का रहने वाला है और उसने अपने गांव में एक मुस्लिम से शादी की है। पीड़िता ने एक वीडियो बयान में कहा कि उस आरोपी आदमी ने उसे धोखा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उससे आठ लाख रुपए भी ले लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

क्विक न्यूज

आरएसएस की बैठक के लिए छुट्टी घोषित करने पर ऊटी में स्कूल को शिक्षा विभाग का नोटिस

ऊटी (तमिलनाडु)। ऊटी मे एक निजी स्कूल को अपने परिसर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय बैठक आयोजित करने के लिए छुट्टियां घोषित करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। शिक्षा विभाग के एक जिला अधिकारी ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। आरएसएस की बैठक का नेतृत्व संगठन के प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने किया। नोटिस में स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि उसने छुट्टियां क्यों घोषित की और आरएसएस को अपने परिसर में बैठक आयोजित करने की अनुमति क्यों दी। संगठनात्मक मामलो पर चर्चा के लिए आरएसएस के पदाधिकारियो की एक राष्ट्रीय स्तरीय बैठक (अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक) 13 जुलाई को यहां शुरू हुई थी, जो शनिवार को संपन्न हुई। इसका आयोजन निजी स्कूल में किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी आर पार्थसारथी ने बताया कि विद्यालय को 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नही पाया गया, तो स्कूल पर जुर्माना लगाया जाएगा और उसे माफी मांगने के लिए एक पत्र जमा करने को भी कहा जाएगा। स्कूल के प्रबंधन से यह बताने को कहा गया है कि उसने किसकी अनुमति से छुट्टियो की घोषणा की थी, जबकि शैक्षणिक सत्र (2023-24) और कक्षाएं पहले ही आरंभ हो चुकी है।

अमेरिका को रवाना हुए नौ लोगों के लापता होने के मामले में दो एजेंटों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी होगी

हिम्मतनगर। भारत से कैरेबियाई देशों के रास्ते संयुक्त राज्य अमेरिका जाने के दौरान लापता हुए गुजरात निवासी नौ व्यक्तियो से कथित तौर पर जुड़े दो आव्रजन एजेंटो को गुजरात पुलिस ने शनिवार को नामित किया और कहा कि इन दोनो के खिलाफ लुक ऑउट नोटिस जारी करने की प्रक्रिया जारी है। संदिग्ध आव्रजन गिरोह के बारे में तब पता चला जब एक महिला ने साबरकांठा जिले के प्रांतिज पुलिस थाने मे बुधवार को दर्ज कराई गई अपनी शिकायत मे कहा कि उसके पति भरत रबारी नीदरलैंड और कैरेबियाई क्षेत्र के रास्ते अमेरिका भेजे जाने के लगभग एक महीने बाद फरवरी से संपर्क में नही है। एक जांच में मेहसाणा के रहने वाले दिव्एश उर्फ जॉनी पटेल को गिरफ्तार किया गया और पाया गया कि उसके द्वारा विदेश भेजे गए आठ अन्य लोग लापता है। प्रांतिज पुलिस थाने के निरीक्षक प्रदीपसिंह वाघेला ने शनिवार को कहा कि अमेरिका स्थित आव्रजन एजेंट धवल पटेल और विजय पटेल से उन लोगो को मिलना था, जो लापता है। उन्होंने कहा कि दोनो के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि महिला की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी मे एक अन्य एजेंट महेंद्र बलदेवभाई पटेल का भी नाम है जो गांधीनगर जिले के डिंगुचा गांव का मूल निवासी है। एमडी के रूप मे जाना जाने वाला महेंद्र बलदेवभाई का छोटा भाई जगदीश पटेल है। बर्फीले तूफान के बीच कनाडा के जरिए अवैध रूप से अमेरिका पहुंचने के प्रयास में जगदीश और उसकी पत्नी तथा दो बच्चों की कड़ाके की ठंड के कारण पिछले साल जनवरी में मौत हो गई थी। वाघपुर गांव निवासी चेतना रबारी ने बुधवार को प्रांतिज पुलिस थाने मे अपनी शिकायत मे कहा कि उसके पति भरत रबारी जनवरी मे अमेरिका की यात्रा पर रवाना हुए, लेकिन वे फरवरी से लापता है। अपनी शिकायत में चेतना ने कहा कि जॉनी पटेल ने उनके किसान पति को 70 लाख रुपए की फीस पर अमेरिका मे वर्क परमिट दिलाने का वादा किया था और 20 लाख रुपए एजेंट ने पहले ही ले लिए थे, जबकि बाकी का भुगतान उनके वहां पहुंचने के बाद किया जाना था। भरत रबारी जनवरी में नीदरलैंड पहुंचे और फिर कैरेबिया मे पोर्ट ऑफ स्पेन के माध्यम से फरवरी मे डोमिनिका पहुंचे, लेकिन चार फरवरी से उनका कोई पता नही चला। इसके बाद उनके परिवार ने जॉनी पटेल से संपर्क किया, जिसने तब महेंद्र पटेल से संपर्क किया। जॉनी पटेल को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया और महेंद्र पटेल को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे है।

गैर संहिताबद्ध मुस्लिम पर्सनल लॉ ने महिलाओं के लिए चुनौती पैदा की है : राष्ट्रीय महिला आयोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शनिवार को एक चर्चा के दौरान कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ की गैर संहिताबद्ध प्रकृति की वजह से उसकी गलत व्याख्या होती है और यह मुस्लिम महिलाओ के समक्ष उल्लेखनीय चुनौती पेश करता है। एनसीडब्ल्यू ने मुस्लिम महिलाओ के अधिकारो पर चर्चा आयोजित की थी जो खासतौर पर मुस्लिम पर्सनल लॉ की समीक्षा पर केंद्रित थी। विचार विमर्श की यह प्रक्रिया विधि आयोग द्वारा विभिन्न संगठनो और लोगों से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर विचार आमंत्रित करने की पृष्ठभूमि मे हुई। एनसीडब्ल्यू ने मुस्लिम पर्सनल लॉ की गैर-संहिताबद्ध प्रकृति के नकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिसी वजह से उनकी गलत व्याख्या हुई और मुस्लिम महिलाओं के लिए चुनौतियां पैदा हुईं। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने एक बयान मे संहिताबद्ध कानूनो की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सवाल किया कि क्या जो कानून हिंदू, ईसाई, सिख और बौद्ध महिलाओ के अधिकारो की रक्षा करने मे विफल रहा है, क्या उसे केवल मुस्लिम महिलाओं के लिए माना जा सकता है? बयान मे कहा गया है कि संहिताबद्ध कानूनो की आवश्यकता है, साथ ही एक ऐसे कानूनी प्रारूप की दिशा मे काम करने की जरूरत है जिसमे सभी के लिए समान अधिकारो की गारंटी हो, भले ही वे किसी भी धर्म से संबंध रखते हो। एनसीडब्ल्यू ने कहा, चर्चा के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति ने हमारे विविधता युक्त देश मे असमानताओ और विसंगतियो को कायम रखा है, जिससे सामाजिक सद्भाव, आर्थिक विकास और लैंगिक न्याय की दिशा मे प्रगति बाधित हुई है। विचार-विमर्श के दौरान भारत के अटॉर्नी जनरल, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, उच्च न्यायालयो के प्रतिनिधि, विधि विश्वविद्यालयो के कुलपति, कानूनी दिग्गज और नागरिक समाज संगठनो सहित प्रमुख हितधारक मौजूद रहे। विचार-विमर्श के दौरान, भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने विवाह संस्था मे सुधार और मजबूती की आवश्यकता पर जोर दिया।

भाजपा एवं संघ से दोस्ती निभाते हैं हमारे कई लोग: डोटासरा

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार को कहा कि पार्टी मे कई लोग भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से दोस्ती निभाते है जबकि यह ऐसी दोस्ती निभाने का समय नही है। वे यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियो एवं जिला अध्यक्षो की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। पार्टी पदाधिकारियो से भारतीय जनता पार्टी एवं संघ के खिलाफ खुलकर बोलने की नसीहत देते हुए, डोटासरा ने बिना किसी का नाम लिए कहा, बहुत से लोग ऐसे बैठे है जो इस भाजपा और संघ को ठोक के जवाब देते है। और जब मेरा गला नही काट सकते तो तुम्हारा क्या बिगाड़ लेंगे, बोलो ठोक के। संघ गड़बड़ कर रहा है... बोलो, भाजपा गड़बड़ कर रही है... बोलो... किसी के खिलाफ। यह समय वो नही है कि हम दोस्ती निभाएं एक दूसरे से। हमारे कई लोग निभाते है। मै मानता हूं। मुझे पता है। उन्होंने यह भी कहा, भाजपा के पदाधिकारी और विधायक के कहने से अधिकारी बदल जाते है लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता या विधायक के कहने से (ऐसा) नही होता। उन्होंने कहा, कई तरह की दिक्कतें आती है और हम संगठन के लोग जब क्षेत्र मे जाते है तो ए बात सुनने को मिलती है। साथ ही उन्होंने कहा, हम सब संगठन के लोग है सरकार हमने बनाई है, सबने मिलकर बनाई है। दोबारा अगर सरकार आती है तो संगठन के कारण आएगी और जो संगठन को महत्व देगा उसका उज्जवल भविष्य होगा इसमे कोई दो राय नही है।

पूरे भारत में 44% विधायकों पर आपराधिक मामले

● **एडीआर विश्लेषण में हुआ खुलासा**

भाषा। नई दिल्ली

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा किए गए एक हालिया विश्लेषण में दावा किया गया है कि पूरे भारत में राज्य विधानसभाओं में लगभग 44 प्रतिशत विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में देश भर में राज्य विधानसभाओं और केंद्रशासित प्रदेशों में वर्तमान विधायकों द्वारा चुनाव लड़ने से पहले दायर किए गए शपथपत्रों की पड़ताल की गई और संबंधित विवरण प्राप्त किया गया। विश्लेषण में 28 राज्य विधानसभाओं और दो केंद्रशासित प्रदेशों में 4,033 में से कुल 4,001 विधायकों का विवरण शामिल है। एडीआर ने कहा कि विश्लेषण में शामिल विधायकों में से ।,136 या लगभग 28 प्रतिशत ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आरोप शामिल हैं। केरल में 135 में से 95 विधायकों यानी 70 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसी तरह बिहार में 242 विधायकों में से 161 (67 प्रतिशत), दिल्ली में 70 में से 44 विधायक (63 प्रतिशत), महाराष्ट्र में 284 में से 175 विधायक (62 प्रतिशत), तेलंगाना में 118 विधायकों में से 72 विधायक (61 प्रतिशत) और तमिलनाडु में 224 विधायकों में से 134 (60 प्रतिशत) ने अपे हलफनामों में स्वयं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अतिरिक्त, एडीआर ने बताया कि दिल्ली में 70 में से 37 विधायक (53 प्रतिशत), बिहार में 242 में से 122 विधायक (50 प्रतिशत), महाराष्ट्र में 284 में से 114 विधायक (40 प्रतिशत), झारखंड में 79 में से 31 विधायक (39 प्रतिशत), तेलंगाना में 118 में से 46 विधायक (39 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश में 403 में से 155 विधायकों (38 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। विश्लेषण में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित परेशान करने वाले आंकड़े भी सामने आए। जैसा कि रिपोर्ट में बताया गया है, कुल 114 विधायकों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है, जिनमें से 14 ने विशेष रूप से बलात्कार (भादंस की धारा-376) से संबंधित मामलों की घोषणा की है। विश्लेषण में आपराधिक रिकॉर्ड के अलावा विधायकों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई। राज्य विधानसभाओं में प्रति विधायक औसत संपत्ति 13.63 करोड़ रुपए पाई गई। हालाँकि, घोषित आपराधिक मामलों वाले विधायकों की औसत संपत्ति 16.36 करोड़ रुपए से अधिक है, जबकि बिना आपराधिक मामलों वाले विधायकों की औसत संपत्ति 11.45 करोड़ रुपए है। विश्लेषण से संबंधित 4,001 विधायकों में से 88 (दो प्रतिशत) अरबपति पाए गए, जिनके पास 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। इसमें कर्नाटक शीर्ष पर है जहां 223 में से 32 विधायक (14 प्रतिशत) अरबपति हैं।

मणिपुर में तीन ट्रकों को आग लगाई गई

भाषा। इम्फाल

हिंसा प्रभावित मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में तीन खाली ट्रकों में आग लगा दी गई। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सेकमाई पुलिस थानाक्षेत्र के अवांग सेकमाई में हुई। पुलिस ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर परिवहन करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ट्रक खुले मैदान में खड़े थे, जहां उनमें आग लगा दी गई। पुलिस ने कहा कि घटना के पीछे जो लोग हैं उनकी अभी पहचान नहीं की जा सकी है और यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि ट्रकों में आग क्यों लगाई गई। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन ट्रकों को जलने से नहीं बचाया जा सका। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। तब से अब तक कम से कम 150 लोगों की जान जा चुकी है। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यत: पर्वतीय जिलों में रहती है।

बिहार में आकशीय बिजली गिरने की घटनाओं में 17 की मौत

पटना। बिहार के 11 जिलों में पिछले 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी शनिवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार, रोहतास जिले में पांच व्यक्तियों की मौत हुई, वहीं औरंगाबाद और बक्सर जिलों में दो-दो लोगों की मृत्यु हुई। बयान के अनुसार इसके अलावा, अरवल, किशनगंज, कैमूर, वैशाली, सीवान, पटना, अररिया और सारण जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आकाशीय बिजली गिरने की घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन के लिए 4-4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की।कुमार ने राज्य के लोगों से सतर्क रहने और तड़ित झंझा (थंडरस्टॉर्म) के दौरान घर के अंदर रहने की अपील की।

भाजपा टीम ने पटना में घायल कार्यकर्ताओं से भेंट की

पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच की मांग

भाषा। पटना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में यहां उसके विधानसभा मार्च के दौरान की गई राज्य प्रायोजित और क्रूर पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच होनी चाहिए और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा गठित चार सदस्ईय तथ्यान्वेषी टीम ने यहां यह बात कही, जिसने 13 जुलाई को पुलिस कार्वाई में घायल हुए और अस्पतालों में उपचार करा रहे पार्टी के कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

टीम के सदस्यों में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास और सांसद मनोज तिवारी, सुनीता दुग्गल व विष्णु दयाल राम भी शामिल हैं। दुग्गल ने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को जब पार्टी नीतीश कुमार सरकार की शिक्षक भर्ती नीति के विरोध में "विधानसभा मार्च" कर रही थी, तभी पुरुष पुलिसकर्मियों ने भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं की छाती और सिर पर डंडे मारे। दिल्ली से लोकसभा सदस्य और बिहार से संबंध रखने वाले तिवारी ने दावा किया कि घटना में "भाजपा के 771 कार्यकर्ता घायल हुए और" उनमें से कुछ को अस्पतालों तक दौड़ाया गया और परिसर के अंदर पीटा गया। भाजपा की टीम के सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस घटना ने उन्हें जलियांवाला बाग नरसंहार" की याद दिला दी। उन्होंने कहा, हम अपनी जांच पर एक रिपोर्ट (भाजपा के) राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपेंगे और न्यायिक जांच की पुरजोर सिफारिश करेंगे। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या वे मामले की जांच का अनुरोध करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का रुख करेंगे, तो उन्होंने इसका हां में जवाब दिया। सदस्यों ने कहा, हमारे प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी मामले को एनएचआरसी के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने जब यह बात कही, उस समय चौधरी भी वहां मौजूद थे। टीम ने आरोप लगाया कि पानी की बौछार करने, आंसू गैस के गोले दागने और लाठीचार्ज करने में नियमों का पालन नहीं किया गया। इसने दावा किया कि भाजपा के जिन कार्यकर्ताओं से उन्होंने बात की, उन्होंने कहा कि उनपर मिर्च पाउडर फेंका गया।

पार्टी के जहानाबाद जिला महासचिव विजय सिंह की मौत से संबंधित विवाद के बारे में टीम के सदस्यों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पहले ही पटना में स्थानीय प्रशासन को "क्लीन चिट" दिए जाने पर निराशा व्यक्त की। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सिंह के शोक संतप्त परिवार से नहीं मिलने के लिए तथ्यान्वेषी टीम पर सवाल उठाया। नीरज कुमार ने आरोप लगाया, वे पटना से बमुश्किल 50 किमी दूर स्थित मृतक के घर जाने की जहमत नहीं उठा सके। यह भाजपा की अपने कार्यकर्ताओं के प्रति उदासीनता के बारे में बहुत कुछ बताता है।

अजित पवार 18 को प्रधानमंत्री से मिलेंगे

● **किसानों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे**

भाषा। नासिक (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि उनका 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने का कार्यक्रम है और बैठक के दौरान वह राज्य में किसानों के सामने आने वाले मुद्दों को उठाएंगे। शुक्रवार को वित्त और योजना विभाग हासिल करने वाले अजित पवार ने कहा कि वह और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अन्य विधायक विभागों के आवंटन से खुश हैं। अजित पवार समेत नौ विधायक दो जुलाई को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हुए थे। मीडिया से बातचीत में अजित पवार ने कहा, मैं 18 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करूंगा। बैठक के दौरान, मैं उनके साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाऊंगा। (राकांपा नेता) प्रफुल्ल पटेल और मैं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में भाग लेंगे। उपमुख्यमंत्री नासिक में शासन आपल्या दारी (सरकार आपके द्वार) कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत के उस कथित दावे के बारे में पूछे जाने पर जिसमें उन्होंने कहा था कि चूंकि शिंदे के नेतृत्व वाला गुट वित्त विभाग (अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट को) देने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री पद पर अदला-बदली करने के लिए कहा गया था, राकांपा नेता ने कहा, मुझे नहीं पता। यह अनावश्यक रूप से माहौल बिगाड़ने का प्रयास है। हम विभागों के आवंटन से खुश हैं। अजित पवार ने कहा, (मंत्रिमंडल में) लगभग 14 पद खाली हैं और मंत्रिमंडल का विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है।

मंगलुरु हवाई अड्डे पर स्वचालित नम्बर प्लेट पहचान प्रणाली शुरू

भाषा। मंगलुरु

मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) ने स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) प्रणाली शुरू की है, जो वाहनों का हवाई अड्डे में निर्बाध प्रवेश और निकास सक्षम बनाती है। एमआईए की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि एएनपीआर प्रणाली में फास्टैग जैसी ई-भुगतान तकनीक का उपयोग किया जाता है।एएनपीआर प्रणाली प्रवेश बूथ पर चार लेन में से किसी से भी हवाई अड्डे में प्रवेश करने वाले वाहनों की नंबर प्लेट को पढ़ लेता है। यदि कोई वाहन 10 मिनट के भीतर हवाई अड्डे से बाहर निकलता है, तो निकास बूथ पर बैरियर स्वचालित रूप से खुल जाता है।जिन लोगों को इस समय के बाद वाहन खड़ा करना है, उनके पास निचले भूतल पर केंद्रीय भुगतान स्टेशन पर निर्धारित पार्किंग शुल्क का डिजिटल या नकद भुगतान करने का विकल्प होता है।

मैं रॉकेट को अपने बच्चों की तरह देखता हूं: इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ

भाषा। हैदराबाद

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने रॉकेट के प्रति अपने गहरे प्यार और जुड़ाव को व्यक्त करते हुए कहा कि वह प्रक्षेपण यानों को अपने बच्चों की तरह देखते हैं। सोमनाथ ने कहा कि उन्हें शुक्रवार को चंद्रयान-3 के प्रथम चरण के प्रक्षेपण के दौरान बहुत आनंद आया, यान से जुड़े पूरे डेटा को देखा और रॉकेट की सुंदरता देखकर मंत्रमुग्ध रह गया। भारत ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया। इस अभियान के तहत यान 41 दिन की अपनी यात्रा में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग का एक बार फिर प्रयास करेगा, जहां अभी तक कोई देश नहीं पहुंच पाया है। चंद्रमा की सतह पर अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन सॉफ्ट लैंडिंग कर चुके हैं, लेकिन उनकी सॉफ्ट लैंडिंग चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर नहीं हुई है। इसरो ने कहा है कि उसने 23 अगस्त को भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 47 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण सॉफ्ट-लैंडिंग करने की योजना बनाई है। चंद्रयान-2 तब सॉफ्ट लैंडिंग में विफल हो गया था, जब इसका लैंडर विक्रम सात सितंबर, 2019 को सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करते समय ब्रेकिंग प्रणाली में गड़बड़ी के कारण चंद्रमा की सतह पर गिर गया था। सोमनाथ ने पड़ोस के संगारेड्डी जिले में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, एक इंजीनियर और वैज्ञानिक के रूप में मुझे रॉकेट से प्यार है। मैं रॉकेट को अपने बच्चों की तरह देखता हूं। मैं उसके सृजन, उसके विकास, उसके विकास में आने वाली समस्याओं और उसकी भावनाओं को देखता हूं तथा इसकी यांत्रिकी एवं गतिविधि एवं इसके जीवन की गहरी समझ विकसित करता हूं। उन्होंने पिछले चंद्रयान-2 प्रक्षेपण का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें लगभग 2,000 माप थे जो ग्राफ और वक्रों के रूप में समन्वित थे।उन्होंने कहा कि इसरो हजारों मापों को वक्रों और अध्ययन मॉडलों में परिवर्तित करता है और इसके प्रदर्शन के बारे में जानकारी देता है। सोमनाथ ने अंतरिक्ष में मानव को अंतरिक्ष में भेजने पर कहा कि हर कोई उनसे पूछता है कि मानव को क्यों अंतरिक्ष में जाकर ग्रहों का पता लगाना चाहिए और रोबोट यह काम क्यों नहीं कर सकते? उन्होंने कहा कि एक दिक्कत यह है कि रोबोट में संवेदना की अनुभूति और भावनाओं का अभाव होता है जो अनुभवों और इनकी मदद से निर्णय लेने की प्रक्रिया से उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि यह अंतर जल्द ही समाप्त हो जाएगा। सोमनाथ ने कहा कि यदि बाहरी इलेक्ट्रॉनिक सेंसर का मानव तंत्रिका तंत्र में विद्युत द्वारा विलय करने, देखे और महसूस किए गए संकेतों को प्राप्त करने और संसाधित करने का कोई तरीका हो, तो मानव जाति, (मनुष्य) जीवन के साथ मशीन के एकीकरण के एक कदम करीब होगी। उन्होंने कहा, क्या हम विचार से उत्पन्न विद्युत संकेत के साथ प्रणालियों को सक्रिय कर सकते हैं और फिर बाहरी यांत्रिक और विद्युत उपकरणों को सक्रिय कर सकते हैं? तो आप वास्तव में अपनी विचार प्रक्रियाओं से एक रोबोट या मशीन को नियंत्रित कर सकते हैं। सोमनाथ ने कहा, इस क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए रोबोट के सभी सेंसर को किसी न किसी रूप में मानव के साथ एकीकृत किया जा सकेगा ताकि यह समझा जा सके कि रोबोट क्या महसूस करता है और इस प्रकार दूरस्थ अनुभूति क्षमता प्राप्त की जा सकती है। तो, आप वास्तव में अपनी एक प्रतिकृति बना रहे हैं।

चंद्रयान-3 : कक्षा में आगे बढ़ाने की पहली कवायद सफलतापूर्वक पूरी की गई

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को उसकी कक्षा मे आगे बढ़ाने की प्रथम कवायद शनिवार को सफलतापूर्वक पूरी की। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट मे कहा कि अंतरिक्ष यान की हालत सामान्य है। इसरो ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन अद्यतन जानकारी: अंतरिक्ष यान की हालत सामान्य है। कक्षा मे आगे बढ़ाने की प्रथम कवायद आईएसटीआरएसीइसरो, बेंगलुरु द्वारा सफलतापूर्वक पूरी की गई। अंतरिक्ष यान अब 41762 किलोमीटर (किमी) गुना 173 किमी कक्षा मे है। इसरो ने 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा, जिसका अब तक अन्वेषण नही किया गया है। केवल तीन देश, अमेरिका, चीन और रूस ही अब तक चंद्रमा की सतह पर उतरने मे सफल रहे है।

गैर वरीय वोंद्रोसोवा बनीं विंबलडन की नई मलिका

- महिला एकल का खिताब जीता
- जाबेउर को सीधे सेटों में पराजित किया

भाषा। विंबलडन

मार्केटा वोंद्रोसोवा शनिवार को यहां महिला एकल के फाइनल में ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में पराजित करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे कम रैंकिंग की और पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बन गई। चेक गणराज्य की 24 वर्षीय खिलाड़ी वोंद्रोसोवा ने दोनों सेटों में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पिछले साल की उपविजेता और छठी वरीयता प्राप्त जाबेउर को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया।टूर्नामेंट शुरू होने से पहले यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि वोंद्रोसोवा चैंपियन बनेगी। असल में वह खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब में नहीं आई थी। उनकी बाईं कलाई का ऑपरेशन हुआ था और इसलिए वह अपनी बहन के साथ लंदन घूमने के उद्देश्य से विंबलडन में खेलने के लिए आ गई। उनका यह दौरा हालांकि यादगार बन गया और वह ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनकर घर लौटेगी। वोंद्रोसोवा ने मैच के बाद कहा, मैं वास्तव में नहीं जानती कि अभी क्या हो रहा है। यह शानदार एहसास है। मैं जिस दौर से गुजरी उसे देखते हुए यह वास्तव में शानदार है कि मैं यहां खड़ी हूं और मेरे हाथ में ट्रॉफी है। वोंद्रोसोवा चोटिल होने के कारण पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर तक बाहर रही थी और 2022 के आखिर में उनकी विश्व रैंकिंग 99 पहुंच गई थी। वह पिछले साल विंबलडन में भाग नहीं ले पाई थी। बाएं हाथ से खेलने वाली वोंद्रोसोवा की विश्व रैंकिंग 42 है और वह पिछले 60 वर्षों में विंबलडन में फाइनल में खेलने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनी थी। उनसे पहले यहां 1963 में फाइनल में पहुंचने वाली आखिरी गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बिली जीन किंग थी जो वेल्स की राजकुमारी केट के साथ रॉयल बॉक्स में उपस्थित थी।मैच के बाद किंग ने वोंद्रोसोवा को गले लगाया और कहा, पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी। मुझे बहुत अच्छा लगा। तेज हवा चलने के कारण सेंटर कोर्ट को छत से ढक दिया गया था जिसका वोंद्रोसोवा ने पूरा फायदा उठाया। उनके बाएं हाथ से लगाए गए शॉट अक्सर सही जगह पर गिरे। वोंद्रोसोवा दोनों सेट में पिछड़ रही थी लेकिन पहले सेट में उन्होंने लगातार चार अंक बनाकर जीत दर्ज की जबकि दूसरे सेट में अंतिम तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह 2019 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में हार गई थी। वर्तमान टूर्नामेंट से पहले विंबलडन में उनका रिकॉर्ड 1-4 था लेकिन इस बार उन्होंने लगातार सात मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। जाबेउर तीसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में हारी है। ट्यूनीशिया की यह 28 वर्षीय खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अरब महिला और उत्तरी अफ्रीका की एकमात्र महिला खिलाड़ी है।
वह पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब में

जोकोविच के सामने अलकराज की चुनौती

फेडरर के आठ विंबलडन खिताब की बराबरी पर होगी नोवाक नजर



विंबलडन। दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच विंबलडन के फाइनल मुकाबले के लिए रविवार को मैदान में उतरेंगे तो उनकी नजरें दिग्गज रोजर फेडरर के आठ खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने की होगी लेकिन इसके लिए उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज की चुनौती से पार पाना होगा। रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने सात बार विंबलडन पुरुष एकल का खिताब जीता है। रिकॉर्ड फेडरर के नाम है जो आठ बार इसके चैंपियन बने है। इस मैच में अनुभव और युवा जोश का मुकाबला देखने को मिलेगा। जोकोविच 36 साल के है जबकि अलकराज 20 बरस के है। किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में 1974 के बाद यह उम्र का सबसे बड़ा फासला होगा। जोकोविच अगर चैंपियन बनते है तो वह ओपन युग में विंबलडन का पुरुष एकल मुकाबला जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। वह लगातार पांचवीं बार इस खिताब को जीतना चाहेंगे। मुकाबले से पहले जोकोविच ने स्पेन के युवा खिलाड़ी अलकराज की तुलना खुद से करते हुए तारीफ की। वह प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के खिलाफ किसी भी सतह पर चुनौतियों के अनुकूल ढालने में अविश्वसनीय रूप से सफल रहा है। इस खेल में यह मेरा मजबूत पक्ष रहा है। मैंने अपने पूरे करियर में इसे अपनी सबसे बड़ी ताकत के रूप में महसूस किया। वह (अलकराज) अपने करियर की शुरूआत में ही अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अलकराज से जब जोकोविच के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, उनकी कोई कमजोरी नहीं है। वह इस खेल की पूर्णता के करीब है। वह कमाल के खिलाड़ी है और मैच में कोई गलती नहीं करते है। वह शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मजबूत है। अलकराज रैंकिंग में शीर्ष पर है जबकि जोकोविच दूसरे स्थान पर है। जोकोविच हालांकि सबसे ज्यादा समय तक शीर्ष रैंकिंग पर रहे है। सेमीफाइनल में अलकराज ने तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव की चुनौती को आसानी से 6-3 6-3 6-3 ध्वस्त कर दिया था। जोकोविच को हालांकि आठवीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर को 6-3 6-4 7-6 से पटखनी देने में थोड़ी मेहनत करनी पड़ी।

एक क्षण के लिए भी घबराया नही जायसवाल : रोहित

रोसीयू। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 171 रन की पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह हमेशा से प्रतिभाशाली था और अब उसने बता दिया कि वह शीर्ष स्तर पर खेल सकता है। जायसवाल अपने पदार्पण मैच में 150 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रोहित के साथ 229 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट एक पारी और 141 रन से जीतने के बाद रोहित ने कहा , वह प्रतिभाशाली है और उसने पहले भी हमें दिखाया है कि वह इस स्तर पर खेलने के लिए तैयार है।वह एक क्षण के लिए भी घबराया नही था। हमारी बातचीत में भी हमें उसे बस इतना ही कहना होता है कि तुम इस स्तर पर खेलने के काबिल हो। इस मैच में हमने गेंदबाजी भी अच्छी की। उन्हें 150 रन पर आउट करने से ही हमने दबदबा बनाया। हम एक ही बार बल्लेबाजी करना चाहते थे इसलिए 400 के पार रन बनाकर गेंदबाजी के लिए उतरे और अच्छी गेंदबाजी की। रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 12 विकेट लिए जबकि रविंद्र जडेजा को पांच विकेट मिले।

सफर लंबा रहा लेकिन अभी यह शुरूआत ही है : जायसवाल

रोसीयू। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि उनका सफर काफी लंबा और कठिन रहा और पदार्पण टेस्ट में प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार जीतना भविष्य में कामयाबियों की कई कहानियों की शुरूआत भर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में जायसवाल ने 171 रन बनाए और कप्तान रोहित शर्मा के साथ 229 रन की साझेदारी की। पदार्पण टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाले वह तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। उनकी पारी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में एक पारी और 141 रन से हराया। बीसीसीआई ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो डाला जिसमे 21 वर्ष के जायसवाल प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार जीतने के बाद होटल के कमरे मे लौट रहे है। जायसवाल ने सीढियां चढते हुए कहा , बहुत अच्छा लग रहा है कि पहले ही टेस्ट में प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार मिला। यह बहुत लंबा सफर था और मै बहुत खुश हूं। उन्होने कहा , देखते है कि भविष्य मे क्या है।यह मेरे अंतरराष्ट्रीय कैरियर की शुरूआत ही है। ईश्वर से प्रार्थना है कि इसी तरह खेलता रहूं और टीम के लिए योगदान देता रहूं। सभी को धन्यवाद। यह मेरे लिए यादगार पल है।

हमारे बल्लेबाजों ने निराश किया: ब्रेथवेट

रोसीयू। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने अपने बल्लेबाजों पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने निराश किया। ब्रेथवेट ने मैच के बाद कहा , हमने बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन किया। पहली पारी का स्कोर पर्याप्त नही था। मै भी रन नही बना सका। कप्तान होने के नाते मुझे मोर्चे से अगुवाई करके रन बनाने चाहिए थे। पहली पारी में हमने लंच से पहले ही विकेट गंवा दिया। सीनियर बल्लेबाजो को रास्ता दिखाना चाहिए। चैम्पियन गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी कठिन होती है लेकिन हमें जिम्मेदारी से खेलना चाहिए था। हमने कुछ बेहद खराब शॉट खेले। शुक्रवार को भी हम रक्षात्मक खेलते हुए आउट हुए। हमें पैड की जगह बल्ले का प्रयोग ज्यादा करना चाहिए था।

विश्व कप के लिए अगर पाकिस्तान भारत नहीं गया तो यह प्रशंसकों के साथ नाइंसाफी होगी: मिस्बाह

कराची। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान मिस्बाह उल हक ने अपने देश की टीम को भारत में एकदिवसीय विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा कि अगर ऐसा नही हुआ तो यह प्रशंसकों के साथ नाइंसाफी होगी जो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच नही देख पाएंगे। इस 49 साल के पूर्व कोच ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में कहा, दोनों देश जब अन्य खेलों में एक-दूसरे का सामना कर सकते है तो क्रिकेट में क्यों नही। क्रिकेट को राजनीतिक संबंधों से क्यों जोड़ा जाए? लोगों को अपनी टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलते देखने के मौके से वंचित करना अनुचित है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11,000 से अधिक रन बनाने वाले इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, यह उन प्रशंसकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा जो पाकिस्तान और भारतीय क्रिकेट को बहुत पसंद करते है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही मे आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधो के कारण इस साल अक्टूबर-नवंबर में विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी सरकार के मंजूरी के अधीन है। भारत ने पाकिस्तान मे एशिया कप के मैचो को खेलने से मना कर दिया जिसके बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का आयोजन हाईब्रिड आधार पर हो रहा।

एशिया कप के चार से अधिक मैचों की मेजबानी चाहता है पाक

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) रविवार को दुबई में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में पाकिस्तान में एशिया कप के चार से अधिक मैचों के आयोजन की मांग करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पीसीबी सहित सभी हितधारकों ने एशिया कप के लिए हाइब्रिड मॉडल स्वीकार कर लिया था जिसके बाद एसीसी ने घोषणा की थी कि 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के चार मैच पाकिस्तान में जबकि नौ मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव इसलिए रखा गया क्योंकि बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए वह अपनी टीम को पाकिस्तान नही भेजेगा। पीसीबी क्रिकेट समिति के नए अध्यक्ष जका अशरफ ने हालांकि इस सप्ताह के शुरू में आईसीसी बैठक के लिए डरबन में मौजूद एसीसी सदस्य बोर्ड के अधिकारियों के सामने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे। जब एशिया कप की तिथियों की घोषणा की गई तब अशरफ इस पद पर नही थे।

एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएगी भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों मे हिस्सा नही लेने की संभावना है क्योंकि यह खेल मंत्रालय के महाद्वीप में शीर्ष आठ रैंकिंग में रहने के मानदंड को पूरा नहीं करती है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पहले योजना बनाई थी कि राष्ट्रीय सीनियर टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक थाईलैंड में (सात से 10 सितंबर तक) होने वाले किंग्स कप के बाद चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में अंडर-23 टीम को ले जाएंगे।

जर्मनी दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों के लिए दुरुस्त करेगी तैयारी

लिम्बर्ग (जर्मनी)। भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी दौरे पर रविवार को चीन के खिलाफ अपने पहले मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश एशियाई खेलो के लिए अपनी खामियो को दूर कर तैयारियो को अमली जामा पहनाने की होगी।भारतीय टीम इस दौरे मे तीन मैच खेलेगी। चीन के बाद यह टीम जर्मनी के खिलाफ 18 और 19 जुलाई को क्रमशः विस्बाडेन और स्सेलहेम में दो मैच खेलेगी। यह दौरा भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इससे उन्हें 23 सितंबर स आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलो से पहले खुद को आंकने का मौका मिलेगा। गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम को दौरे के पहले मैच मे चीन को परखने का मौका मिलेगा।

स्वर्ण पदक जीतने के साथ पोडियम पर राष्ट्रीय गान सुनने का लक्ष्यः गायकवाड

रोसीयू। एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करने को लेकर उत्साहित रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होगा कि टीम स्वर्ण पदक के साथ पोडियम पर खड़ी रहे जिससे कि भारत का राष्ट्रगान बजे। एशियाई खेलों का आयोजन विश्व कप के साथ होगा ऐसे मे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस महाद्वीपीय आयोजन के लिए दूसरे स्तर की टीम की घोषणा की है।

अटवाल ने सीनियर मेजर के कट में प्रवेश किया

एक्रोन। भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल पीजीए टूर की कैलिग कंपनीज चैंपियनशिप के दूसरे दौर में दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट मे जगह बनाने मे सफल रहे। उन्होंने शुरुआती दौर मे भी यही स्कोर किया था। वह कुल चार ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर है।

शुभंकर स्कॉटिश ओपन के कट में जगह बनाने में नाकाम रहे

गुलाने (स्कॉटलैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा जेनेसिस स्कॉटिश ओपन के दूसरे दिन चार ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद कट मे जगह बनाने से चूक गए। दिन का खेल बारिश से प्रभावित हुआ। शुभंकर इस दौरान एक भी बर्डी नही लगा सके जबकि उन्होंने चार बोगी किया। उन्होंने शुरुआती दौर में दो अंडर 68 का स्कोर किया था।

दीक्षा संयुक्त 79वें स्थान पर

लंदन। फॉर्म मे चल रही भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अरामको टीम सीरीज के पहले दौर में पांच ओवर 78 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 79वें स्थान पर चल रही है। दीक्षा ने छह बोगी की और 18वें होल मे महज एक बर्डी लगाई। शीर्ष 60 और संयुक्त स्थान पर रहने वाली गोल्फर ही दो दौर के बाद कट हासिल कर पाएंगी।

अश्विन भारत के महानतम मैच विनर में से एक

- जायसवाल में गजब की परिपक्वता : म्हाम्ब्रे

रोसीयू। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने रविचंद्रन अश्विन को भारत के महानतम मैच विनर में से एक बताया। उन्होंने पहले ही टेस्ट में 171 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल की परिपक्वता की भी तारीफ की। अश्विन ने 131 रन देकर 12 विकेट लिए।भारत ने पहला टेस्ट एक पारी और 141 रन से जीता। म्हाम्ब्रे ने मैच के बाद कहा , पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाना जरूरी था जो हमने बनाया। इससे गेंदबाजों को मदद मिली। अश्विन और जडेजा ने कमाल की गेंदबाजी की। ड्रेसिंग रूम में हम गेंदबाज के प्रदर्शन की अहमियत समझते हैं। मेरे हिसाब से अश्विन देश के महानतम मैच विनर में से एक है।उसने हमारे लिए कई मैच जीते हैं और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं 171 रन बनाने वाले जायसवाल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा , उसने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह शानदार थी। अपने पहले ही टेस्ट में कठिन विकेट पर शतक जमाना जिस पर स्ट्रोक्स खेलना भी आसान नहीं था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसी की जरूरत है। अलग अलग हालात के अनुसार खुद को ढालना और टीम की जरूरत के अनुसार प्रदर्शन करना। यह देखकर काफी अच्छा लगा। इस प्रदर्शन से आगे उसका भी आत्मविश्वास बढेगा। शुरूआत अच्छी रही है।मुझे लगा नहीं था कि इतनी आसान जीत मिलेगी। इससे आगे के मैचों में मदद मिलेगी। मौजूदा कैरेबियाई टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती लेकिन म्हाम्ब्रे ने कैरेबियाई टीम को हलके में लेने से इनकार किया। ये सब बाहरी आवाजें हैं।ड्रेसिंग रूम में ऐसी कोई बात नहीं होती। हम यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और उसका सर्वोच्च प्रारूप टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। इससे बड़ी प्रेरणा क्या हो सकती है।

गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन चिंता का सबब , बुमराह की कमी खल रही है : म्हाम्ब्रे

रोसीयू। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने स्वीकार किया है कि गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन टीम प्रबंधन के लिए चिंता का सबब है , खासकर इस वर्ष के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए। पिछले कुछ समय मे तेज गेंदबाजों के लगातार चोटिल होने के बाद टीम प्रबंधन इस पर विशेष तौर पर काम कर रहा है। भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी खली है और टीम के भीतर गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन पर लगातार बात होती रही है। गेंदबाजो की चोटें और कार्यभार प्रबंधन चिंता का सबब है। पिछले डेढ़ साल मे हमें बुमराह की कमी खूब खली। हमने यह तय नही किया है कि सफेद गेंद के प्रारूप मे कौन खेलेगा और लाल गेंद मे कौन लेकिन गेंदबाजों को विश्राम देने की जरूरत है। इससे हमें बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने का भी मौका मिलता है। हमें गेंदबाजों की फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन का ख्याल रखना होगा। बुमराह सितंबर 2022 के बाद से कमर की चोट के कारण टीम से बाहर है। उन्होंने इस साल मार्च में आपरेशन कराया है।

स्कोरबोर्ड

वेस्टइंडीज पहली पारी : 150 रन, भारत पहली पारी : पांच विकेट पर 421 रन (घोषित),वेस्टइंडीज दूसरी पारी :ब्रेथवेट का रहाणे बो अश्विन 7,चंद्रपॉल पगबाधा बो जडेजा 7,रीफर पगबाधा बो जडेजा 11, ब्लैकवुड पगबाधा बो अश्विन 5, अथानाजे का गिल बो अश्विन 28,डासिल्वा पगबाधा बो सिराज 13, होल्डर नाबाद 20, जोसेफ का गिल बो अश्विन 13,कॉर्नवाल का गिल बो अश्विन 4, रोच बो अश्विन 0, वारिकन पगबाधा बो अश्विन 18, **अतिरिक्त** : चार रन, कुल योग : 50.3 ओवर में 130 रन, **विकेट पतन** : 1-8, 2-22, 3-32, 4-32, 5-58, 6 -78, 7-100, 8-108, 9-108, **गेंदबाजी** : सिराज 6-1 -16-1, उनादकट 2-1-1- 0, अश्विन 21.3-7-71-7, जडेजा 21-5-38-2

वेस्टइंडीज दूसरी पारी : (चाय ब्रेक तक) ब्रेथवेट का रहाणे बो अश्विन 7,चंद्रपॉल पगबाधा बो जडेजा 7, रीफर नाबाद 7, ब्लैकवुड नाबाद 4, **अतिरिक्त** : दो रन, कुल योग : 19 ओवर में दो विकेट पर 27 रन, **विकेट पतन** :1-8, 2-22, **गेंदबाजी** : सिराज 2-1-2 -0,उनादकट 2-1-1- 0,अश्विन 8-4 -14-1, जडेजा 7 -3- 8 -1

पंचाल की उम्दा पारी, पश्चिम की उम्मीदें जगी

- दलीप ट्रॉफी फाइनल : दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों का डटकर सामना किया

भाषा। बेंगलुरु

प्रियांक पंचाल (नाबाद 92 रन) की जुझारू पारी से पश्चिम क्षेत्र ने शनिवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन 298 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों का डटकर सामना किया और स्टंप तक पांच विकेट पर 182 रन बना लिए। पश्चिम क्षेत्र को अपना खिताब बरकरार रखने के लिए अब भी 116 रन की दरकार है जिससे अंतिम दिन रोमांचक हो गया है। दक्षिण क्षेत्र ने सुबह सात विकेट पर 181 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया जिसके बाद टीम दूसरी पारी में 230 रन पर सिमट गई जिसमें बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने पांच विकेट झटके। लेकिन दिन के खिलाड़ी पश्चिम क्षेत्र के कप्तान पंचाल रहे जिन्होंने 205 गेंद में अभी तक नाबाद 92 रन की पारी के दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 8000 रन पूरे किए और पश्चिम क्षेत्र की उम्मीदें जीवंत रखीं। पंचाल और सरफराज खान (48 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 98 रन जोड़कर लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए। पंचाल पिछले कुछ सत्र से बेहतरीन घरेलू बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं और उन्होंने अपने इसी अनुभव का फायदा उठाते हुए 315 मिनट तक दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाए। गुजरात के इस बल्लेबाज और चेतेश्वर पुजारा (15 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 125 गेंद में 57 रन की साझेदारी कर पश्चिम क्षेत्र की जुझारू जज्बे की झलक दिखाई। पर तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने पुजारा की पारी समाप्त कर इस भागीदारी को और आगे नहीं बढ़ने दिया। सूर्यकुमार यादव (04 रन) का इस दलीप ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा, वह फिर से कम स्कोर पर आउट हो गए। पश्चिम क्षेत्र का स्कोर चार विकेट पर 79 रन हो गया था और टीम को मजबूत भागीदारी की दरकार थी। पंचाल और सरफराज ने इसकी कमी पूरी करते हुए 126 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए 157 गेंद खेलीं जिससे पश्चिम क्षेत्र ने एक समय असंभव लग रही जीत का सपना देखना शुरू कर दिया। सरफराज इस दौरान भाग्यशाली रहे और आउट होने से बचे।

श्रीशंकर ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

- एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप
- 4गुणा 400 मी मिश्रित रिले टीम का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

भाषा। बैंकॉक

भारत के लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर शनिवार को एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 8.37 मीटर के अपने करियर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बन गए। श्रीशंकर (24 वर्ष) ने अपने अंतिम राउंड की 8.37 मीटर की कूद से ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के लिए मानक 8.27 मीटर का है और क्वालीफिकेशन समय एक जुलाई से शुरु हुआ। चीनी ताइपे के यु टांग लिन ने चौथे राउंड में 8.40 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक जीता जो इस सत्र में विश्व का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास था।

राजेश रमेश, ऐश्वर्या मिश्रा, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन की भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी ने तीन मिनट 14.70 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया जबकि सर्वेश अनिल कुशारे और स्वप्ना बर्मन ने क्रमश: पुरुषों की उंची कूद और हेप्टाथलॉन में रजत पदक जीते। भारतीय एथलीट संतोष कुमार ने पुरुष वर्ग की 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में 49.09 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ समय से दिन का एकमात्र कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने अभी तक 14 पदक जीत लिए हैं जिसमें छह स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। शनिवार को देश ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता। चार 20 किमी पैदल चाल के एथलीट आकाशदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट (पुरुष वर्ग) और प्रियंका गोस्वामी (महिला वर्ग) ने पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। लेकिन यह पैदल चाल ओलंपिक में सड़क पर कराई जाएगी। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन समय 10,000 मीटर, संयुक्त स्पर्धा (डेकाथलॉन और हेप्टाथलॉन), पैदल चाल और रिले 31 दिसंबर 2022 से 30 जून 2024 तक है जबकि मैराथन रेस के लिए यह समयसीमा एक नवंबर 2022 से 30 अप्रैल 2024 तक है। अन्य स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाइंग समय एक जुलाई 2023 से 30 जून 2024 तक है। श्रीशंकर अपने दूसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। वह तोक्यो ओलंपिक में क्वालीफिकेशन राउंड में बाहर हो गए थे। श्रीशंकर यहां स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदार थे। वह 8.12 मीटर की तीसरी कूद से सबसे आगे चल रहे थे लेकिन चीनी ताइपे के प्रतिद्वंद्वी ने चौथे राउंड में 8.40 मीटर की कूद लगाकर बढ़त बनाई। उन्होंने वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, मैं राहत महसूस कर रहा हूं क्योंकि मैंने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

सिंधू हारी, लक्ष्य अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में

भाषा। काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू सीधे गेम में हारकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई जबकि लक्ष्य सेन अंतिम चार में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सिंधू को चीन की गाओ फांस जि ने 22-20, 21-13 से हराया। वहीं लक्ष्य ने भारत के ही शंकर मुथुसामी सुब्रहण्यन को 21-10, 21-17 से मात दी। लक्ष्य का सामना सेमीफाइनल में चीन के लि शि फेंग से होगा जिनके खिलाफ उनका जीत हार का रिकॉर्ड 5-3 का है। सिंधू को 36वीं रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी ने काफी परेशान किया। पहले गेम में सिंधू लंबी रेलियां नहीं लगा सकी। दूसरे गेम में फांग जि ने सिंधू को स्वाभाविक खेल खेलने ही नहीं दिया। वहीं पुरूष एकल में लक्ष्य ने चेन्नई के 19 वर्ष के शंकर को आसानी से मात दी। उन्होंने 42 रेलियां लगाई जबकि शंकर 27 ही लगा सका। मुकाबला 38 मिनट तक चला।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को वनडे के लिए बेहतर विकेट मिलने की उम्मीद

भाषा। मीरपुर

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला बल्लेबाजी के लिए बेहतर विकेट पर खेली जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा कि वनडे टी20 की तुलना में अलग तरह का खेल है और उसमें बल्लेबाजों को मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा स्कोर बनाने के लिए धैर्य बरतना होता है। हरमनप्रीत ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, हम जहां भी जाते हैं वहां अच्छे और दोनों टीम के लिए अनुकूल विकेट पर खेलना चाहते हैं लेकिन जितना मुझे पता है कल फिर से हमें उसी पिच पर खेलना होगा। उम्मीद है कि अंतिम दो मैचों में हमें बल्लेबाजी के लिए बेहतर विकेट मिलेगा। एशियाई परिस्थितियों में विकेट धीमा हो सकता है। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें रन बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और हम इसके लिए तैयार हैं। बांग्लादेश श्रृंखला जीत सकती थी लेकिन दूसरे टी20 मैच में उसकी टीम 96 रन के लक्ष्य तक भी नहीं पहुंच पाई थी। बांग्लादेश ने तीसरे मैच में जीत दर्ज की जिससे उसकी टीम का मनोबल बढ़ा होगा। हरमनप्रीत को छोड़कर भारतीय टीम में लंबे शॉट खेलने वाली कोई खिलाड़ी नहीं है जिसका उसे टी20 श्रृंखला में खामियाजा भुगतना पड़ा। स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे खिलाड़ियों को वनडे में अपनी पारी संवारने के लिए अधिक समय मिलेगा। युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की फॉर्म पिछले कुछ समय से चिंता का विषय है और वह अच्छा प्रदर्शन करके अपने आलोचकों का मुंह बंद करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश ने वनडे श्रृंखला के लिए शमीम अख्तर को टीम में शामिल किया है। उनके अलावा शोर्ना अख्तर, मारूफा अख्तर और सलमा खातून को भी टीम में लिया गया है।

मोआ के भारोत्तोलक ओपेलोग ने रिकॉर्ड तोड़े

भारत के हरचरण ने जीता रजत

भाषा। ग्रेटर नोएडा

समोआ के डॉन ओपेलोग ने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप मे रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। डॉन ओपेलोग ने पुरुषों की 102 किग्रा स्पर्धा मे स्नैच (172 किग्रा), क्लीन एवं जर्क (207 किग्रा) और कुल वजन वजर्ग (379 किग्रा) मे राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड बनाए। इस 24 साल के भारोत्तोलक ने भारत के हरचरण सिंह को 44 किग्रा वजन से पीछे छोड़ा। हरचरण ने कुल 335 किग्रा (152 किग्रा, 183 किग्रा) के प्रयास से रजत पदक जीता। आस्ट्रेलिया के लियोन वोगेलेर श्मिड ने 333 किग्रा (150 किग्रा,1183 किग्रा) का भार उठाकर कांस्य पदक जीता। हरचरण ने कहा, मेरा आज का प्रदर्शन अच्छा था। डॉन ने इतने सारे रिकॉर्ड बनाए और मुझे बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। भारत का सीनियर स्पर्धा मे दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक वंशिता वर्मा ने महिलाओं के 81 किग्रा वर्ग में जीता।

अल्टीमेट टेटः गोवा चैलेंजर्स ने दबंग दिल्ली को हराया

पुणे। हरमीत देसाई के शानदार प्रदर्शन से गोवा चैलेंजर्स ने शनिवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस मे दबंग दिल्ली पर 10-5 से शानदार जीत दर्ज की।गोवा की जीत के नायक हरमीत रहे। उन्होंने जी साथियान के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले मे 3-0 से जीत दर्ज करने के बाद मिश्रित युगल मे भी जीत हासिल की। उन्होंने पहले चौथे मैच मे साथियान को हराया और फिर अपनी टीम को 8-4 से अजेय बढ़त दिलाई। हरमीत और साथियान के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला।